लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -98, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जूना अखाड़े की अनूठी पहल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



www.amritvichar.com

आज का मौसम | 42.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 28 | सूर्यास्त 18 : 43 | लखनऊ, रविवार, 5 मई 2024

वेट्टैयन में दिखेगी अमिताभ-रजनीकांत की जोड़ी...- 15

पुंछ में सुरक्षाबलों के काफिले पर आतंकी हमला, एक जवान बलिदान

सुरनकोट इलाके में घात लगाकर किए गए हमले में चार जवान घायल, अस्पताल में भर्ती

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने वायुसेना के एक काफिले पर घात लगाकर हमला किया जिससे एक जवान बलिदान हो गया और चार अन्य सैनिक घायल हो गए। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को होने वाले मतदान से तीन सप्ताह पहले यह घटना हुई है। अधिकारियों ने कहा कि शाम को पुंछ के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर जा रहे वायुसेना के वाहनों पर चार आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए जिनमें से दो की हालत गंभीर थी। गंभीर रूप से घायल सैनिकों में से एक ने बाद में इलाज के दौरान एक सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शाहसितार के पास आतंकवादियों ने वायु सेना के वाहनों के काफिले पर हमला किया। स्थानीय सैन्य इकाइयों द्वारा क्षेत्र में फिलहाल घेराबंदी और तलाशी अभियान जारी है।

आतंकी हमले के बाद क्षेत्र में सघन तलाशी करता सुरक्षा बल।

- सनई टॉप की ओर जा रहे वायुसेना के वाहनों पर चार आतंकवादियों ने की गोलीबारी
- हमले के बाद सेना ने की इलाके की घेराबंदी, आतंकवादियों की तलाश जारी

वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि काफिले को सुरक्षित कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। वायुसेना ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में, वायुसैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की। आतंकी हमला शाम करीब सवा छह बजे हुआ जब जवान जारनवाली से वायुसेना के अड्डे पर लौट रहे थे। अधिकारियों को आतंकवादियों के उसी समूह की संलिप्तता का संदेह है, जिसने पिछले साल 21 दिसंबर को पास के बुफलियाज में सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया था जिसमें चार जवान बलिदान हो गए थे और तीन अन्य घायल हो गए थे।

वायुसेना के काफिले में शामिल ट्रकों में से एक के 'विंडस्क्रीन' और बगल में कई गोलियां लगीं। अधिकारियों ने कहा कि माना जाता है कि एके असॉल्ट राइफलों से लैस आतंकवादी पास के जंगलों में भाग गए हैं।

30 महीनों में 21 जवान हुए बलिदान

पुंछ में पिछले ढाई वर्ष में आतंकियों की ओर से हमले की यह छठी घटना है। 2021 से शुरु हुई घटनाओं में अब तक 21 जवान बलिदान हो गए हैं। इन घटनाओं में कई जवान घायल भी हुए हैं।

- 11 अक्टूबर 2021 : चमरेड इलाके में घात लगाकर जवानों पर हमला, जेसीओ समेत पांच बलिदान।
- 20 अक्टूबर 2021 : भाटादूड़िया में सर्च ऑपरेशन के दौरान हमले में छह जवान बलिदान। डेढ़ माह तक जम्मू-पुंछ हाईवे को बंद कर चलाया गया तलाशी अभियान
- 20 अप्रैल 2023 : भाटादूड़िया इलाके में सैन्य वाहन को घेरकर पहले ग्रेनेड से हमला, फिर गोलाबारी, पांच जवान बलिदान
- 21 दिसंबर 2023 : बुफलियाज में घात लगाकर सैन्य वाहनों में किए गए हमले में चार जवान बलिदान, तीन घायल
- 12 जनवरी 2024 : कृष्णाघाटी के दराती में सैन्य वाहनों पर फायरिंग, नुकसान नहीं
- 04 मई 2024 : सनाई टॉप के पास सैन्य वाहनों पर हमला, एक जवान बलिदान, चार घायल

लवली, चौहान समेत दिल्ली कांग्रेस के कई नेता भाजपा में

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व विधायक नसीब सिंह, नीरज बसोया ने भी ली सदस्यता

दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नीरज बसोया तथा नसीब सिंह सहित कुछ अन्य नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में कांग्रेस के सभी पूर्व नेताओं ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ विपक्षी पार्टी के गठबंधन की आलोचना की।

लवली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उन्होंने उन्हें और उनके सहयोगियों को ऐसे समय पार्टी में शामिल होने का अवसर दिया जब वे खोया हुआ महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी मौजूदा लोकसभा चुनाव में बड़े बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखेंगे। लवली ने हाल ही में आम आदमी पार्टी के साथ पार्टी के गठबंधन का विरोध करते हुए दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

सरकार ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाया

नई दिल्ली। सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया, लेकिन साथ ही न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन तय किया है। इस फैसले से महाराष्ट्र सहित प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में किसानों के एक बड़े वर्ग की आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

- न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय

सरकार ने न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन (लगभग 46 रुपये प्रति किलोग्राम) और साथ ही 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया है।

52 मिनट का रोड शो कर लोकसभा चुनाव के लिए जगा गए लोगों में उत्साह

कानपुर में 'नमो उत्सव' से माहौल बना गए पीएम मोदी

- सीएम योगी आदित्यनाथ, कानपुर और अकबरपुर के प्रत्याशी रथ पर रहे साथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम को कानपुर में भव्य रोड शो करके मतदाताओं के बीच चुनावी माहौल बना गए। भारी भीड़ के बीच गुमटी गुरुद्वारे पर माथा टेककर शुरू हुए रोड शो के दौरान मोदी-मोदी और नमो-नमो की गूंज रही। बिना बोले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 52 मिनट तक भीड़ को बांधे रखा। क्या बच्चे, क्या बड़े, क्या बुजुर्ग और महिलाएं, सब जोश से लबरेज रहे। आसपास के जिलों से भी भीड़ आई। रोड शो के रथ पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कानपुर नगर प्रत्याशी रमेश अवस्थी, अकबरपुर प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले और पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी भी रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष विमान चकेरी एयरपोर्ट पर शाम 5.45 बजे पहुंचा। यहां विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व भाजपा विधायकों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनकी फ्लीट 5.47 पर एयरपोर्ट से निकली। मोदी शाम करीब 6.18 मिनट पर गुमटी गुरुद्वारा पहुंचे जहां मुख्यमंत्री योगी और गुमटी गुरुद्वारा कमेटी ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा में माथा टेका।

कानपुर नगर के गुमटी में आयोजित रोडशो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● अमृत विचार

अयोध्या में दो किमी लंबा रोड शो आज

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या आएंगे। शाम चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से सीधे श्रीराम मंदिर पहुंचेंगे। वहां रामलला का दर्शन-पूजन कर रामपथ पर उतरेंगे। इसके बाद सुग्रीव किला से लता चौक तक लगभग दो किमी तक रोड शो कर फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए जनता का समर्थन मांगेंगे।

छात्रों को फिर पढ़ाएंगे रिटायर्ड शिक्षक

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने का फार्मूला
- शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पढ़ाने पर भी जोर

अमृत विचार : राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए अब माध्यमिक शिक्षा विभाग सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा लेगा। इन शिक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया जुलाई माह में पूरी होगी।

विभाग की ओर से ऐसे शिक्षकों को एक निर्धारित मानदेय भी दिया जाएगा। इस संबंध में विभाग की ओर से उच्च स्तरीय बैठक भी की जा चुकी है।

जिसमें राजकीय कॉलेजों से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों की सेवा लिए जाने का निर्णय हुआ है। औपचारिक घोषणा आचार संहिता समाप्त होते ही की जाएगी। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जब तक आयोग की ओर से नए शिक्षकों की भर्ती नहीं हो जाती है तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा जारी रहेगी। बता दें कि 2024 के परीक्षा परिणाम राजकीय कॉलेजों से एक भी टॉपर न आने का मुद्दा अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था।

मुख्यमंत्री योगी भी बता चुके हैं विकल्प

बीते वर्ष अक्टूबर माह में आयोग की ओर से चयनित प्रधानाचार्यों को नियुक्त पत्र देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने भी माध्यमिक शिक्षा विभाग को सुझाव देते हुए कहा था कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए, तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवाएं ली जाएं और उन्हें एक निश्चित मानदेय दिया जाए।

राजकीय कॉलेजों में सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवाएं ली जाएंगी। पूरी प्रक्रिया जुलाई माह में पूरी होगी। इसके साथ ही कॉलेजों में एक घंटा अतिरिक्त भी पढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए हैं ताकि शैक्षिक सत्र 2024-25 की परीक्षा में परिणाम बेहतर आए। -**डॉ. महेन्द्र देव**, निदेशक माध्यमिक शिक्षा।

अपहरण मामले में हिरासत में लिए गए रेवन्ना

बेंगलुरु। अपहरण के एक मामले में यहां की एक अदालत ने कर्नाटक जद (एस) के विधायक एचडी. रेवन्ना की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद शनिवार को विशेष जांच दल के अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पूर्व मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे रेवन्ना और उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना के खिलाफ एक महिला के अपहरण के आरोप में गुरुवार रात मैसूरु में मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि रेवन्ना के बेटे और हासन से भाजपा-जद(एस) उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना ने महिला का यौन शोषण किया था।

एक नजर

अब पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी का चुनाव लड़ने से इनकार

भुवनेश्वर। ओडिशा में पुरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है और पार्टी से वित्तीय मदद न मिलने का आरोप लगाते हुए पार्टी को टिकट लौटा दिया। कांग्रेस के पूर्व सांसद ब्रजमोहन मोहंती की बेटी सुचरिता ने शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल को एक ईमेल भेजा, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनका प्रचार अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने वित्तीय मदद देने से इनकार कर दिया है।

एअर इंडिया विमान में रख सकते हैं 15 किग्रा सामान

नई दिल्ली। घाटे में चल रही एअर इंडिया ने घरेलू उड़ानों पर न्यूनतम किराए वाली श्रेणी में एक यात्री के लिए केबिन में रखने के लिए सामान का न्यूनतम वजन 20 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने कहा कि सभी के लिए एक आकार का नजरिया अब आदर्श नहीं है। कंफर्ट और कंफर्ट प्लस श्रेणियों के तहत 2 मई से निशुल्क केबिन बैगेज सुविधा को 20 किग्रा और 25 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है। इससे पहले घरेलू उड़ानों में यात्रियों को 25 किलोग्राम केबिन सामान बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के ले जाने की अनुमति थी।

मोदी शहंशाह हैं, जनता से उन्हें मतलब नहीं : प्रियंका

लखानी (गुजरात), एजेंसी

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने भाई राहुल गांधी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'शहजादा' तंज पर शनिवार को पलटवार करते हुए उन्हें (मोदी को) 'शहंशाह' बताया, जो महल में रहते हैं और जनता से कटे हुए हैं। कांग्रेस महासचिव अपनी पार्टी की उम्मीदवार गेनीबेन ठाकोर के प्रचार के लिए गुजरात के बनासकांठा लोकसभा क्षेत्र के लखानी में एक रैली को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने मोदी पर सत्ता के लिए गुजरात के लोगों का इस्तेमाल करने और फिर उन्हें भूल जाने का भी आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा कि वह मेरे भाई को शहजादा कहते हैं। मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि यह शहजादे आपकी समस्याएं सुनने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर तक चले, किसानों और मजदूरों से मिले तथा उनसे पूछा कि हम उनकी समस्याओं का कैसे समाधान कर सकते हैं।

- राहुल गांधी के लिए मोदी के शहजादा तंज पर किया पलटवार

शहर के 53 केंद्रों पर नीट की परीक्षा आज

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के 53 केंद्रों पर रविवार को नीट की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने वाले 35,200 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। परीक्षा दोपहर 2 से 5:20 बजे तक होगी। केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। सिटी कॉर्डिनेटर अवनी कमल ने बताया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश दिया जाएगा। निगरानी के लिए प्रत्येक केंद्र पर एक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर 11 बजे से प्रवेश दिया जाएगा। 1:30 बजे के बाद किसी भी स्थिति में परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दियाजाएगा

यूपीसीए के अध्यक्ष व इकाना स्टेडियम के मैनेजर को लोकायुक्त का नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वर्ल्ड कप के मैच में टिकट की बिक्री, इकाना स्टेडियम में खानपान, पार्किंग के टेंडर की गड़बड़ी की शिकायत पर दिया गया नोटिस

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, सीईओ अंकित चटर्जी, ट्रेजरार प्रेम मनोहर गुप्ता के साथ इकाना स्टेडियम के मैनेजर गौरव सिंह को लोकायुक्त का नोटिस दिया गया है। लोकायुक्त ने यूपीसीए के पदाधिकारी और इकाना के मैनेजर गौरव सिंह से पांच साल में खुद ही आय के साथ पूरे परिवार की आय का पूरा ब्यौरा मांगा।

इकाना स्टेडियम में हुए वर्ल्ड कप मैच, आईपीएल मैच में वेंडर्स के चयन और उनको किए गए भुगतान की बड़े पैमाने पर कमीशन खोरी का मामला बताया जा रहा है। पार्किंग, इंटरनेट, खानपान, सिक्योरिटी आदि कामों में बड़े पैमाने पर वसूली कर भ्रष्टाचार करने की शिकायत की गई है। इकाना स्टेडियम में हुए हर मैच में सभी काम एक ही वेंडर को देकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। लोकायुक्त से की गई शिकायत में वर्ल्ड कप के मैच में वेंडर्स के चयन की प्रक्रिया और उनको किए गए भुगतान की जांच की मांग की गई है। शिकायत की गई है कि इकाना स्टेडियम के मैनेजर गौरव सिंह सहित सभी लोगों की आय से अधिक संपत्ति की जांच विजिलेंस से कराई जाए। लोकायुक्त ने यूपीसीए के अध्यक्ष इकाना स्टेडियम के मैनेजर गौरव सिंह सहितत सभी चार लोगों को भेजा नोटिस भेजा। इन सभी लोगों से 29 मई तक जवाब देने कोकहा गया है।

किसान आंदोलन ने बढ़ाई ट्रेनों की लेटलतीफी

अमृत विचार, लखनऊ : पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसान आंदोलन के चलते ट्रेनों का संचालन पटरी से उतर गया है। इसके चलते ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जा रहा है। ऐसे में लखनऊ आने वाली कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंच रही है और इसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। ट्रेन नंबर 01431 पुणे-गोरखपुर स्पेशल 17 घंटे की देरी से लखनऊ पहुंची। ट्रेन में मौजूद यात्री खासे परेशान दिखे। इसी तरह से ट्रेन नंबर 12238 जम्मूतवी-वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस 7 घंटे की देरी से आई। ट्रेन नंबर 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस 8:30 घंट की देरी से पहुंची। इसके अलावा ट्रेन नंबर 13006 अमृतसर-हावड़ा पंजाब मेल 3 घंटे, ट्रेन नंबर 15654 जम्मूतवी-गुवाहाटी अमरनाथ एक्सप्रेस 10 घंटे, ट्रेन नंबर 05326 एलटीटी-गोरखपुर स्पेशल 11:30 घंटे की देरी से पहुंची।

- 17 घंटे की देरी से आ रही हैं ट्रेनें

भाजपा-सपा प्रत्याशी की हार जीत पर लगी दो लाख की शर्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दो अधिवक्ताओं ने 10 रुपये के स्टांप पर किया अनुबंध

अमृत विचार : एक तरफ भाजपा और सपा प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दम भर रहे हैं। लोग मौखिक रूप से हार-जीत पर शर्त लगा रहे हैं लेकिन अब दो अधिवक्ताओं ने लिखित में सपा और भाजपा प्रत्याशी की जीत को लेकर अनुबंध हुआ है। हार-जीत पर दो लाख रुपये की शर्त रखी गई है। जिसका अनुबंध पत्र सोशल साइट्स पर वायरल भी हुआ है।

भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य और सपा प्रत्याशी आदित्य यादव की हार-जीत को लेकर कस्बा उझानी के मोहल्ला गौतमपुरी निवासी अधिवक्ता दिवाकर वर्मा पुत्र कृष्ण गोपाल उर्फ टिल्लन वर्मा और गांव बरामालदेव निवासी अधिवक्ता सतेंद्र पाल पुत्र कल्यान सिंह के बीच शनिवार को दो लाख रुपये की शर्त लगी है। दस रुपये के स्टांप पर अनुबंध पत्र तैयार किया गया है। अनुबंध पत्र में लिखा गया कि भाजपा प्रत्याशी के जीतने पर सतेंद्र पाल दिवाकर वर्मा को दो लाख रुपये देंगे। अगर सपा प्रत्याशी आदित्य यादव जीतते हैं तो दिवाकर वर्मा परिणाम घोषित होने के 15 दिन के भीतर दो लाख सतेंद्र पाल को देंगे। अनुबंध पत्र के दो गवाह अधिवक्ता पवन कुमार और विश्वनाथ मौर्य हैं। अनुबंध पत्र में लिखा है कि अगर चुनाव में किसी भी प्रकार की धांधलीबाजी होती है तो अनुबंध पत्र खुद ही निरस्त मान लिया जाएगा।

हेराफेरी | व्यापारी खरीदते गेहूं, धान, मक्का समेत अन्य शुल्क के उत्पाद, दर्शाते शुल्क मुक्त

चोकर और राजमा के नाम करोड़ों रुपये का मंडी शुल्क चोरी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- चोकर, राजमा, फल, सब्जी आदि कृषि उत्पाद में नहीं लगता मंडी शुल्क और जीएसटी

अमृत विचार : प्रदेश में मंडी के लाइसेंसधारी व्यापारियों द्वारा जमा किया जा रहा मंडी शुल्क, विकास सेस व जीएसटी में बड़ा अंतर है। इस तरह से करीब 300 करोड़ रुपये मंडी शुल्क और विकास सेस चोरी होने की आशंका है।

मंडी परिषद ने व्यापारियों के मंडी और जीएसटी के आंकड़ों का मिलान कराने के लिए राज्य कर विभाग को पत्र लिखा है। कई मामले मंडी अधिकारियों ने पकड़े हैं, जिनमें व्यापारियों ने गेहूं, मक्का, धान आदि शुल्क आधारित कृषि उत्पाद खरीदे, जबकि कागजी प्रक्रिया में चोकर, राजमा समेत कई तरह के शुल्क मुक्त उत्पाद दिखाए। इस हेराफेरी में ऐसे भी कुछ कृषि उत्पाद शामिल बताए गए, जो मंडी और विकास शुल्क से मुक्त हैं पर जीएसटी लागू है। इसका भी व्यापारी फायदा उठाकर खरीद में ऐसे उत्पाद दिखाकर मंडी और विकास शुल्क बचाकर सिर्फ जीएसटी भर रहे हैं। इसी तरह जीएसटी भी बचा रहे हैं।

फल, सब्जी, गल्ला समेत 81 उत्पाद पर शुल्क

फल, सब्जी व गल्ला समेत 81 कृषि उत्पाद पर कुल डेढ़ प्रतिशत मंडी व विकास शुल्क लागू है। इनमें आलू, प्याज, टमाटर, नीबू, लहसुन, अदरक को छोड़कर बाकी सब्जी व फल शुल्क मुक्त हैं। जीएसटी से भी सभी सब्जी व फल मुक्त हैं। इसी तरह धान, चावल, ज्वार, बाजारा, मक्का, गेहूं, उड़द, जौ, जई, मूंग, चना, मटर, अरहर, मसूर, मूंगफली, तिल, सोयाबीन, अलसी, लाही-सरसों आदि पर मंडी व विकास शुल्क देय है। इनमें शामिल दलन और तिलहन में जीएसटी लागू है।

व्यापारियों द्वारा भरे जा रहे मंडी शुल्क और जीएसटी में अंतर से बड़े पैमाने पर शुल्क बचाने की आशंका है। राज्य कर विभाग को आंकड़ों का मिलान करने के लिए लिखा है। चुनाव बाद जांच करेंगे और गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
- **चंदन कुमार पटेल**, उपनिदेशक प्रशासन/विपणन, मुख्यालय मंडी परिषद

मंडी परिषद कई बार मांग चुका आंकड़ा

मंडी परिषद हर वर्ष करोड़ों रुपये मंडी और विकास शुल्क चोरी होने की संभावना जताकर राज्य कर विभाग से व्यापारियों के जीएसटी संबंधित आंकड़े मांग रहा है। निदेशक की तरफ से कई बार पत्राचार किया गया। लेकिन, आंकड़ें गोपनीय बताकर नहीं दिए गए। इस बार मंडी और जीएसटी के आंकड़ों का मिलान कराने की सहमति बनी है और चुनाव जांच कर कार्रवाई की तैयारी है।

एक नजर

कांग्रेस के उप चुनाव प्रत्याशी ने शुरू किया जनसंपर्क

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस पार्टी से लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने अपने जनसंपर्क की शुरुआत इंदिरा नगर के पार्कों से की। इसके बाद सी ब्लॉक में ही डोर टू डोर जनसंपर्क करने के बाद राजीव नगर, हरिहर नगर, अवध विहार में मतदाताओं से मुलाकात की। पूर्वी विधानसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी डॉ आशीष दीक्षित ने बताया कि पूर्वी विधानसभा सीट से गठबंधन के प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता और लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रहे कामरेड अतुल कुमार अंजान की अंतिम यात्रा में शामिल हुए और भैसाकुंड पहुंचकर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

चुनाव को लेकर पेंशनरों की बैठक आज

अमृत विचार, लखनऊ : ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति, लखनऊ मंडल के अंतर्गत राष्ट्रीय, प्रादेशिक, जोनल एवं जनपदों के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक का आयोजन रविवार प्रात: 11 बजे एलडीए स्थित सीएमएस स्कूल गेट न.1 के सामने पार्क में स्थित मन्दिर हाल में किया गया है। बैठक में लोकसभा चुनाव में पेंशनर्स के हितों एवं लंबित मांगों को ध्यान में रखते हुए आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया जायेगा। यह जानकारी लखनऊ मंडल सचिव अशोक बाजपेयी ने दी।

राज्यपाल ने किया पुस्तक का विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन में विशेष सचिव नगर विकास विभाग डॉ दीपक कोहली की पुस्तक 'पर्यावरण और प्रौद्यौगिकी : नये क्षितिज' का लोकार्पण किया। इस मौके पर डॉ. कोहली ने बताया कि पुस्तक में पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक खेती, पर्यावरण अनुकूल कार्बन फार्मिंग, बहुआयामी जलवायु संकट, जैव ईंधन और हरित बांड जैसे समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई है, इसके साथ ही, कृषि प्रौद्योगिकी, स्वच्छ तकनीक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, डिजी यात्रा, साइबर जागरूकता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व क्वांटम प्रौद्योगिकी के नये आयामों को उजागर करने वाले लेखों का समावेश है।

बसपा नेत्री मीता गौतम को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराते पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, साथ में मौजूद पूर्व सांसद पीएल पुनिया। अमृत विचार

पूर्व बसपा विधायक मीता गौतम कांग्रेस में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्व बसपा विधायक मीता गौतम सैकड़ों समर्थक के साथ शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। उन्होंने बाराबंकी में कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया को समर्थन देने व उन्हें जिताने का संकल्प लिया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के समक्ष उन्होंने सदस्यता ग्रहण की।

मीता गौतम वर्ष 2007 में बसपा प्रत्याशी के तौर पर बाराबंकी की कुर्सी विधानसभा सीट से विधायक चुनी गई थीं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पीएल पुनिया को हराया था। पिछले दिनों उन्होंने बसपा से इस्तीफा दे दिया था और इस्तीफे की वजह निजी कारण बताया था। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश सह प्रभारी राजेश तिवारी, बाराबंकी से पूर्व सांसद पीएल पुनिया, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

53 प्रत्याशी करोड़पति, सपा की अन्नु टंडन सबसे अमीर

चौथा चरण : भाजपा के सभी प्रत्याशी करोड़पति, लखीमपुर खीरी में शून्य संपत्ति वाले प्रत्याशी भी मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : 18वीं लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 130 उम्मीदवारों में 53 प्रत्याशी करोड़पति हैं, खास बात है कि भाजपा के सभी 13 प्रत्याशी करोड़पति हैं, मगर सबसे ज्यादा धनवान 79 करोड़ की संपत्ति की मालकिन सपा की अन्नु टंडन है। वहीं इन करोड़पतियों के सामने खीरी में एक निर्धन महिला प्रत्याशी मुकाबला कर रही है। उप्र.इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के विश्लेषण के अनुसार चौथे चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 3.54 करोड़ है।

▸▸ कुल 130 प्रत्याशी मैदान में 36 पर आपराधिक मुकदमे

अन्नु टंडन

एडीआर के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया की 13 निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले चुनाव में 41 फीसदी प्रत्याशी करोड़पति हैं। जिसमें भाजपा के अलावा कांग्रेस के भी सभी यानी 100 प्रतिशत प्रत्याशी करोड़पति हैं, इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस के दो प्रत्याशी मैदान में हैं। इसके अलावा बसपा के 13 प्रत्याशियों में 10 करोड़पति हैं और सपा के 11 में 10 प्रत्याशी करोड़पति हैं।

उन्होंने बताया कि उन्नाव से सपा प्रत्याशी अन्नु टंडन के बाद कन्नौज प्रत्याशी सपा प्रमुख अखिलेश यादव की संपत्ति 42 करोड़ है। वहीं, कानपुर में कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा के पास संपत्ति लगभग 35 करोड़ के आसपास है। इसके अलावा खीरी में उप्र.रिपब्लिकन पार्टी की प्रत्याशी कुमारी पंचशिला आनंद के पास संपत्ति शून्य है।

17 उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले

एडीआर के संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि 130 उम्मीदवारों में से भाजपा के चार, बसपा के पांच, सपा के सात और कांग्रेस के दो, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से एक, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के दो कुल 36 उम्मीदवारों पर अपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 17 प्रत्याशी गंभीर धाराओं में आरोपित हैं। कानपुर में कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा पर पांच आपराधिक मामले दर्ज है, दूसरे नम्बर पर भाजपा में अकबरपुर सीट के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह अलियास के ऊपर 13 आपराधिक मामले दर्ज़ हैं। वहीं तीसरे नंबर पर श्याम किशोर अवस्थी जो बसपा से धौराहरा के उम्मीदवार हैं, पर 4 आपराधिक मामले पंजीकृत हैं।

85 प्रत्याशी उच्च शिक्षित और दो असाक्षर प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव

चौथे चरण में 130 में से 85 प्रत्याशी स्नातक और इससे ज्यादा, उच्च शिक्षित हैं। जबकि 37 उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के बीच तक शिक्षित हैं। एक प्रत्याशी डिप्लोमा धारक है, वहीं पांच साक्षर हैं तो दो प्रत्याशी असाक्षर भी हैं।

मात्र 16 महिला उम्मीदवार

चौथे चरण में अकबरपुर, बहराइच, धौराहरा, इटावा, फर्रूखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, खीरी, मिश्रिख, शहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव में मतदान होना है। इसमें लड़ रहे 130 प्रत्याशियों में मात्र 16 महिला उम्मीदवार हैं।

आज थम जाएगा लोस चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार

निर्वाचन आयोग ने दिए मतदान की तैयारी संबंधी निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों के चुनाव के लिए पांच मई की शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान की तैयारी के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद सभी दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान की समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राजनीतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक रहेगी। पीठासीन अधिकारी अपने फोन को साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे।

100 प्रत्याशी मैदान में

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें संभल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस चरण के निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद, संभल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली जिले में आते हैं।

नीरज सिंघल को आईआईए का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते उद्यमी।

आईआईए के दोबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए नीरज सिंघल

अमृत विचार, लखनऊ : इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल वर्ष 2024-25 में भी इसी पद पर बने रहेंगे। वह अप्रैल प्रथम सप्ताह से चल रही चुनाव प्रक्रिया में निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं।

आईआईए भवन, लखनऊ में शनिवार को चुनाव अधिकारी नवीन खन्ना के नेतृत्व में बैठक हुई। परिणाम घोषित करते हुए उन्होंने बताया कि आईआईए के 21 चयनित केंद्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्यों द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए नीरज सिंघल को आईआईए का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उनका यह दूसरा कार्यकाल है और आगामी 30 जून 2025 तक रहेगा। पिछले 20 सालों से संगठन में विभिन्न पदों पर कार्यरत, नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बताया कि आईआईए मिशन 'ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टुवड्र्स इंडस्ट्री 4.0 एंड 48' पर अपना कार्य जारी रखेगा। उद्यमियों की सुविधा के लिए देश-विदेश में नई मार्केट खोजी जाएंगी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक उत्पाद ले जाने के लिए बिल्ड भारत एक्सपो का आयोजन और आईआईए एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन सेंटर को मजबूत बनाया जायेगा। बैठक में कई राज्यों से लगभग 100 से अधिक आईआईए पदाधिकारियों व उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया।

बसपा के आकाश आनंद की चुनावी रैलियां रद

आचार संहिता उल्लंघन का मामला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सीतापुर में बसपा के आकाश आनंद के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज होने के बाद उनकी प्रस्तावित आगामी चुनावी रैलियां रद कर दी हैं। रैलियां बिना कारण बताए रद की गई हैं।

रैलियां रद होते ही आकाश आनंद चुनावी अभियान को छोड़कर दिल्ली चले गए हैं। पार्टी के लोगों का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने से आहत थे, इसी कारण वो चुनाव प्रचार से पीछे हट गए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने शनिवार को बताया कि आकाश आनंद के अन्य प्रांतों में भी चुनावी कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, साथ ही कई अन्य जिम्मेदारी भी हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए दिल्ली गए हैं।

टैक्स के धन से ही मिल रहा मुफ्त राशन : मायावती

अमृत विचार : बसपा सुप्रीमो मायावती ने मिलने वाले मुफ्त राशन को लेकर केन्द्र सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किये हैं। सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को मायावती ने कहा कि केन्द्र की थोड़ा फ्री राशन देकर वोट मांगने की चुनावी चाल की निंदा करती हूं। यह कोई उपकार नहीं बल्कि यह लोगों के टैक्स का ही धन है, जो जनता पर खर्च हो रहा है। जनमानस को आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे हथकंडों से सावधानी जरूरी है।

राजधानी स्थित कैंपल रोड निषाद राज मार्ग स्थित तिलक पैलेस में लोगों को संबोधित करते विधायक पंकज सिंह।

अटल के सपनों का शहर बना रहे राजनाथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पिछले दस वर्षों से लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों का शहर बनाने में लगे हैं। लखनऊ के सतत विकास के लिए 20 मई को राजनाथ सिंह के पक्ष में मतदान करें।

उक्त बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह ने नुक्कड़ सभाओं के दौरान कही। उन्होंने कैंपल रोड में वरिष्ठजनों के साथ, रकाबगंज और समाज मंदिर में क्षेत्रीय लोगों के साथ, इरम कॉलेज सेक्टर 3 इंदिरा नगर में प्रबुद्ध वर्ग के साथ, कुर्सी रोड महावीर इंटर कॉलेज में क्षेत्रीय लोगों के साथ, जानकीपुरम द्वितीय वार्ड में सेक्टर की में रावत समाज के साथ और सिकंदरपुर सेक्टर एच में जनसभा और रहीम नगर रामलीला मैदान में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी सरकार की उपलब्धियां, जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रमों में विधायक डॉ. नीरज बोरा, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, गिरीश गुप्ता, गोविंद पांडे, रमेश तूफानी आदि मौजूद रहे।

दूसरी ओर भाजपा नेता नीरज सिंह ने राजनाथ सिंह के पक्ष में चरण प्लाजा में व्यापारियों के साथ, हजरतगंज रामतीर्थ वार्ड के अंतर्गत जीपीओ सभागार में भारतीय टेलीकॉम इंप्लाइज यूनियन बीएसएनल संबंध भारतीय मजदूर संघ के साथ और खदरा चुंगी पर अल्पसंख्यक मोर्चा सम्मेलन को संबोधित किया।

▸▸ रक्षा मंत्री के पक्ष में मतदान करने की अपील की

कांग्रेस और सपा की होंगी संयुक्त रैलियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के राजनीतिक मैदान में दो लड़कों यानी राहुल और अखिलेश की जोड़ी जल्द रोड शो और जनसभा करती नजर आएगी। राज्य में सपा और कांग्रेस की साझा रैलियां करने के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। इनके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को इसके लिए तारीखें और स्थान तय करने को लेकर दोनों दलों के नेताओं के बीच बातचीत भी हुई है। शुरुआत में कन्नौज, कानपुर, बाराबंकी और लखनऊ में ऐसी रैलियां हो सकतीं हैं। कुछ सीटों पर बड़े नेताओं का प्रवास भी संभव है। इनमें बाराबंकी, इलाहाबाद, वाराणसी, अमेठी और रायबरेली शामिल हैं।

दरअसल, प्रत्याशियों की तरफ से आई मांग के मुताबिक रैलियों की संख्या, स्थानों और तारीखों का प्रस्ताव कांग्रेस ने सपा को भेजा है। सपा नेतृत्व तारीखों का अपने कार्यक्रम के मुताबिक आकलन कर रहा है और शीघ्र निर्णय सार्वजनिक किया जाएगा।

इसके बाद अखिलेश यादव, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी आदि की संयुक्त रैलियां एक साथ हो सकती हैं। इनके साथ आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मंच पर नजर आ सकती हैं। वहीं, प्रचार में शामिल होने वाले नेताओं में राज बब्बर, मल्लिकार्जुन खरगे और दीपेंद्र हुड्डा के नाम भी हैं। जबकि, सपा की तरफ से अखिलेश के अलावा, प्रो. राम गोपाल, शिवपाल और डिंपल के नाम हैं।

उप्र. चुनाव 2017 के दौरान कई प्रत्याशियों ने अखिलेश और राहुल की जोड़ी के चलते खासा समर्थन जुटाया था। हालांकि, सरकार बनाने लायक सीटें न आने के कारण यह गठजोड़ सफल नहीं हो पाया था।

▸▸ दोनों संगठनों के नेता कार्यक्रमों को दे रहे अंतिम रूप

▸▸ आप नेता संजय सिंह और केजरीवाल की पत्नी सुनीता भी होंगी शामिल

> संयुक्त प्रचार के लिए सपा नेतृत्व से वार्ता हो चुकी है। वहां से भी समय और स्थान पर सहमति बनने के बाद साझा प्रचार कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे।
> **– अविनाश पांडे, प्रभारी, उप्र. कांग्रेस**

> दोनों दलों की संयुक्त रैलियों के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। सपा प्रमुख की फाइनल स्वीकृति के बाद इसे शीघ्र सार्वजनिक किया जाएगा।
> **– राजेन्द्र चौधरी, मुख्य प्रवक्ता, सपा**

विवि ने लॉक किया फीस का डाटा, अब विभाग की बारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : छात्रवृत्ति योजना के तहत शिक्षण संस्थान फीस का डाटा लॉक नहीं कर पाए थे। पर समाज कल्याण विभाग की ओर से मौका मिलने के बाद विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी ने मास्टर डाटा लॉक कर दिया है। अब जिला समाज कल्याण अधिकारियों को सात मई तक डाटा मिलान कर अग्रसारित करना होगा।

बता दें कि अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की कक्षा दस से ऊपर की कक्षाओं और पाठ्यक्रमों की छात्रवृत्ति योजना के तहत डाटा लॉक न होने के कारण प्रदेश के 13,500 छात्र-छात्राओं की फीस फंस गई थी। विभाग ने विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी को डाटा लॉक करने के लिए दोबारा मौका देते हुए 30 अप्रैल से 3 मई तक के लिए पोर्टल खोला था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी ने डाटा लॉक कर दिया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी 7 मई तक डाटा सत्यापित कर अग्रसारित करेंगे। डाटा सही पाए जाने पर फीस की राशि खाते में हस्तांतरित की जाएगी। बता दें कि छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति स्तर से वेरीफाइड डाटा वाले छात्रों को 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार स्तर से और 60 प्रतिशत धनराशि भारत सरकार से सीधे बैंक खातों में भेजी जाती है।

▸▸ 13,500 छात्र-छात्राओं की फंस गई थी छात्रवृत्ति, फिर से खोला गया था पोर्टल

कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का कुनबा बढ़ता ही जा रहा है। शनिवार को हलवासिया कोर्ट में भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय में कई लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय विचारधारा और नीतियों से प्रभावित होकर दूसरों दलों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और संगठन के लोग शामिल हो रहे हैं। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से दादा मियां मजार के खादिम कारी रोशन अली, शंकर पूर्व प्रथम से राम अजय सिंह, शंकर पूर्व तृतीय से आलोक द्विवेदी, इस्माईल गंज तृतीय से पूर्व पार्षद रुद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कुमार, शैलेंद्र सोनकर सहित खादिम अब्बास, मोहम्मद हैदर आसिफ रजा आदि शामिल हुए। सभी को फटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया गया।

हज यात्रियों का टीकाकरण शुरू, पहली उड़ान 9 को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हज 2024 के तहत राजधानी के हज हाउस में शनिवार को हज यात्रियों के वैक्सीनेशन का काम शुरू कर दिया गया। 166 हज यात्रियों ने हज हाउस पहुंचकर वैक्सीनेशन कराया।

राज्य हज समिति ने हज यात्रियों को भेजे सन्देश में स्पष्ट कहा है कि हज पर जा रहे यात्री समय रहते अपनी मेडिकल जांच और टीकाकरण का काम पूरा कर लें, क्योंकि इसके अभाव में वे लखनऊ से मक्का-मदीना की उड़ान नहीं भर पाएंगे। जानकारी मिली है कि हज यात्री अपने साथ 47 किलो सामान ले जा सकते हैं। इसमें दो बैग में 20-20 किलो सामान रखा जायेगा और एक बैग में सात किलो सामान होगा, जिसे हज यात्री अपने साथ रख सकेगा। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हज की उड़ानें 9 मई को शुरू होकर 24 मई तक चलेंगी।

सख्ती अब तक की जांच में 29 गिरोह सक्रिय पाए गए, 196 आरोपी गिरफ्तार

ध्वस्त होगा प्रश्नपत्र आउट कराने वाला हर तंत्र

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : आरओ-एआरओ परीक्षा एवं सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्रों को आउट कराने वाले हर उस व्यक्ति तक एसटीएफ पहुंचेगी, जो आंशिक रूप से भी इस कड़ी में जुड़ा था। एसटीएफ का मुख्य उद्देश्य उस साहस को भी तोड़ना है, जो शिक्षा माफिया लगातार कर रहे हैं। दोनों परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल 196 आरोपियों को एसटीएफ और यूपी पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। सूचनाओं के संकलन में जो स्थिति नजर आ रही है, उससे यह लगता है कि यह संख्या 400 तक जा सकती है।

▸▸ आरओ-एआरओ परीक्षा व सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र आउट होने का मामला

बताया जा रहा है कि पूरे प्रदेश में सिर्फ परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक कराने में 29 गिरोह सक्रिय थे। एसटीएफ पूरे गिरोह का सफाया करने में जुटी है, ताकि भविष्य में परीक्षार्थियों के भविष्य से कोई खिलवाड़ न कर सके। एसटीएफ चीफ के मुताबिक, अब तक की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उससे लगता है कि फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह पर्चा आउट के कार्य को अंजाम दिया जा रहा था।

एसटीएफ द्वारा की गई कार्रवाइयों में 16 मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्त में आए हैं। जिला पुलिस की कार्रवाइयों पर गौर किया जाए तो यह संख्या 196 पहुंच गई है। एसटीएफ सिर्फ सजा दिलाने में नहीं लगी है, बल्कि इस कार्य में शामिल आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यही नहीं यह पता चलने पर कि आरोपियों द्वारा पर्चा आउट कराने पर अर्जित किए धन से संपत्तियां खरीदी गई हैं, वह संपत्ति भी कुर्क होगी। एसटीएफ मुख्यालय ने इसके लिए रणनीति तैयार कर ली है। आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए एसटीएफ न्यायालय में भी ढंग से पैरवी कर रही है।

बताया जा रहा है कि एसटीएफ के कई कार्मिक अभी भी आरोपियों की तलाशी और छापेमारी में जुटे हुए हैं।

> एक फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह पर्चा लीक कराने का कार्य किया जा रहा था। सॉल्वर के लिए अलग गिरोह, अभ्यर्थी लाने का अलग गिरोह, एडवांस लेने, अभ्यर्थियों को सूचित करने जैसे तमाम क्रम बने हुए थे। पर्चा लीक कराने में शामिल अंतिम व्यक्ति तक हम पहुंचेंगे। यह कार्रवाई एक संदेश है, ताकि कोई भविष्य में भी इस तरह की गलती न करे।
> **– अमिताभ यश, एडीजी कानून व्यवस्था, उप्र. पुलिस**

एसटीएफ ने पूरे किए सार्थकता के 26 वर्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : 4 मई को उप्र. पुलिस के महत्वपूर्ण विंग स्पेशल टास्क फोर्स ने अपनी स्थापना के 26 वर्ष पूरे कर लिए। इस मौके पर एसटीएफ मुखिया एवं एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने एसटीएफ की समस्त यूनिटों के अफसरों और कार्मिकों को बधाई दी है। बता दें कि यह वही एसटीएफ है, जिसे तत्कालीन माफिया श्रीप्रकाश शुक्ला के खात्मे के लिए मात्र छह महीने के लिए अस्थाई तौर पर बनाया गया था। लेकिन यह फोर्स उप्र. पुलिस के लिए इतना मुफीद साबित हुआ कि कालांतर में सरकारों की जरूरत बन गई।

अजय राज शर्मा थे पहले एसटीएफ चीफ : 1966 बैच के आईपीएस अजय राज शर्मा एसटीएफ के पहले चीफ बने थे। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार, एसपी सत्येंद्र वीर सिंह और तत्कालीन क्षेत्राधिकारी के साथ राजेश पांडेय के अलावा अन्य कार्मिक शामिल थे। ड्राइबर सहित पूरी टीम 17 पुलिसकर्मियों की थी।

2017 के बाद उत्कर्ष पर पहुंची एसटीएफ : उत्तर प्रदेश में 2017 में यूपी एसटीएफ को खुली छूट दे दी गई। निर्देश था कि यूपी में माफिया राज पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए। इसके बाद एसटीएफ माफियाओं के लिए काल बनकर उभरी। सैकड़ों अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया।

कभी एक कंप्यूटर की थी दरकार, आज संसाधन संपन्न : 1998 में जब एसटीएफ का गठन हुआ था उस समय इस विंग के पास एक कंप्यूयर तक नहीं था। तकनीक के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं थी। लंबे सफर के दौरान आज एसटीएफ का स्वयं का भवन है। सूचना संकलन को आधुनिकतम उपकरण, लैब, मुठभेड़ के लिए कार्मिकों के पास आधुनिक हथियार, हाईस्पीड सुरक्षित गाड़ियां। पूरी व्यवस्था ही कंप्युटराइज्ड है।

▸▸ उप्र. पुलिस के विंग स्पेशल टास्क फोर्स के स्थापना दिवस पर एडीजी ने दी बधाई

तीन आश्रम पद्धति विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया पूरी

अमृत विचार, लखनऊ : समाज कल्याण विभाग की ओर से अयोध्या और जौनपुर में खोले गए आश्रम पद्धति विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया पूरी हो गई है। दोनों जिलों में कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया गया है।

बता दें कि जौनपुर में दो और अयोध्या में एक आश्रम पद्धति विद्यालय खोले गए थे। कक्षा छह से आठ तक के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू की गई थी। एक कक्षा में 70 छात्र-छात्राओं के हिसाब से दाखिला लिया गया है। छात्र-छात्राओं का अध्यापन प्रभावित न हो, इसके लिए अप्रैल के दूसरे सप्ताह में तीनों विद्यालयों में किताबें भिजवा दी गई थीं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि तीनों विद्यालयों में कक्षाओं का संचालन शुरू हो गया है और चार सौ से अधिक बच्चे आए हैं।

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

शहर में आज

- फैजुल्लागंज स्थित एसएसजेडी इंटर कॉलेज में वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल सेफ्टी प्रोग्राम – 4:30 बजे।
- विशाल खंड, गोमतीनगर में सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव अतुल अंजान की स्मृति में नागरिक समाज की ओर से शोक सभा का आयोजन – 5.00 बजे।
- सराका आर्ट गैलरी माल एवेन्यू में लोक व जनजातीय कला शिविर में तैयार हुईं कला कृतियों की प्रदर्शनी – 6.00 बजे।

एक नजर

शिक्षकों का चरित्र निर्माण मार्च 10 को

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 3000 से अधिक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं 10 मई को चरित्र निर्माण मार्च निकाल रहे हैं। शिक्षकों का यह विशाल चरित्र निर्माण प्रातः 7.00 बजे गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित मकदूमपुर पुलिस स्टेशन से शुरू होकर सीएमएस गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम तक जायेगा। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस चरित्र निर्माण मार्च का उद्देश्य भावी पीढ़ी में चारित्रिक उत्कृष्टता एवं नैतिक व आध्यात्मिक उत्थान का अलख जगाना है, साथ ही समाज को यह संदेश देना है कि चारित्रिक व नैतिक उत्थान के बगैर आदर्श समाज की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती है।

भर लो कठौता, नहीं तो पानी को तरसेगी 10 लाख की आबादी

12 मई से 5 जून तक अनुरक्षण कार्य के चलते बंद रहेगी शारदा नहर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : सिंचाई विभाग 12 मई से 5 जून तक शारदा नहर का अनुरक्षण कार्य कराने जा रहा है। इससे 25 दिनों तक नहर से कठौता झील को पानी नहीं मिल पाएगा। सात दिनों में जलकल विभाग को कठौता झील को पूरी तरह से भरना होगा, नहीं तो गोमतीपार की करीब 10 लाख की आबादी के सामने गर्मी के तल्ख होते तेवरों के बीच पानी का संकट खड़ा हो जाएगा।

कठौता वाटर वर्क्स से गोमती नगर, इन्दिरा नगर और चिनहट इलाकों में पेयजल आपूर्ति की जाती है। पानी की कमी होने पर स्थिति खराब हो सकती है। हालांकि आपूर्ति सामान्य बनाए रखने के लिए भरपूर क्षमता से ट्यूबवेल चलाने की तैयारी कर ली गई है। जलकल विभाग के सचिव रमेश चन्द्र ने कहा कि पेयजल की समस्या नहीं आने दी जाएगी। काम शुरू होने से पहले कठौता झील को पूरा भरा जाएगा। इसके अलावा रोस्टर बना आपूर्ति की जाएगी। ट्यूबवेल अधिक से अधिक चलाए जाएंगे जिससे पेयजल को लेकर किसी भी तरह की दिक्कत न आने पाए। सिंचाई विभाग के रोस्टर से तालमेल रखा जाएगा।

कठौता झील में कम मात्रा में बचा पानी। अमृत विचार

झील पूरी भरने के लिए महज सात दिन का समय

12 मई से नहर का अनुरक्षण कार्य शुरू हो जाएगा। ऐसे में जलकल विभाग के पास ज्यादा वक्त नहीं है। सात दिन में कठौता झील को पूरा भरना है। झील पूरी तरह भरने के बाद झील से करीब 80 मिलियन लीटर (एमएलडी) जलापूर्ति प्रतिदिन संबंधित क्षेत्रों में की जा सकेगी।

> सिंचाई विभाग 12 मई से पांच जून तक शारदा नहर का अनुरक्षण कार्य कराने जा रहा है। इस बीच शारदा नहर से कठौता झील को जलापूर्ति नहीं की जा सकेगी। इसके लिए जलकल विभाग झील में पूरी क्षमता के साथ पेयजल का भंडारण कर ले। जिससे पेयजल आपूर्ति में समस्या न आने पाए।
>
> –**हेमंत शर्मा**, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग

▸▸ **25 दिनों तक नहर से नहीं मिल पाएगा कठौता झील को पानी**

100 ट्यूबवेल से आपूर्ति को रखेंगे सामान्य

जलकल विभाग के दावों को माने तो पेयजल संकट से निपटने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कठौता से तो आपूर्ति होगी ही जरूरत पड़ने पर ट्यूबवेल से भी पानी सप्लाई में कोताही नहीं बरती जाएगी। गोमती नगर क्षेत्र में जलकल विभाग के लगभग 100 ट्यूबवेल हैं। विभाग के सचिव रमेश चन्द्र ने कहा कि तकनीकी कारणों या फिर ट्यूबवेल की मोटर फुंकने पर 24 घंटे में बदल दिया जाएगा। इसके लिए मोटर स्पेयर में रखी जा रही हैं।

नहर के कोने होंगे दुरुस्त निकाली जाएगी सिल्ट

सिंचाई विभाग तय समय में शारदा नहर में अनुरक्षण पूरा कराएगा। नहर से सिल्ट निकाली जाएगी। इसे डीसिल्टिंग कहा जाता है। इसके अतिरिक्त नहर के क्षतिग्रस्त होने से बहाव में आने वाली दिक्कत को भी रखरखाव के जरिए दूर किया जाएगा जिससे आपूर्ति के वक्त पानी इधर–उधर न जाए।

समय आ गया है कि नगर निगम जाग जाए : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **कई इलाकों में पीने के पानी की समस्या पर हाईकोर्ट ने की टिप्पणी**

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शहर के कई इलाकों में पीने के पानी की समस्या बने रहने पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि अब वक्त आ गया है कि नगर निगम जाग जाए। एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि शहर के सराय हसनगंज, बरौरी, बरौलिया, अकबर नगर, हरदासी खेड़ा, डूडा कॉलोनी, दमदन का पुरवा, चिनहट व मटियारी इलाकों में पीने का पानी नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर न्यायालय ने उपरोक्त टिप्पणी करते हुए नगर निगम को आदेश दिया है कि वह उपरोक्त इलाकों का सर्वेक्षण कर साफ पीने का पानी मुहैया कराना सुनिश्चित करे तथा यदि इस संबंध में यदि कोई समस्या हो तो उसके समाधान का उपाय करे। न्यायालय ने अगली सुनवाई तक नगर निगम से हलफनामा भी तलब किया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय वह न्यायमूर्ति ओमप्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने उत्कर्ष सेवा संस्थान की ओर से दाखिल वर्ष 2016 की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। सुनवाई के दौरान जल निगम की ओर से पेश अधिवक्ता द्वारा न्यायालय को बताया गया कि साफ पानी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी नगर निगम के जलकल विभाग की है। न्यायालय के संज्ञान में यह भी लाया गया कि उक्त समस्या के समाधान के लिए जल निगम व राज्य सरकार के अधिकारियों की बैठक भी हो चुकी है परंतु कोई ठोस नतीजा नहीं निकला।

वही याची की ओर से अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने दलील दी कि वर्तमान याचिका वर्ष 2016 में ही दाखिल की गई थी लेकिन आज भी पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। इस पर न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि नगर निगम ने आज तक जवाबी हलफनामा भी नहीं दाखिल किया है। न्यायालय ने कहा कि नगर निगम की इस प्रकार की उदासीनता की सराहना नहीं की जा सकती। न्यायालय ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 29 में की तिथि तय की है।

जीआईएस सर्वे में लापरवाही, बिना नोटिस बढ़ाया गृहकर

अमृत विचार, लखनऊ : गृहकर निर्धारण के लिये कराये गए जीआईएस सर्वे में कंपनी ने जमकर लापरवाही की है। भवन स्वामियों को नोटिस दिये बिना कई गुना गृहकर बढ़ा दिया। जिससे भवन स्वामी परेशान होकर नगर निगम के चक्कर लगा रहे हैं। कंपनी की लगातार मिल रही शिकायतों से परेशान होकर महापौर सुषमा खर्कवाल ने जीआईएस सर्वे पर रोक लगाने के लिए नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। बैठक के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा।

जीआईएस सर्वे के लिए कंपनी नियो जियो को 2019 में शासन ने काम दिया था। दो वर्ष में काम पूरा करना था लेकिन अभी भी काम खत्म नहीं हुआ है। कंपनी कह रही है कि उसने गूगल इमेज से सर्वे करके 3.80 लाख भवनों का सर्वे पूरा करके डाटा का मिलान भी कर लिया है। वहीं नगर निगम की मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में हमने 3,96,500 भवनों से गृहकर लिया है। कंपनी कह रही है कि उसने 8.39 लाख घरों का जीआईएस सर्वे करा लिया है लेकिन अभी तक इसका डेटा मैच नहीं कराया है। इससे पहले भी नगर निगम के राजस्व निरीक्षकों के साथ कंपनी के कर्मचारियों को मिलकर जीआईएस सर्वे का डाटा मैच कराने के लिये कहा जा चुका है।

राजधानी में शनिवार को मौसम में बदलाव हुआ, बादल छाने से चिलचिलाती गर्मी और लू से लोगों को कुछ राहत मिली। अमृत विचार

आज से बंद रहेगा टेढ़ी पुलिया से खुर्रमनगर का रास्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **मामा चौराहे से बाएं, विकासनगर मोड़, रहीमनगर चौराहा होकर जाएं**

▸▸ **तीन अन्य रास्तों पर भी बदली गई है यातायात व्यवस्था**

अमृत विचार : इंजीनियरिंग कॉलेज से टेढ़ी पुलिया होकर खुर्रमनगर आने वाला रास्ता रविवार से 10 दिन के लिए बंद हो जाएगा। इस रास्ते से गुजरने वाले वाहनों को बदले हुए मार्ग से जाना होगा। यह सूचना डीसीपी यातायात कार्यालय से जारी की गई। इस रास्ते पर डायवर्जन 15 मई तक लागू रहेगा।

खुर्रमनगर फ्लाईओवर एनएच-24 पर पांच मई से रिटेनिंग वॉल, सर्विस लेन और ईपीसी मोड़ पर जंक्शन सुधार कार्य होगा। इस दौरान चार रास्तों पर यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। वाहन इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, कुर्सी रोड़, टेढ़ी पुलिया से खुर्रमनगर चौराहा, मुंशीपुलिया नहीं जा सकेंगे, बल्कि मामा चौराहे से बाएं मुड़कर विकासनगर मोड़, रहीमनगर चौराहा होकर गुजर सकेंगे। मुंशी पुलिया, सेक्टर 25 चौराहा से वाहन टेढ़ी पुलिया के बजाय कल्याण अपार्टमेंट, सर्वोदय नगर, बंधा रोड़, रहीमनगर होकर जाएंगे। विकासनगर मोड़ पिकनिक स्पॉट के बीच ट्रैफिक सामान्य रूप से चलता रहेगा। समतामूलक चौराहा, सर्वोदय नगर से वाहन कल्याण अपार्टमेंट, टेढ़ीपुलिया के बजाय रहीमनगर चौराहे से दाएं विकासनगर मोड़ तिराहा, मामा चौराहा होकर जाएंगे।

पैसा देने के बाद भी नहीं मिल रही बिजली

प्रीपेड मीटर रीचार्ज कराने के बाद भी कई-कई दिन नहीं शुरू की जा रही आपूर्ति

▸▸ **नए कनेक्शन और बिल में सुधार के लिए चक्कर लगा रहे उपभोक्ता**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: शहर के कई विद्युत उपकेंद्रों से जुड़े उपभोक्ताओं को मीटर रीचार्ज कराने के बाद भी बिजली नहीं मिल पा रही है। तकनीकी खराब बताकर मीटर रीचार्ज के बाद कई-कई दिन तक बिजली आपूर्ति शुरू नहीं की जाती है। नए कनेक्शन और गलत बिल ठीक कराने के लिए भी उपभोक्ता भटक रहे हैं।

कई उपकेंद्रों पर प्रीपेड मीटरों का स्टॉक नहीं हैं। इससे स्मार्ट प्रीपेड कनेक्शन नहीं मिल पा रहे हैं। इसके अलावा कई जगह रिचार्ज करने के लिए कर्मचारी भी नहीं हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उपकेंद्र से अधिकारी और कर्मचारी नदारद रहते हैं।

> सर्वर खामी के चलते कई लोगों के बिलों मे गड़बड़ी से लेकर मीटर रिचार्ज मे दिक्कतें आ रही है। इसके ठीक कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है। जल्दी ही उपभोक्ताओं की सभी समस्याओं को दूर कर दिया जायेगा।
>
> –**पुष्पेंद्र यादव**, अवर अभियंता महानगर उपकेंद्र

> उपभोक्ताओं की समस्या को तुरंत दूर किया जाएगा। जो भी मामला संज्ञान में आएगा उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।
>
> –**दुर्गेश यादव**, एक्सईएन, नादरगंज

महानगर उपकेंद्र पर अधिकारी न होने से पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

समय- 1:45 बजे, सरोजनीनगर गहरू उपकेंद्र

संदीप कुमार

संदीप कुमार गौरी हीरालाल निवासी ने बताया कि आठ दिनों से दो किलोवॉट कनेक्शन के लिए उपकेंद्र के चक्कर लगा रहे हैं। चार दिन पहले पावर हाउस के जेई अंगद की ओर से सर्वे की बात कही गई। मेरे बार–बार फोन करने के बाद भी कोई जवाब नहीं दिया गया। आज जब उपकेंद्र आए हैं तो अधिकारी की ओर से यह केस उनके क्षेत्र में नहीं होने का बताकर कनेक्शन देने से मना कर दिया गया है।

समय- 3:00 बजे, निराला नगर उपकेंद्र

आनन्द कुमार व्यापारी बड़ा चांदगंज निवासी ने बताया कि मेरे यहां स्मार्ट मीटर लगा है। जिसका संयोजन संख्या 3114850557 है। रिचार्ज कराने के बाद भी बिजली नहीं आ रही है। ऐसे में अपनी समस्या के निदान के लिए उपकेंद्र पर आए तो यहां कोई अधिकारी मौजूद नहीं होने की बात बताकर कपूरथला डिवीजन भेजा जा रहा है। बिजली सप्लाई के लिए हम इधर से उधर भटक रहें हैं।

समय- 4:00 बजे, महानगर उपकेंद्र

केस 1 पंकज शर्मा निवासी खुर्रमनगर अशोक बिहार कॉलोनी ने बताया कि बिजली कनेक्शन के लिए उपकेंद्र के चक्कर लगा रहें है। अधिकारी दस्तावेजों की कमी बताकर कनेक्शन देने से मना कर दे रहे हैं। आज कागजों की कमी जानने के लिए उपकेंद्र आया हूं। अब देखो कब कागजी कार्रवाई पूरी होगी। विभाग से सात दिनों में कनेक्शन जारी करने का आदेश के आदेश हैं।

केस 2 संजय कुमार गुप्ता निवासी अलीगंज के मेहंदी टोला ने बताया कि उनका स्मार्ट मीटर संख्या–2348190561 है। घर में स्मार्ट मीटर लगा है। उसको रिचार्ज कराने के बाद भी घर में अंधेरा है। इस समस्या को दूर कराने के लिए उपकेंद्र के चक्कर लगाने को मजबूर है। अधिकारी सर्वर में तकनीकी खामी होने की बात बता कर अपना पल्ला झाड़ ले रहें है। ऐसे में उपभोक्ता पैसा देने के बाद भी अंधेरे में रहने को मजबूर है।

दारुलशफा पुलिस चौकी में उधेड़ दी महिला की चमड़ी

महिला चौकी प्रभारी, पुलिसकर्मियों, व्यापारी और उसकी पत्नी पर प्राथमिकी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

▸▸ **कसमंडा अपार्टमेंट में बच्चों की देखरेख करती थी महिला**

▸▸ **चोरी का झूठा आरोप लगाकर पुलिस की हिरासत में दिया था**

अमृत विचार : कमिश्नरेट पुलिस की बर्बरता का मामला सामने आया है। दारुलशफा चौकी प्रभारी ने पूछताछ के लिए बुलाकर एक महिला की बर्बरता पूर्वक पिटाई कर दी। बेल्ट व तार से उसकी पिटाई कर चमड़ी उधेड़ ली। करीब पांच महीने पहले हुए इस बर्बरता के मामले में कोर्ट के आदेश पर पीजीआई पुलिस ने महिला चौकी प्रभारी, अन्य पुलिसकर्मियों और जिस घर में काम कर रही थी उसके मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज की है।

पीजीआई के तेलीबाग के राजेश की पत्नी लक्ष्मी कसमंडा अपार्टमेंट निवासी व्यापारी मनोज टेलानी के घर में 2019 से बच्चों की देखभाल का काम करती थीं। मनोज के परिवार में पत्नी शैली टेलानी, बेटा अनाचित टेलानी हैं। लक्ष्मी सुबह 10 से शाम पांच बजे तक मनोज के घर में रहती थी। लक्ष्मी के अलावा अन्य कामों के लिए भी कर्मचारी लगे हैं। लक्ष्मी का आरोप है कि मालिक वेतन अक्सर देर से देते थे। दो महीने का वेतन नहीं मिला था, मांगने पर मनोज ने गालियां दी। देर से वेतन मिलने की उम्मीद में लक्ष्मी ने काम जारी रखा।

नवंबर 2023 को मनोज परिवार के साथ राजस्थान गए थे। लौटने पर लक्ष्मी ने वेतन मांगा, आरोप है कि फिर उसे गालियां दी गईं। 15 दिसंबर को काम पर पहुंचने पर सभी कर्मचारी को बुलाकर जेवरात चोरी का आरोप लगाया और पुलिस बुला ली। दारूलशफा चौकी महिला प्रभारी निशा सिंह लक्ष्मी को चौकी ले गईं। आरोप है कि मनोज ने उनको रुपये दिए। इसके बाद आरक्षी दीपक प्रजापति व तीन महिला आरक्षी ने लक्ष्मी को बिजली के तारों, पट्टों और बेल्ट से पीटा। आधी रात को पति राजेश को बुलाया और बेसुध हालत में लक्ष्मी को उनके सुपुर्द कर दिया। चोरी के आरोप और पुलिस की बर्बरता से सहमी लक्ष्मी लने आत्महत्या का प्रयास किया था।

मारपीट के आरोप निराधार चोरी में वांछित है महिला

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि महिला दरोगा और सिपाहियों पर मारपीट करने के आरोप गलत हैं। लक्ष्मी के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में चोरी का मुकदमा दर्ज है। जिसमें पुलिस उसे तलाश रही है। पेशबंदी की वजह से महिला ने मुकदमा दर्ज कराया है।

जेवर छीनकर मालिक के बताने की साजिश

आरोप है कि महिला चौकी प्रभारी ने लक्ष्मी से कहा कि तेरे माथे पर लिखा है कि तू चोर है। लक्ष्मी का आरोप है कि उसकी सोने की बाली, गले से सोने का लॉकेट और मोबाइल छीन लिया। इसके बाद मालिक मनोज टेलानी से बोला कि उसके जेवर को आपका बताकर जेल भेज दें, लेकिन मालिक ने रसीद न होने की बात कहकर ऐसा करने से मना कर दिया था।

लक्ष्मी के शरीर पर 15 चोटों के निशान मिले

लक्ष्मी के वकील आशीष जैन ने बताया कि अगले दिन पीड़ित परिवार बलरामपुर अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण कराया। जिसमें शरीर में 15 स्थानों पर चोट के निशान मिले। इसके बाद कोर्ट में पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के लिए याचिका दायर की।कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के बाद 19 मार्च 2024 को आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। मामला विभाग से जुड़ा होने के कारण पीजीआई इंस्पेक्टर ने आदेश की अनदेखी की। करीब 45 दिन बाद शनिवार को देर शाम को प्राथमिकी दर्ज की गई।

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अमरनाथ यात्रा इस बार 29 जून से शुरू होगी। यात्रा शुरू होने में अभी तकरीबन दो महीने का समय शेष है, लेकिन इस रूट की ट्रेनों में ट्रेनों में वेटिंग तेजी से बढ़ती जा रही है। ऐसे में अमरनाथ यात्रा जाने वाले श्रद्धालुओं की दिक्कतें बढ़ गई हैं। अमरनाथ यात्रा जाने का रास्ता वैष्णो देवी होकर जाता है। ऐसे में श्रद्धालु ट्रेन से सिर्फ कटरा तक का सफर करते हैं।

लखनऊ से होकर गुजरने वाली 13 ट्रेनें कटरा के लिए हैं, इनमें से दो ट्रेनें नियमित रूप से जम्मू जाती हैं। अन्य ट्रेनें साप्ताहिक और द्विसाप्ताहिक हैं। लखनऊ होकर जम्मू जाने वाली ट्रेनों में 31 अगस्त तक वेटिंग के टिकट मिल रहे है। श्रद्धालुओं ने कटरा तक लगातार नियमित ट्रेन चलाने की मांग कर रहे हैं। तीन महीने पहले दावा भी किया गया था कि गोमतीनगर से कटरा तक के लिए एक नई ट्रेन मिल चुकी है, लेकिन अभी तक इसका ऐलान नहीं हुआ है।

▸▸ **29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा, 31 अगस्त तक सभी ट्रेनें फुल**

डीआरएम ने लखनऊ -मैलानी रेल खंड का किया निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार ने शनिवार को लखनऊ–मैलानी रेलखंड पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गोला गोकर्णनाथ स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर चल रही विकास परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं का जायजा किया। इस मौके पर मुख्य परियोजना प्रबंधक गतिशक्ति राघवेंद्र कुमार और मंडल के शाखाधिकारियों के साथ दौरा किया। यहां पर उन्होंने ले–आउट प्लान के साथ रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण व अपग्रेडेशन कार्यों की अधिकारियों से चर्चा की। साथ ही स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

खाली दौड़ रही डबल डेकर

अमृत विचार, लखनऊ : 13 कोच वाली चेयरकार डबल डेकर ट्रेन दिनों खाली दौड़ रही है। गर्मी की छुट्टियों में जहां दिल्ली की अन्य रूट की ट्रेनों में कंफर्म सीट नहीं मिल रही हैं, वहीं डबल डेकर ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों का टोटा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस ट्रेन का ठहराव कम है। सिर्फ बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद में ही यह ट्रेन रुकती है। ऐसे में इस ट्रेन में यात्रियों की कमी होती जा रही है। यदि इसके ठहराव बढ़ते हैं तो इसमें फिर से भीड़ बढ़ सकती है।

कपूरथला और उतरेठिया में आज गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : कपूरथला और उतरेठिया में अनुरक्षण कार्य के चलते कई इलाकों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे करीब 50 हजार उपभोक्ताओं को रविवार को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा।विद्युत उपकेन्द्र कपूरथला से पोषित 11 केवी एलडीए मार्केट फीडर पर पर आरडीएसएस योजना के तहत केबल स्ट्रिंगिंग और उतरेठिया में ट्रांसफार्मर और एबी केबल को बदलने का कार्य किया जायेगा। जिसके चलते फत्तेपुर, सेक्टर बी और सी की आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। आईटीआई उपकेंद्र से पोषित 11केवी फीडर पर कार्य होने के चलते एच रोड, पांडे टोला, प्रताप बाग, मंदिर पार्क रोड, जे पार्क,पीली कॉलोनी की बिजली सप्लाई सुबह 10 से शाम 4 बजे तक गुल रहेगी। इसके अलावा उतरेठिया में विनायकी तालाब और आम्रपाली ट्रांसफार्मर के आसपास के क्षेत्रों में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

बुरा हाल | करीब दो महीने से प्रभावित है आपूर्ति, दवा चक्र टूटने का खतरा बढ़ा

डॉट केंद्रों पर मरीजों को नहीं मिल रहीं पर्याप्त दवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **52 डॉट केंद्रों पर पंजीकृत हैं 10 हजार से अधिक टीबी के मरीज**

▸▸ **15 दिनों से एक महीने तक की दवा देकर निगरानी का है नियम**

▸▸ **2 से 4 दिन की दवा देकर केंद्रों से मरीजों को टरकाया जा रहा**

अमृत विचार : क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन अभियान में दवाओं की कमी बाधा बन रही है। शहर के डॉट केंद्रों में करीब दो महीने से दवाओं की कमी है। मरीजों को दो-चार दिन की दवा देकर टरकाया जा रहा है। इससे शहर से बाहर जाने वाले मरीजों को ज्यादा दिक्कत हो रही है। समय पर दवा न मिलने से दवा चक्र टूटने का खतरा बढ़ गया है।

शहर के करीब 52 डॉट केंद्र हैं। प्रारंभिक चरण में टीबी की बीमारी पकड़ में आने पर मरीज का डॉट केंद्र पर पंजीकरण किया जाता है। सभी डॉट केंद्रों पर 10 हजार से अधिक मरीज पंजीकृत हैं। इन मरीजों को न्यूनतम छह माह तक निरंतर दवा देने का नियम है। मरीज को 15 दिन से एक महीने तक की दवा देकर निगरानी भी रखी जाती है। टीबी उन्मूलन अभियान के तहत जिला स्तरीय टीम पंजीकृत रोगियों को उनके घर पर ही दवाओं की सुविधा प्रदान करती है। रोग से लड़ने के लिए मरीज को जागरूक भी किया जाता है। किंतु डॉट केंद्रों पर जरूरत के अनुसार दवा ही उपलब्ध नहीं है। मरीजों का कहना है कि दो से तीन दिन की दवा ही दी जा रही है। शहर से कहीं बाहर जाने की स्थिति में मरीज को बाहर से दवा खरीदनी पड़ती है। शुक्रवार को भी महानगर स्थित भाऊराव देवरस संयुक्त अस्पताल के डॉट सेंटर से कई मरीजों को दवाएं दिए बना ही लौटाया गया।

डॉट केंद्र से मरीज को लौटाता कर्मी।

> स्टेट से दवाओं की आपूर्ति में दिक्कत चल रही थी, इसलिए डॉट केंद्रों पर कमी आ गई थी। अब दवाएं खरीद ली गई हैं। शनिवार से डॉट केंद्रों पर भेजवाना भी शुरू करा दिया गया है। सोमवार से दवाएं मिलने लगेंगी।
>
> –**एके सिंघल**, स्टेट टीबी ऑफिसर

टेंडर का फंसा पेंच

सूत्रों का कहना है कि दवाओं की खरीद के लिए मार्च महीने में पांच करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ था। किंतु आचार संहिता लगने के कारण टेंडर नहीं हो सका।

एक नजर

लविवि कुलपति से की लिखित शिकायत

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में टैगोर लाइब्रेरी से जुड़े एक मामले में लाइब्रेरियन ने पूर्व लूटा अध्यक्ष के खिलाफ आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) में शिकायत दर्ज करवाई है। मानद लाइब्रेरियन ने पूर्व लूटा अध्यक्ष पर अवमानना का आरोप लगाया है। कुलपति ने शिकायत को स्वीकार कर संबंधित समिति को आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया है। मानद लाइब्रेरियन ने पूर्व लूटा अध्यक्ष पर भ्रामक सूचना प्रसारित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ एक झूठे प्रकरण को तूल दिया जा रहा है।

पुस्तक वितरण की जानकारी मांगी

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से पुस्तक वितरण का ब्योरा मांगा है। साथ ही सभी बीईओ निर्देश दिया है कि जिन विद्यालयों में किताबें नहीं पहुंची हैं वहां किताबों का वितरण कराया जाये ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न होने पाये। बीएसए ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चों की अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित की जाये और केन्द्र सरकार के यू-डायस पोर्टल पर सभी बच्चों का डाटा समय से अपलोड किया जाये।

लविवि के छात्रों और शिक्षकों को मिलेगा म्यूजिक थेरेपी का लाभ

काशी विद्यापीठ वाराणसी के साथ शैक्षणिक आदान-प्रदान के लिए हुआ समझौता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को अब म्यूजिक थेरेपी का लाभ मिल सकेगा। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय और काशी विद्यापीठ वाराणसी के बीच एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर शनिवार को किए गए।अब काशी विद्यापीठ की ओर से संगीत चिकित्सा कोशिका लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों और फैकल्टी सदस्यों के लिए विशेष संगीत चिकित्सा सत्र आयोजित करेगा। इससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए चिकित्सीय संबंध में संगीत की शक्ति का उपयोग होगा।

काशी विद्यापीठ की ओर से कहा गया कि एक संगीत चिकित्सक आपकी आवश्यकताओं के अनुसार सत्र तैयार करता है। इससे आप गा सकते हैं या वाद्ययंत्र बजा सकते हैं, संगीत सुन सकते हैं या गीत के अर्थ पर चर्चा भी कर सकने में सक्षम होंगे। साझा पत्र पर हस्ताक्षर के बाद कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान और काशी विद्यापीठ वाराणसी के संगीत चिकित्सा कोशिका और अनुसंधान केंद्र के बीच समझौता किया गया है। इसमें कला संकाय के डीन प्रोफेसर अरविंद अवस्थी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में, शैक्षणिक आदान-प्रदान किया जायेगा।

काशी विद्यापीठ संगीत थेरेपी सेल के समन्वयक डॉ दुर्गेश उपाध्याय ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में संगीत चिकित्सा के सिद्ध लाभ हैं, और हम लखनऊ विश्वविद्यालय में चिकित्सा के इस अभिनव रूप को लाने के लिए रोमांचित हैं। हमारा मानना है कि यह आदान-प्रदान हमारे संस्थानों के बीच शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए नए द्वार खोलेगा। इस उपयोगी साझेदारी को जारी रखने के लिए नवीनीकरण की संभावना के साथ एमओयू एक वर्ष तक प्रभावी रहेगा।

समझौता पत्र को साझा करते लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय।

इस तरह से डिजाइन किए गए हैं सत्र

प्रोफेसर आलोक राय ने बताया कि इस साझेदारी से दोनों संस्थानों में शैक्षणिक सहयोग और शैक्षणिक अनुभव को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस एमओयू के तहत, काशी विद्यापीठ में संगीत चिकित्सा कोशिका लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों और फैकल्टी सदस्यों के लिए विशेष संगीत चिकित्सा सत्र आयोजित होगा ये सत्र संगीत के चिकित्सीय उपयोग के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को दिए गए मेडल

अमृत विचार लखनऊ: लॉ मार्टिनियर कॉलेज का शनिवार को 178 वां वार्षिक पुरस्कार दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव विद्यालय ट्रस्ट लखऊ मार्टिन चैरिटीज के वरिष्ठ ट्रस्टी दुर्गा शंकर मिश्रा मुख्य अतिथि रहे। विद्यालय की एनसीसी के तीनों विंग जल, थल और वायु के कैडेट छात्रों ने परम्परानुसार परेड और सलामी से मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। प्रधानाचार्य गैरी डॉमिनिक ऐवरेट ने कॉलेज के इतिहास पर प्रकाश डाला। सर्वश्रेष्ठ छात्र के रूप में अर्चित्य शुक्ला व श्वेतार्क अस्थाना (मिडिल स्कूल), केशव मिचल (सीनियर स्कूल), जपनीत सिंह भाटिया, चिराग केजरीवाल (छात्रावास), जस्टिन पेन, मंतव्य श्रीवास्थ और लुत्फी खान (उदाहरण एवं उत्साहवर्धन), रुमान अशफाक हबीब (उदाहरण एवं सेवा) और नियोनल मेकेंजी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का मेडल दिया गया।

चालकों को निःशुल्क दी गईं दवाएं और चश्मा

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फिटनेस सेंटर में आयोजित किए गए हेल्थ कैंप का समापन शनिवार को हुआ। कैंप में भारी वाहनों के चालकों की आंखों के साथ उनके स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। चालकों को दवाओं और चश्मों का नि :शुल्क वितरण किया गया। उधर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा समापन के मौके पर शनिवार को हाईवे पर एनएचएआई और आरटीओ कार्यालय के अधिकारियों ने संयुक्त जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने कबीरपुर डाइवर्जन तिराहा पर वाहन सवारों को रोककर पंफलेट बांटे। साथ ही सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने की अपील की।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम **उदय भान भारती उर्फ उदय भान पुत्र लक्ष्मन प्रसाद निवासी केशव नगर ग्रांट पश्चिमी तहसील मनकापुर** का हूं। मेरे उपरोक्त दोनों नाम है। अतः मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मै **आमीना पत्नी स्व0 मो0 रफीक, निवासी– ग्राम ओदरहना महेवागंज, थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी** मेरा पुत्र मो0 आलम पुत्र स्व0 मो0 रफीक मेरी देखरेख करते है तथा खाना कपड़ा की व्यवस्था करते है मै अपने पुत्र के व्यवहार से काफी खुश है। मैं अपने पुत्र को अपनी चल अचल सम्पत्ति में हिस्सेदार व हकदार मानती है तथा मेरी सम्पूर्ण सम्पत्ति में मेरा पुत्र मो0 आलम हकदार रहेगा।

सूचना

सूचित हो कि मै **मौसिम खान पुत्र मुस्तकीम खान, निवासी– 271 फिरोज गाँधी नगर, जिला रायबरेली** ,मेरे सभी सरकारी अभिलेखों (आधार कार्ड आदि) में मेरा नाम मौसिम खान (MOUSIM KHAN) दर्ज है जबकि मेरे अंकपत्र व प्रमाण पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश मोसिम खान (MOSIM KHAN) अंकित हो गया है। अतः मैने अपना नाम समस्त प्रपत्र में मौसिम खान (MOUSIM KHAN) ही रखना चाहता है। अतः मुझे आज की तारीख से (MOUSIM KHAN) मौसिम खान के ही नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जायें।

सूचना

सूच्य हो कि एलआईसी की पालिसी संख्या 213420263 भूपेंद्र कुमार मिश्रा के नाम है अन्य अभिलेखों में बीमाधारक का नाम अरविंद कुमार मिश्रा है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।– **अरविंद कुमार मिश्रा पुत्र रामचंदर मिश्रा, निवासी बाल्हाराई पोस्ट–नगवा जिला गोंडा**

सूचना

सूचित हो कि मै **आमीना पत्नी स्व0 मो0 रफीक, निवासी– ग्राम ओदरहना महेवागंज, थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी** मेरा पुत्र मो0 आजम उर्फ अब्दुल रहमान पुत्र स्व0 मो0 रफीक मेरी देखरेख करते है तथा खाना कपड़ा की व्यवस्था करते है मै अपने पुत्र के व्यवहार से काफी खुश है। मैं अपने पुत्र को अपनी चल अचल सम्पत्ति में हिस्सेदार व हकदार मानती है तथा मेरी सम्पूर्ण सम्पत्ति में मेरा पुत्र मो0 आजम उर्फ अब्दुल रहमान हकदार रहेगा।

सूचना

मैं शिव शंकर पुत्र छोटेलाल निवासी भरसना तहसील डलमऊ जनपद रायबरेली का निवासी हूं। मैं अपने पुत्र रमेश कुमार के गलत आचरण, चाल चलन व व्यवहार के कारण मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सूच्य हो कि मेरा नाम सिद्दीकी मो. आदिल कमरूल हसन था। जिसे परिवर्तित करके अब मो. आदिल सिद्दीकी कर दिया गया है। अतः अब मुझे मो. आदिल सिद्दीकी के नाम से जाना, पहचाना व समझा जाए। मो. आदिल सिद्दीकी पुत्र कमरूल हसन सिद्दीकी निवासी ग्राम – जलालपुर धई थाना – गदागंज प. व तहसील – डलमऊ रायबरेली

एकेटीयू में अत्याधुनिक रोबोटिक्स उद्योग के बारे में जानकारी लेते छात्र। अमृत विचार

छात्रों को मिली रोबोटिक्स उद्योग की जानकारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ **एकेटीयू के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज में पांच दिवसीय एडवांस्ड लेग्ड रोबोट्स, डायनामिक्स एंड कंट्रोल पर हुई कार्यशाला**

अमृत विचार: इस बदलते युग में अत्याधुनिक रोबोटिक्स उद्योग भी आने वाले दिनों में तेजी से बढ़ेगा। तकनीकी छात्र-छात्राओं को इस पर तेजी से ध्यान देने की जरूरत है।

ये जानकारी सभी छात्र-छात्राओं को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज में पांच दिवसीय एडवांस्ड लेग्ड रोबोट्स, डायनामिक्स एंड कंट्रोल पर आधारित कार्यशाला में समन्वयक डॉ राबेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि की इस तरह के कार्यशाला के आयोजन से संस्थान एवं छात्र छात्रों को रोबोटिक्स के क्षेत्र में लाभ प्राप्त होगा। इस कार्यशाला का आयोजन आईआईटी, कानपुर के मोबाइल रोबोटिक्स लैब, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर शक्ति एस गुप्ता के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

जिसमें अमृतांशु मनु, अविनाश भास्कर, तोषित एवं धायकिरण रेड्डी त्रिमाला ने छात्रों को जानकारी दी। कार्यशाला के पहले दिन आईआईटी, कानपुर से आई टीम ने विभिन्न चार पैरों वाले रोबोट के निर्माण के हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर पहलू मूलभूत बातों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

जीवन की आत्मा है संगीतः डॉ. तुषार

अमृत विचार लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने "संगीत, संज्ञान और भावनाः उपचारात्मक निहितार्थ" शीर्षक से एक सत्र आयोजित किया। सत्र की शुरुआत डॉ. तुषार सिंह के व्याख्यान से हुई। उन्होंने अपने व्याख्यान की शुरुआत संगीत के पूर्वी और पश्चिमी दृष्टिकोण और इसकी उपचारात्मक प्रकृति के अंतर से की। उन्होंने संगीत को मानवीय अनुभूति और भावनाओं से जोड़ा और बताया कि किस तरह मूड पर निर्भर संगीत की पसंद हमारे व्यवहार को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा "संगीत जीवन की आत्मा है"। इसके अलावा, उन्होंने डिप्रेशन के क्षेत्र में अपने शोध कार्य के बारे में बात की और इसके परिणाम साझा किए। सत्र के दूसरे वक्ता डॉ. दुर्गेश उपाध्याय ने सार्थक संगीत जुड़ाव और क्लाइंट की अपनी संगीत पसंद के आधार पर अनुकूलित दृष्टिकोण के बारे में बात की। उन्होंने थेरेपी में संगीत और थेरेपी के रूप में संगीत में भी अंतर किया।

देरी से आने वाले गुरुजी को डीन थमा रहे नोटिस

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ **लखनऊ विवि के जुलॉजी विभाग में की जा रही सख्ती**

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति के लिए बॉयोमीट्रिक सुविधा लागू है। इस व्यवस्था का पालन कई शिक्षकों और कर्मचारियों को रास नहीं आ रहा है। जो शिक्षक लगातार देर से आ रहे थे उनको नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है। मामला विश्वविद्यालय के जुलॉजी विभाग का है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संगीता रानी ने देर से आने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों को नोटिस देकर सख्त चेतावनी दी है, साथ ही ये भी कहा है अगर आगे भी इसी तरह से लापरवाही होती है तो कार्रवाई की जायेगी। नैक से ए डबल प्लस की ग्रेड प्राप्त होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन की शिक्षकों की 100 प्रतिशत उपस्थित पर लगातार जोर दिया जा रहा है। जो लोग मानमानी कर रहे हैं उनको नोटिस भी दी जा रही है।

प्रैक्टिकल 14 को

अमृत विचार लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक द्वितीय सेमेस्टर (बीएससी एसपी-2 और कंप्यूटर साइंस ग्रुप) की सांख्यिकी प्रैक्टिकल परीक्षा की तथि जारी कर दी है। परीक्षा का आयोजन 14 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा नियंत्रक ने विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग छात्रों को समय से पहुचंने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही एमए, एमएसस के चतुर्थ समेस्टर मास्टर थीसिस (जैव-सांख्यिकी) परीक्षा (मूल्यांकन) सांख्यिकी विभाग में 15 मई को आयोजित की जायेगी। सुबह 11:00 बजे निर्धारित किया गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई– निविदा सूचना सं0.09-DYCEGA-2024

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न–लिखित कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:

क्रम सं. 1:– कार्य का विवरण: गोरखपुर में–उप मुख्य इन्जीनियर/गो.क्षे. के अन्तर्गत उद्यान निरीक्षक/प्रथम के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आवासीय एवं सर्विस भवन के उद्यान कार्य का रख–रखाव। अनुमानित लागतः ₹ 1,47,13,854.52, बयाने की राशिः ₹ 2,23,600.00, निविदा प्रपत्र का मुल्यः 0.00, स्वीकृत पत्र जारी होने की तिथि से कार्य की समापन तिथि/समयः 12 माह।

क्रम सं. 2:– कार्य का विवरण: गोरखपुर में उप मुख्य इन्जीनियर/गो.क्षे. के अर्न्तगत उद्यान निरीक्षक/द्वितीय के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आवासीय एवं सर्विस भवन के उद्यान कार्य का रख–रखाव। अनुमानित लागतः ₹ 1,09,95,541.67, बयाने की राशिः ₹ 2,05,000.00, निविदा प्रपत्र का मुल्यः 0.00, स्वीकृत पत्र जारी होने की तिथि से कार्य की समापन तिथि/समयः 12 माह, कुल योगः ₹ 2,57,09,396.19,

1. ई–निविदा के खुलने की तिथि : दिनांक 31.05.2024 को 11:00 बजे। 2. ई–निविदा की बिडिंग तिथि 17.05.2024 से 31.05.2024 समय 10.59 बजे तक। 3. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4.यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंगेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इंजीनियर/गो0क्षे0

मुजाधि/डब्लू–49

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

क्र.सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	56245415	Inductive Shunt Assembly (SJ) Type NR 59 A1 to CLW Drg. No. 2TWD.133.021 ALT-3 and CLW Spec. No. 4TES.133.001 ALT-7	13 Nos.	30.05.2024

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: ईपीएस/56/2024 1341/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 27.05.2024** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें। यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

1	**निविदा सूचना संख्या :** 03502024 दिनांक 03.05.2024
2	**कार्य का नाम :** सहायक मंडल इंजीनियर रायबरेली के अधीन लेवल क्रासिंग नंबर 96 और 97 पर नई ड्यूटी हट का निर्माण कार्य।
3	**अनुमानित लागत :** रु. 45,18,549.39
4	**धरोहर राशि :** रु. 90,400.00
5	**कार्य समापन की अवधि :** स्वीकृत पत्र की तिथि से 06 माह
6	**निविदा डालने का प्रारंभ :** 13.05.2024
7	**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 27.05.2024, 15:00 बजे
8	**बेबसाईट :** www.ireps.gov.in

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। 1350 /2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

प्रो. वीके सिंह बने डीन

अमृत विचार लखनऊ: डॉ शंकुतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रोफेसर हिमांशु शेखर झा ने प्रो. वीके सिंह को संकायाध्यक्ष नियुक्त किया है। कुलपति ने बताया कि प्रो. सिंह अंग्रेजी व अन्य विदेशी भाषा विभाग को भाषा संकाय एवं पैरामेडिकल रिहैबिलिटेशन साइंसेज संकाय के संकायाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

अनुदेशक संबद्ध मिले तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: उच्च प्राथमिक विद्यालयों तैनात अनुदेशक यदि अब खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर तैनात पाये मिलें तो कार्रवाई होगी। इस संबंध में सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को शिक्षा महानिदेशक की ओर से चेतावनी दी गई है। पूर्व में तैनात सभी अनुदेशकों को मूल तैनाती वाले विद्यालयों में भेजने के निर्देश जारी किए गय हैं। बता दें विभाग को जानकारी मिली थी कि कई जगहों पर अनुदेशकों को अभी भी संबद्ध रखा गया है जिसके बाद ये चेतावनी दी गई है।

बता दें कि शैक्षिक गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए सभी दूसरे-दूसरे कामों में लगे सभी शिक्षकों और अनुदेशकों को वापस उनके विद्यालय में भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह के साथ स्वयंसेविकाएं और अन्य लोग। अमृत विचार

कर्तव्य पथ से लौटीं स्वयंसेविकाओं का स्वागत

कार्यालय संवाददाता लखनऊ-

▸▸ **13 सदस्यीय व राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं प्रदेश से गई थीं**

अमृत विचार: बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में शनिवार को कर्तव्य पथ से शामिल होकर लौटी यूपी के अलग-अलग जिलों की स्वयंसेविकाओं का भव्य स्वागत किया गया। इन बेटियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देकर पूरे राष्ट्र में नारी सशक्तीकरण का बड़ा संदेश दिया है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रकोष्ठ के माध्यम से इनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य संजय सिंह ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद 13 सदस्यीय दल ने लखनऊ के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी किया। इस दौरान इस मौके पर स्वयंसेविकाओं को समर्पित और प्रेरणा की भावना से युक्त किया और उन्हें आगे के भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक ए.एस. कबीर एवं एस.एल.ओ. डॉ मंजू सिंह, युवा कार्यक्रम अधिकारी समरदीप सक्सेना,समन्वयक डॉ पवन कुमार चौरसिया,डॉ तरुणा,डॉ अर्पित शैलेश,डॉ मीना विश्वेश्वर,डॉ नरेंद्र सिंह,दल नायिका डॉ ऐश्वर्या सिंह,विभिन्न जिले से आई स्वयंसेविकाओं में अविष्का श्रीवास्तव,आकांक्षा राय,स्नेहा सिंह,खुशबू रानी,प्रीति,प्रिया श्रीवास्तव, प्रिया,उन्नति चौधरी,प्रिया चौहान,मानसी शुक्ला, स्मिता पांडे,रितिका कर्दम आदि उपस्थित रहें।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

गोपाल मिश्रा का हुआ स्वागत

अमृत विचार, लखनऊ : नई दिल्ली में ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के वार्षिक अधिवेशन 25 अप्रैल को संपन्न हुआ। वहां वार्षिक चुनाव में कामरेड शिव गोपाल मिश्र को एक बार पुन: निर्विरोध महामंत्री चुना गया। शनिवार को वह राजधानी एक्सप्रेस से लखनऊ पहुंचे। चारबाग स्टेशन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मंडल मंत्री आरके पांडेय के नेतृत्व में लखनऊ मंडल के रेल कर्मचारियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान कामरेड शिवगोपाल मिश्रा ने कहा कि लंबित मांगों के हल होने तक तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

चुनावी पाठशाला में दिलाई मतदान की शपथ

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में राजधानी का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लखनऊ नगर निगम ने चुनाव पाठशाला का आयोजन किया। विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लों के साथ स्कूलों में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मतदान की शपथ दिलाई। नगर निगम के जोन दो में गया प्रसाद धर्मशाला, जोन तीन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कॉलेज, जोन चार में रिजर्व पुलिस लाइन और जोन छह के सआदतगंज कस्तूरबा कन्या इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं व नागरिकों को मतदान के लिये प्रेरित किया।

योजनाएं बदल रहीं श्रमिकों की जिंदगी

अमृत विचार, लखनऊ : श्रम विभाग की योजनाओं से श्रमिकों की जीवन में बदलाव आया है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे श्रमिकों को श्रम विभाग ने विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया है। श्रम विभाग द्वार चलाई जा रही योजनाओं से श्रमिकों के जीवन में बदलाव आया है। पहले जो श्रमिक बेटियों की शादी के लिए सोचते थे कि कैसे उनकी शादी करेंगे। अब कन्या विवाह सहायता योजना के द्वारा उनके बेटियों की शादी के लिए श्रम विभाग द्वारा धनराशि 51 हजार रूपये की धनराशि मिलती हैं। पिछले दो वर्षों में लखनऊ मंडल में मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के द्वारा 2104, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना में 47, कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत 2527 एवं निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना के अन्तर्गत 55 श्रमिक लाभान्वित हुए।

डॉक्टर पति कर रहा नकली दवाओं का कारोबार

महिला डॉक्टर ने पति समेत छह पर दर्ज कराई रिपोर्ट, मारपीट, प्रताड़ना और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: शेखर अस्पताल की डायरेक्टर डॉ. ऋचा मिश्र ने पति के खिलाफ गाजीपुर थाने में तहरीर दी है। इसमें पति पर मारपीट और प्रताड़ित करने के अलावा साथियों के साथ नकली दवाओं का कारोबार करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। इंस्पेक्टर गाजीपुर ने बताया रिपोर्ट दर्ज ली गई है, जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

गाजीपुर थाना अंतर्गत निराला नगर निवासी डॉ. ऋचा ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि वह शेखर अस्पताल की डायरेक्टर हैं। 13 मार्च को वह केबिन में बैठी थीं। इसी दौरान पति डॉ. एके सचान साथियों, राकेश वर्मा, वरुण श्रीवास्तव, राजेश राय व दो अन्य के साथ केबिन में घुस आए और अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। आरोपियों ने दोबारा केबिन में आने पर जान से मारने की धमकी दी।

डॉ. ऋचा का आरोप है कि पति साथियों के साथ मिलकर नकली दवाओं का कारोबार करते हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उनका कहना है कि वह अस्पताल की डायरेक्टर हैं। ऐसे में अस्पताल आना जरूरी है। इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया डॉ. एके सचान समेत चार नामजद व दो अज्ञात पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कार्यक्रम में शामिल चिकित्सक व मेडिकल छात्र। अमृत विचार

100 रुपये घूस ली, चली गई नौकरी

सिटी स्कैन कराने के एवज में लिए थे रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कर्मचारी का रुपये लेते वीडियो बना तीमारदार ने एसजीपीजीआई प्रशासन को सौंप दिया
- तीमारदार की शिकायत पर पीजीआई कोतवाली में दर्ज की गई प्राथमिकी, भेजा गया जेल

अमृत विचार : एसजीपीजीआई में सिटी स्कैन जल्दी कराने के एवज में एक कर्मचारी ने मरीज से 100 रुपये वसूल लिए। तीमारदार ने उसकी वीडियो बनाकर से संस्थान प्रशासन को सौंपी। जिसके बाद आरोपी को बर्खास्त कर दिया गया। तीमारदार की शिकायत पर पीजीआई कोतवाली में आरोपी कर्मचारी हिमांशु गौतम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्रतापगढ़ जिले के परसरामपुर निवासी अधिवक्ता राहुल शर्मा ने बताया कि पिता राजेन्द्र कुमार शर्मा चार अप्रैल से पीजीआई में भर्ती हैं। इंडोक्राइन विभाग के डॉक्टर ने 27 अप्रैल को पिता का सिटी कराने को कहा। कांउटर पर जांच के पैसे जमा कर एफ ब्लॉक में सिटी स्कैन कराने गये। वहां मौजूद अटेंडेंट हिमांशु गौतम ने जल्दी सिटी कराने के एवज में राहुल से 500 रुपये मांगे। इतने रुपये देने में असमर्थता जाहिर की। फिर हिमांशु ने 100 रुपये लेकर सिटी करा दिया। तीमारदार ने रुपये देते कर्मचारी का वीडियो बना लिया।

5 हजार में खून भी दिलाने का किया था दावा : राहुल ने बताया कि उसने पांच हजार रुपये में प्रति यूनिट खून दिलाने की बात कही। इसके बाद हिमांश ने खून उपलब्ध कराने के लिए कई बार कॉल की। राहुल ने इसकी रिकार्डिंग कर ली। फिर वीडियो और रिकार्डिंग पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमान को भेजी।

निदेशक ने सीएमएस व रेडियोडायग्नोसिस विभाग के डॉक्टरों को बुलाकर आरोपी कर्मचारी की पहचान कराई। उसे तुरंत आउट सोर्सिंग कंपनी को सूचना देकर हटा दिया गया। राहुल की तहरीर पर पीजीआई कोतवाली ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पीजीआई इंस्पेक्टर बृजेश चन्द्र तिवारी का कहना है कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

एक्सपायरी इंजेक्शन चढ़ाने के मामले में छह नर्सों को हटाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बलरामपुर अस्पताल में एक्सपायरी इंजेक्शन के मामले में उपमुख्यमंत्री ने जताई नाराजगी

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल में बच्ची को ड्रिप के माध्यम से एक्सपायरी इंजेक्शन चढ़ाने के मामले में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नाराजगी जताई है। उनके निर्देश पर अस्पताल प्रशासन ने वार्ड में तैनात सभी छह नर्सों को हटाकर नोटिस जारी किया है। जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित हुई है। कमेटी की रिपोर्ट आने बाद आगे की कार्रवाई होगी।

अलीगंज के रहने वाले सूरज की बेटी खुशी (10) पीलिया से ग्रस्त है। बाल रोग विभाग में भर्ती करके इलाज मुहैया कराया जा रहा है। पिता सूरज का आरोप है शुक्रवार को स्टाफ ने बच्ची को एक्सपायर इंजेक्शन चढ़ा दिया। यह देख परिजन ने विरोध जताया और मामले की शिकायत दर्ज कराई। मौके पर पहुंचे अफसरों ने छानबीन की। जांच दौरान पता चला बच्ची को एक्सपायर इंजेक्शन लगाया गया। शनिवार को वायरल वीडियो का उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गंभीरता से संज्ञान लिया। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर अस्पताल निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने सिस्टर इंचार्ज समेत छह नर्सों को हटाकर उन्हें नोटिस जारी गई है। मामले में चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है। सीएमएस के नेतृत्व में गठित कमेटी मामले की जांच करके अपनी रिपोर्ट देगी। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

ऐसी हुई थी चूक

अस्पताल प्रशासन का दावा है कि एक्सपायर इंजेक्शन को हटाकर उसे अलग रैक में रखा गया था। रैक में रखा इंजेक्शन जमीन पर गिर गया था। सफाईकर्मी ने सफाई दौरान मिले इंजेक्शन को उठाकर डेट वैक्यु वाले इंजेक्शन की रैक में रख दिया था। इस दौरान नर्स ने बिना एक्सपायरी डेट देखे ही बच्ची कोइंजेक्शन चढ़ा दिया।

अनैतिक गतिविधियों के कारण महिला डॉक्टर ने करा लिया था तबादला

अमृत विचार, लखनऊ : ओयो होटल में खोले गए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कार्यरत महिला डॉक्टर ने भी अनैतिक गतिविधियों से आहत होकर अपना तबादला करा लिया था। वर्तमान में कार्यरत डॉक्टर भी अक्सर नदारत रहता है। मरीजों की भी आवक कम है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग एयर एनएचएम के जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। संजय गांधी पुरम में बंधा के किनारे ओयो होटल में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को दिसंबर 2023 में खोला गया है। केंद्र में सबसे पहले यहां पर महिला डॉक्टर की तैनाती हुई थी। होटल के माहौल से पूर्व में तैनात महिला डॉक्टर आहत हुई थी। महिला डॉक्टर ने सीएमओ आफिस पहुंचकर दूसरे केंद्र पर तैनाती की मांग किया था। हवाला दिया था कि यहां पर माहौल ठीक नहीं है। जिसके बाद महिला डॉक्टर को दूसरी जगह पर तैनात किया गया था। इसके बाद यहां पर एक पुरुष डॉक्टर की तैनाती की गई थी। अब मामले में फजीहत बाद अफसरों के सुर बदल गए हैं। एनएचएम अफसरों का दावा है जहां पर केंद्र खुला है वहां से नाला पार स्लम एरिया है। इससे बेहतर स्थान कही और न मिलेगा। सीएमओ डॉ. मनोज के मुताबिक, होटल के एक हिस्से में केंद्र खुला है। इससे कोई आपत्ति नहीं है।

आईसीयू में मरीज को संक्रमण से बचाने को सफाई का रखें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसजीपीजीआई के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के स्थापना दिवस पर विशेषज्ञों ने किया जागरूक

अमृत विचार : आईसीयू में रोगी को संक्रमण का खतरा अधिक रहता है। भर्ती तीन रोगियों में से एक में डायरिया, पांच में एक सामान्य सर्दी समेत कई तरह के संक्रमण होने का खतरा रहता है। रोगी को संक्रमण से बचाने के लिए स्वास्थ्यकर्मी और तीमारदार को साफ सफाई पर ध्यान देना चाहिये। यह बातें शनिवार को पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमान ने माइक्रोबायोलॉजी विभाग के 36 वें स्थापना दिवस और विश्व हाथ स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में कहीं। निदेशक ने बताया कि मरीजों को बेवजह एंटीबायोटिक दवाएं नहीं खानी पड़ेंगी। अस्पताल में कम रुकने के साथ बीमारी भी तेजी से ठीक होगी।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. रूंगमेई एसके मराक के निर्देशन में विभाग के पीजी छात्रों और रेजिडेंट डॉक्टरों ने हाथ स्वच्छता दिवस पर आधारित लघु नाटिका और नृत्य प्रस्तुत किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। संस्थान के डीन डॉ. शालीन कुमार ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मी एक मरीज को देखने के बाद हाथों की सफाई करने के बाद ही दूसरे मरीज को छुएं। ग्लब्स भी बदलने चाहिए। इसका सख्ती से पालन कर संक्रमण के विस्तार को रोका जा सकता है। पूर्व छात्र सम्मेलन में शामिल पूर्व छात्रों ने पुरानी यादें साझा की। इस मौके पर लोहिया संस्थान के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉ.मनोदीप सेन, पीजीआई के डॉ. चिन्मय साहू समेत विभाग के डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी समेत पूर्व छात्र शामिल हुए।

गीला और सूखा कचरा अलग करने का तरीका बताया

अमृत विचार : रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के लिये शनिवार को नगर निगम मुख्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आरडब्ल्यूए को गीला और सूखा कचरा अलग करने के तरीके बताये गए। सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग करके देने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। कार्यशाला में अधिकारियों के न पहुंचने से आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई। उनका कहना है कि अपर नगर आयुक्त पांच मिनट के लिये आए और चले गए। नेहरू एन्क्लेव के आवंटियों ने नगर निगम के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि कर्मचारी नेहरू एन्क्लेव में सफाई करने के बाद कूड़ा जला देते हैं। पदाधिकारियों ने सफाई कर्मियों से कूड़ा न जलाने की अपील की।

शहीद पथ के पास बनेगा 500 बेड का मैक्स हॉस्पिटल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मैक्स अस्पताल के चिकित्सक व कर्मचारी। अमृत विचार

- मैक्स के चेयरमैन अभय बोले, विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 2500 करोड़ रुपये निवेश की योजना

अमृत विचार: मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अभय सोई ने कहा कि लखनऊ में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के लिए लगभग 2500 करोड़ निवेश करने की योजना है। इसमें शहीद पथ के पास 5.6 एकड़ ज़मीन पर 500 बिस्तरों वाला एक नया हॉस्पिटल बनाना और लखनऊ के मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की क्षमता बढ़ाना शामिल है। इसके अलावा यह निवेश अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक लाने में भी मदद करेगा। जिसमें रोबोटिक्स, कैंसर में रेडिएशन थेरेपी, प्रत्यारोपण (लिवर, किडनी, बोन मैरो, हृदय व फेफड़े के प्रत्यारोपण) और नर्सिंग शिक्षा शामिल हैं।

मंगलवार को गोमतीनगर स्थित हास्पिटल में आयोजित प्रेस वार्ता में सोई ने सहारा हॉस्पिटल का नाम बदलकर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल किए जाने की भी घोषणा की। इस हॉस्पिटल को बेहतर बनाने के लिए 150-200 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रहा है। इसमें नए उपकरण, 265 नए बेड और बुनियादी सुविधाओं में बदलाव शामिल हैं। हॉस्पिटल में कैंसर के इलाज के लिए एक नया केंद्र (मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर) भी खोला जाएगा। इसके साथ ही, अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन ट्रांसप्लांट) की सुविधा मज़बूत की जाएगी और बेहतरीन रोबोटिक सर्जरी सिस्टम भी शुरू किए जाएंगे। अत्याधुनिक मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर की शुरुआत, अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम को मजबूत करने और विश्व स्तरीय रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम की शुरुआत के साथ हॉस्पिटल में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि हमें यह उत्तर प्रदेश के विकास में भाग लेने का अवसर देता है जो कि 2027 तक 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। अपने निवेश के जरिए हम यूपी में 10,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

भावनात्मक रूप से जुड़े रहने को नाम में 'सहारा' जोड़ लिया जाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सहारा से दिल का रिश्ता रखने वालों की मंशा, कभी लखनऊ की शान रहे सहारा हॉस्पिटल को अब मैक्स ग्रुप ने कर लिया है अधिग्रहित

अमृत विचार : गोमती नगर स्थित सहारा हॉस्पिटल के मैक्स हॉस्पिटल होने से चिकित्सकीय सेवाओं में विस्तार हुआ है। मरीजों की संख्या बढ़ी है। इस संबंध में अमृत विचार ने लोगों की प्रतिक्रिया ली तो सामने आया कि सहारा समूह से जुड़े तमाम लोग आहत हैं। उनका मानना है कि मैक्स ग्रुप ने भले ही इसे अधिग्रहित कर लिया है, लेकिन मैक्स के नाम के साथ सहारा भी जुड़ा रहता तो लोगों का हॉस्पिटल से सीधे जुड़ाव बना रहता।

सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत राय उर्फ सहारा श्री के निधन के मात्र तीन सप्ताह बाद ही सहारा हॉस्पिटल की बिक्री हुई। हॉस्पिटल का मालिकाना हक बदलते ही यहां अपनी सेवाएं दे रहे लगभग 80 चिकित्सक, 350 नर्सेस, 150 पैरामेडिकल समेत सैकड़ों कर्मचारियों में कई के रास्ते बदल चुके हैं। नए स्वामित्व के आने से सहारा समूह में विभिन्न विभागों व संवर्ग के अधिकारियों व कर्मचारियों को रियायत दर पर मिलने वाली चिकित्सकीय सेवाएं बाधित होने से लोगों को कष्ट है।

सहारा के साथ भावनात्मक रूप से जुड़े तमाम लोगों के साथ, सहारा समूह में अपनी जमा पूंजी खपा बैठे लोग भी आहत हैं, कई लोगों ने बताया कि सहारा हॉस्पिटल बिकने के बाद हम लोगों के धन वापसी की उम्मीद कम हो गई है।

लोगों की प्रतिक्रिया

देश के लाखों लोग सहारा परिवार से सीधे जुड़े थे। एक समय था जब सहारा हॉस्पिटल लखनऊ की पहचान हुआ करता था। इसका नाम मैक्स के साथ जुड़ा रहता तो बेहतर होता। **-अनूप राजपूत**

मेरे कई रिश्तेदार सहारा ग्रुप से जुड़े थे। सुब्रत राय अपने कर्मचारियों को परिवार की तरह मानते थे। सहारा अस्पताल शीर्ष अस्पतालों में पहचाना जाता था। **-ललित कुमार कश्यप**

सहारा श्री अपने हर कर्मचारी को परिवार का सदस्य मानते थे। नए कारपोरेट सेक्टर के हाथों में सहारा हॉस्पिटल जाने के बाद नई सेवा शर्तें क्या होंगी, चिंता सता रही है। **-संतोष तिवारी**

मेरा मानना है कि मैक्स ग्रुप, नाम में सहारा जोड़कर सहारा का सम्मान करता तो जनता इसकी बहुत सराहना करती। इसका सीधा लाभ भी मैक्स ग्रुप को ही मिलता। **- उदय वाजपेयी**

निरीक्षण | एलडीए उपाध्यक्ष ने दिए बोलार्ड और फसाड लाइटें ठीक कराने के निर्देश

दूर होगा रिवर फ्रंट का अंधेरा, वाटर कूलर भी लगेंगे

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

रिवर फ्रंट का निरीक्षण करते एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

अमृत विचार : गोमती रिवर फ्रंट का अंधेरा दूर होगा और पर्यटकों के लिए वाटर कूलर व बच्चों के लिए झूले भी लगाए जाएंगे। ये निर्देश शनिवार को रिवर फ्रंट का निरीक्षण करने के बाद एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अधिकारियों और अभियंतओं को दिए।

किया जाएगा। यहां के बंद पड़े बोलार्ड और फसाड लाइटें लखनऊ विकास प्राधिकरण सही करायेगा। घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिये रिवर फ्रंट पर वाटर कूलर लगाये जाएंगे। इसके अलावा बच्चों के खेलने के लिए झूले लगाये जाएंगे। रिवर फ्रंट का निरीक्षण करके अधिकारियों और अभियंताओं को इसके निर्देश दिये।

रिवर फ्रंट पर अव्यवस्था की एलडीए उपाध्यक्ष से शिकायत की गयी थी। जिसमें कहा गया था कि लाइटें खराब पड़ी हैं, जिससे अंधेरा रहता है। शनिवार को उपाध्यक्ष ने रिवर फ्रंट का निरीक्षण किया।

उन्होंने बंद पड़े बोलार्ड और फसाड लाइटें सही कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा जहां अंधेरा रहता है वहां नई लाइटें लगाने के लिए भी निर्देशित किया है। उपाध्यक्ष ने टूटे डस्टबिन और शौचालय भी ठीक कराने के लिए कहा है। रिवर फ्रंट की सुरक्षा में लगे गार्ड नदारद मौजूद नहीं मिलने पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताई।

राजनाथ सिंह आज शाम पहुंचेंगे लखनऊ

अमृत विचार, लखनऊ : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रविवार शाम लखनऊ पहुंचेंगे। छह मई को शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और सात मई को विशाखापट्टनम के लिए रवाना होंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षामंत्री रविवार शाम 07:00 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। वहां से कालीदास मार्ग स्थित आवास के लिए प्रस्थान करेंगे। छह मई को शाम 6:00 बजे माधव सभागार, सरस्वती शिशु मंदिर निराला नगर में आयोजित समरसता कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 7:05 पर निराला नगर से दुबग्गा रिंग रोड जाएंगे। वहां फरीदीपुर में भूहर पुलिस चौकी के समीप आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। सात मई को को सुबह 09:30 बजे कालिदास मार्ग आवास से एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। सुबह 10:00 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से विशाखापट्टनम के लिए रवाना होंगे।

नहीं चले आरटीओ और एआरटीओ के सर्वर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीएल, वाहन ट्रांसफर व पंजीयन कराने आए लोग मायूस होकर लौटे
- आवेदकों को सोमवार को बुलाया गया

अमृत विचार: ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ और देवा रोड स्थित एआरटीओ कार्यालय में सर्वर न चलने से आवेदकों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। दोनों ही जगहों पर लाइसेंस और वाहन संबंधित कार्य प्रभावित रहे। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार पिछले तीन दिन से सर्वर सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा है। ऐसे में न तो आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर पा रहे हैं, ना ही कार्यालय में ऑनलाइन काम हो पा रहा है। जो आवेदक शनिवार को विभिन्न कार्यों से आरटीओ कार्यालय पहुंचे, उन्हें सोमवार को बुलाया गया है।

आरटीओ और एआरटीओ कार्यालय में बीते गुरुवार से सर्वर की समस्या चल रही है। ऐसे में ड्राइविंग लाइसेंस का टाइम स्लॉट लेकर आने वाले आवेदकों को वापस लौटना पड़ रहा है। साथ ही वाहनों के ट्रांसफर से लेकर पंजीयन तक में दिक्कतें आ रही हैं। दोनों ही कार्यालयों से पिछले तीन दिनों मे 500 से अधिक आवेदकों को वापस लौटना पड़ा। विभिन्न कार्यों के लिए आरटीओ कार्यालय पहुंचे आवेदकों को पहले घंटों इंतजार कराया गया। फिर सर्वर न चलने पर सोमवार को आने की सूचना दी गई। ऐसे में कई आवेदक नाराज हुए।

विभागीय कर्मचारियों से इनकी नोंक-झोंक भी हुई। एआरटीओ प्रशासन एके द्विवेदी ने बताया कि सर्वर के चलते जिनके कार्य नहीं हो सके हैं, उन्हें सोमवार को बुलाया गया है। सर्वर की समस्या दूर करने को मुख्यालय को कई पत्र भेजे जा चुके हैं। जल्द ही सर्वर की समस्या दूर कर ली जाएगी। सर्वर न चलने की समस्या प्रदेश भर में आ रही है।

एक नजर

मॉडल व दोस्त को पीटकर मोबाइल तोड़ा, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज स्थित एक कैफे से निकलकर घर जा रहे मॉडल के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मॉडल ने हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। लखीमपुर निवासी अनुज सोनी कैसरबाग के सिल्वर अपार्टमेंट में रहकर मॉडलिंग करता है। उसने बताया कि दोस्तों के साथ वह कॉफी पीने हजरतगंज स्थित कैफेटिलॉजी गया था। जहां से देर रात लौटते वक्त आदित्य ने पीछा कर पीटना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने अनुज का मोबाइल तोड़ दिया। आरोपियों ने बीच बचाव का प्रयास करने वाले उसके दोस्त अरहान को भी पीट दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी भाग गए। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया अनुज का कैफे में दोस्तों से ही झगड़ा हुआ था। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बदमाशों ने डेयरी संचालक से 56 हजार लूटे

अमृत विचार, मलिहाबाद : मलिहाबाद के मिर्जागंज चौराहे पर कार सवारों ने डेयरी संचालक को ओवरटेक कर रोक लिया और मारपीट कर 56 हजार रुपये लूट लिए। बदमाशों के चंगुल से छूटे डेयरी संचालक ने शोर मचाया, तो बदमाश भाग निकले। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थाना अंतर्गत नजर नगर निवासी उत्कर्ष यादव ने बताया कि 20 अप्रैल की रात करीब 11.30 बजे वह डेयरी बंद कर घर लौट रहे थे। मिर्जागंज चौराहा स्थित एसबीआई के पास पीछे से आई काले रंग की स्कार्पियों ने ओवरटेक कर रास्ता रोक लिया। उत्कर्ष कुछ समझ पाता उससे पहले ही स्कार्पियो से उतरे छह लोगों ने पीटना शुरू कर दिया। इसके साथ ही कार में रखे 56 हजार रुपये भी लूट लिए। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोगों को आता देख हमलावर भाग निकले। इंस्पेक्टर मलिहाबाद ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र ने सुसाइड नोट लिखकर लगाया फंदा

लिखा, बहुत कोशिश के बाद कुछ नहीं हो पा रहा, अब जीने की इच्छा नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ महानगर थाना क्षेत्र का मामला, कमरे के अंदर पंखे से लटका मिला शव

अमृत विचार : महानगर इलाके में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र ने सुसाइड नोट लिख फंदे से लटक कर जान दे दी। उसने लिखा बहुत कोशिश के बाद भी अब मुझसे कुछ हो नहीं पा रहा है, अब जीने की इच्छा नहीं है। पता है ये बुजदिल तरीका है, लेकिन और कोई रास्ता नहीं दिख रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

यह लिखकर बीटेक करने के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र विदित भार्गव (29) ने शुक्रवार रात फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

महानगर निवासी सुरेश भार्गव के मुताबिक बेटे विदित भार्गव (29) ने बीबीडी यूनिवर्सिटी से बीटेक किया था। इस समय वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पुलिस के मुताबिक परिवार वालों ने बताया कि शुक्रवार देर रात विदित पढ़ाई करने के बाद उसी कमरे में सो गया। रात करीब तीन बजे दरवाजा अंदर से बंद होने पर परिजन ने कई बार विदित के नंबर पर कॉल की, लेकिन रिसीव नहीं हुई। इसके बाद दरवाजा खटखटाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका पर परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो विदित रस्सी से पंखे पर लटका मिला। परिजन आनन-फानन में फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पिता सुरेश का कहना है कि बेटा तीन चार दिन से परेशान चल था, लेकिन पूछने के बाद भी कुछ बता नहीं रहा था। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया सूचना पर घटना स्थल की जांच की। इसमें विदित के पास से सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार किसी को नहीं ठहराया है। लिखा कि जीवन से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। सुसाइड नोट जांच के लिए भेजा है।

प्रॉपर्टी डीलर का फंदे से लटका मिला शव

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात प्रॉपर्टी डीलर का शव फंदे से लटका मिला। परिजन ने आत्महत्या का कारण पता होने से इनकार किया है। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। थाना अंतर्गत गायत्री नगर निवासी सचिन के मुताबिक पिता वीरेन्द्र शुक्ला (49) प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। शुक्रवार को उसकी मामी घर आईं थी। रात में खाना खाने के बाद वह छत पर सोने चला गया। पिता कमरे में थे। मां मोना बर्तन धुल रहीं थी। इसी दौरान मामी कमरे में पहुंचीं तो पिता को पंखे से चादर के फंदे से लटका देखा। मामी की चीख सुनकर सचिन व मां आनन-फानन फंदे से उतार कर अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया परिजन ने आरोप से इनकार किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

बाइक चालक को हेलमेट देते परियोजना प्रमुख प्रदीप सिंह। अमृत विचार

बाइक सवारों को हेलमेट बांट किया जागरूक

संवाददाता, निगोहां

अमृत विचार : सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शनिवार को बाइक सवारों को टोल प्लाजा कर्मियों ने पुलिस टीम के साथ हेलमेट बांटे।

परियोजना प्रमुख प्रदीप सिंह के नेतृत्व में टोल मैनेजर राकेश सिंह ने बताया कि 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत कैम्प लगाकर वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात के लिये जागरूक किया गया।

इसी क्रम में एसआई अमित वर्मा और एनएचआई के इंजीनियर पंकज कुमार ने बाइक चालकों को हेलमेट बांट कर जागरूक किया और सुरक्षित यात्रा का संदेश दिया। परियोजना प्रमुख प्रदीप सिंह, टोल मैनेजर राकेश सिंह, ट्रैफिक मैनेजर मधु समेत अन्य रहे।

सफाई कर्मी पिता-पुत्र की मौत का आरोपी ठेकेदार गिरफ्तार

वजीरगंज पुलिस ने बिहार के गोपालगंज से पकड़ा, जेल भेजा गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ केके स्पन के निदेशक और सुपरवाइजर की तलाश कर रही पुलिस

▸▸ रेजीडेंसी के पास सीवर सफाई करते समय बुधवार को हुआ था हादसा

अमृत विचार : रेजीडेंसी के पास सीवर लाइन की सफाई के दौरान पिता और पुत्र की मौत के मामले में आरोपी ठेकेदार को वजीरगंज पुलिस ने शनिवार तड़के बिहार के गोपालगंज से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी केके स्पन कंपनी के निदेशक हिमांशु गुप्ता और सुपरवाइजर कैलाश की तलाश कर रही है। तीनों आरोपियों के खिलाफ मृतक के बेटे ने गैर इरादतन हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी ठेकेदार कृपाशंकर पांडेय मूलरूप से बिहार के गोपालगंज जनपद के विजयीपुर थानाक्षेत्र स्थित बंजरिया गांव का रहने वाला है। वह परिवार सहित कानपुर के बांकेलालपुरम स्वर्ण जयंती बिहार कॉमलनगर में रहता है। वहीं से अपनी फर्म का संचालन करता है। वह केके स्पन कंपनी का पेटी ठेकेदार है। उसकी साइट पर सीतापुर के कमलापुर स्थित सरवरपुर निवासी सोबरन लाल और उसके बेटे सुशील सीवर लाइन की सफाई का काम करते थे। बुधवार को दोनों की मैनहोल में उतरकर सीवर लाइन में काम करते समय दम घुटने से मौत हो गई थी। इस मामले में सोबरन के छोटे बेटे विनय कुमार ने केके स्पन कंपनी के निदेशक हिमांशु गुप्ता, ठेकेदार कृपाशंकर और सुपरवाइजर कैलाश पर गैर इरादतन हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीम कानपुर और राजस्थान गई थीं। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक देर रात को टीम को आरोपी ठेकेदार की लोकेशन बिहार के गोपालगंज में मिली। टीम सुबह करीब 3 बजे गोपालगंज के विजयीपुर स्थित बंजरिया गांव में दबिश देकर ठेकेदार को घर से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक ठेकेदार आरोपी को शनिवार को एसीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

दोनों मजदूरों के आश्रितों को दिए गए 30-30 लाख रुपये के चेक



मृतक की पत्नी को चेक सौंपते जल निगम के अधिशासी अभियंता अतहर। अमृत विचार

अमृत विचार लखनऊ : रेजीडेंसी के पास बुधवार को सीवर सफाई के दौरान जहरीली गैस से दम घुटकर सीतापुर के दो मजदूर पिता-पुत्र की मृत्यु हो गयी थी। जिसमें जल निगम के ठेकेदार और अभियंताओं की लापरवाही सामने आयी थी। सीवर सफाई के दौरान मृत्यु होने पर 30 लाख रुपये मुआवजे का प्रावधान है। शनिवार को जल निगम के अधिशासी अभियंता अतहर के साथ जल निगम की टीम मृतक शोबरन और सुशील यादव के सीतापुर स्थित ग्राम सरवरपुर पहुंची। टीम ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात करके उन्हें सांत्वना दी। साथ ही दोनों मृतकों की पत्नियों को 30-30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा।

सचिवालय में नौकरी का झांसा देकर छात्रा से रुपये व गहने हड़पे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पीड़ित परिजन ने आरोपियों पर ठाकुरगंज में दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : सचिवालय में नौकरी लगवाने का झांसा देकर जालसाजों ने किशोरी से 3.75 लाख नकदी और लाखों के गहने हड़प लिये। मामले में डीसीपी पश्चिमी डॉ. दुर्गेश कुमार के आदेश पर ठाकुरगंज पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की है।

ठाकुरगंज के न्यू हैदरगंज निवासी कंचन गौतम ने बताया कि बेटी पूजा गौतम 11वीं कक्षा की छात्रा है। पूजा की इंस्टाग्राम पर वन्दना नाम की युवती से पहचान हुई थी। दोनों की बातचीत होने लगी। तो वन्दना ने बेटी को सचिवालय में नौकरी लगवाने का झांसा दे काकोरी के सिवरी निवासी गुफरान अहमद, आदित्य गुप्ता व उसके बड़े भाई आदर्श गुप्ता से मिलवाया। आरोपियों ने नौकरी लगने के बाद घर पर जानकारी देने की बात कही। झांसे में आयी पूजा ने चुपचाप 3.75 लाख नकद व लाखों के गहने आरोपियों को दे दिये। पिता ओम प्रकाश ने बताया कि 24 अप्रैल को अलमारी खोली तो जेवर और रुपये गायब मिले। तब बेटी ने पूरी घटना बताई। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया आरोपियों की तलाश की जा रही है।

समलैंगिक युवक ने गहने छीन पत्नी को घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गंजा होने, बिग लगाने और व्हाट्सअप पर युवक से मिली चैटिंग

▸▸ ठाकुरगंज थाने में पीड़िता के पिता ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार: समलैंगिक होने की बात छुपाकर युवक ने युवती से शादी कर ली। दूरी बनाने पर महिला ने पति के मोबाइल पर व्हाट्सअप चैटिंग देखी तो दूसरे युवक से बात करने व समलैंगिक होने का खुलासा हुआ। यही नहीं गंजापन छिपाने युवक के बिग लगाने का खुलासा हुआ। पीड़िता ने विरोध किया तो लाखों के गहने छीन मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित पिता ने मामले में पति समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ठाकुरगंज थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता के मुताबिक, बेटी की शादी इसी वर्ष 29 जनवरी को लखीमपुर खीरी के मिश्राना कोतवाली अंतर्गत शास्त्री नगर निवासी असीमपुरी के साथ की थी। शादी में दान दहेज आदि में उन्होंने करीब 20 से 25 लाख रुपये खर्च किये थे। 30 जनवरी को बेटी विदा होकर ससुराल पहुंची। जहां उसी रात पति के कहने पर सास ने बेटी के गहने व तीन लाख रुपये भी रख लिये। पति बहाना बनाकर दूसरे कमरे में सो गया। इसके बाद नौकरी पर

जाना जरूरी बता बेटी को अकेला छोड़ कर चला गया। बेटी के बार बार कहने पर 45 दिन बाद उसे लेकर बैंकाक घूमने गया। वहां भी बहाने बाजी कर बेटी से दूरी बनाये रहा। तब बेटी को पता चला कि पति गंजा है वह बिग लगाता है। बैंकाक से भी नौकरी में जरूरी काम होने की बात कह लौट आया। जब यहां भी बेटी से दूरी बनाते रहा तो शक होने पर पति के मोबाइल पर व्हाटसअप चैट चेक की। जिसमें युवराज नामक युवक से की गई चैटिंग से पता चला कि पति समलैंगिक है।

बेटी ने जिंदगी बर्बाद करने का आरोप लगा ससुरालवालों को खरीखोटी सुनाई तो मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। फोन पर बेटी की आपबीती सुन पिता लेने गये तो उनको भी धमकाया और गहने आदि लेकर घर से निकाल दिया। पीड़ित पिता ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया।

इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया पति, सास, ससुर व देवर पर प्रताड़ना समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

सार-संक्षेप

युवक को बंधक बना कर पीटा, एक लाख रंगदारी वसूली

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज स्थित कचहरी में मुकदमे की पैरवी के लिए आए युवक के साथ बंधक बनाकर मारपीट कर एक लाख रुपये रंगदारी मांगने को मामला सामने आया है। चंगुल में फंसे युवक ने 50 हजार रुपये दिये तब छोड़ा गया। पीड़ित ने प्रार्थना-पत्र देकर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैसरबाग निवासी मो. जुबैर के मुताबिक शुक्रवार को एक मुकदमे की पैरवी में कचहरी गए थे। जहां अपने वकील का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान करीब एक बजे काले कपड़े पहन कर पांच लोग पहुंचे और उससे मारपीट की। इसके बाद घसीट कर एक चैम्बर में बंधकर बना वहां भी पीटा। इस बीच वजीरगंज निवासी प्रशांत जायसवाल पहुंचे, जिनके साथ जुबैर का विवाद चल रहा है। पीड़ित का आरोप है कि प्रशांत के उकसाने पर आरोपियों ने एक लाख रुपये मांगे। रुपये नहीं देने पर बंधन मुक्त करने से मना कर दिया था। चैम्बर में फंसे जुबैर ने फोन कर परिचितों से 50 हजार रुपये मंगाकर दिये। तब उसे बंधन मुक्त किया गया। जुबैर का कहना है कि आरोपियों ने पुलिस के पास जाने पर दोबारा पीटने की धमकी दी। इससे वह काफी डर गए थे। घर वालों से बात करने के बाद जुबैर कोतवाली पहुंचे। जहां प्रशांत जायसवाल और छह अन्य के खिलाफ बलवा, मारपीट और बंधक बनाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

डॉक्टर के घर चोरी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला पुलिस ने नर्सिंग होम संचालक के घर में चोरी करने वाले पांच पेंटरों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चार लाख के जेवर बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर बाजारखाला संतोष कुमार आर्य के मुताबिक मिल रोड निवासी डॉ. परमानंद पाण्डेय बाला नर्सिंग होम चलाते हैं। 9 फरवरी को उन्होंने घर में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने ऐशबाग के करेहटा निकवासी कुन्दन, अविनाश, करन कश्यप, करन राजपूत व चिताखेड़ा के अभिषेक मिश्रा को गिरफ्तार किया। कुन्दन के खिलाफ विभिन्न थानों मे 12 मामले दर्ज हैं। इसी तरह अविनाश पर चार और अभिषेक पर तीन मामले दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया जिस घर में चोरी करते थे। पहले उसकी रेकी करते थे। घर में कितने लोग रहते हैं। कब कौन आता है, इसकी जानकारी करते थे। इसके अलाव जिस घर में कम लोग और बुजुर्ग रहते थे उसे निशाना बनाते थे। आरोपित काम खोजने के बहाने निकलते थे। काम मिलने पर उस घर और आसपास के घर की रेकी करते थे। चार लोग घर देर रात घर में घुसते थे। एक साथी बाहर रहता था। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

दो अधिवक्ता बहनों और मां पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल के आदेश पर इंदिरानगर थाने में अधिवक्ता बहनों, उनकी मां समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित महिला ने फर्जी कागजात से बैंक कर्मियों से मिलीभगत कर उसके प्लाट से लोन लेने का आरोप लगाया है। आलमबाग थाना अंतर्गत रामनगर निवासी रोमिल खट्टर ने जेसीपी को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 6 मई 2023 को उन्होंने ग्राम अमराई में नूरबानों पत्नी अब्दुल निवासी उत्तरौला बलरामपुर से प्लाट खरीदा था। जिसका बैनामा उप निबंधक सदर द्वितीय के यहां कराया था। 23 अप्रैल 2024 को वह पहुंचीं तो कुछ लोग उनके प्लाट की माप करते दिखे। उसने उनका परिचय पूछा तो खुद को बैंक कर्मी बताया। बैंक कर्मियों ने यह भी बताया कि उक्त प्लाट पर तमन्ना आजिम, उसकी और पड़ोसी ममता वसी ने पीरामल कैपिटल फाइनेंस बैंक से लोन के लिये आवेदन किया है। जिसकी बैंक से मंजूरी भी मिल गई है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने बैंककर्मियों से सांठगांठ कर उसके प्लाट के फर्जी कागजात लगा रकम हड़प ली। पीड़िता ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

समीक्षा अधिकारी की पत्नी और साली से 16 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हजरतगंज कोतवाली में दर्ज हुई प्राथमिकी

अमृत विचार : सचिवालय में तैनात समीक्षा अधिकारी की पत्नी व साली साइबर ठगों के झांसे में आ गई। दोनों ने ऑन लाइन कमाई करने के चक्कर में 16 लाख रुपये गवां दिए। साइबर जालसाजों ने तीन फर्जी संस्था बनाकर ठगी की। समीक्षा अधिकारी ने हजरतगंज कोतवाली में तीन संस्था के नाम से प्राथमिकी दर्ज कराई।

पुलिस के मुताबिक रविंद्र कुमार दुबे सचिवालय में समीक्षा अधिकारी के पद पर तैनात हैं। रविंद्र ने हजरतगंज कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी पत्नी रितु तिवारी व साली नुपूर तिवारी ऑन लाइन ट्रेडिंग सीख रही थीं। इसी बीच उनको फेसबुक पर अपोलो स्टॉक ट्रेडिंग प्लेटफार्म नाम का एक लिंक मिला। जो ऑन लाइन ट्रेडिंग सिखाने का दावा कर रहा था। वह इससे प्लेटफार्म से जुड़ गई। संस्था ने ऑनलाइन ट्रेडिंग क्लासेस के लिए अपोलो बिजनेस स्कूल क्यू-3 नाम के व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया। इसी पर ऑन लाइन स्टडी मटेरियल, शेयर, क्लासेस की सूचना दी जाने लगी। बताया कि इस प्लेटफार्म में निवेश करने से अच्छे रिटर्न की गारंटी है। इसके बाद रितु को प्राइवेट इक्विटी फंड (अपोलो) प्लेटफार्म से जोड़कर 7 लाख रुपये कुछ खातों में जमा कराए। वहीं उनकी साली नुपूर को भी इसी तरह का झांसा देकर करीब 9 लाख रुपये ठगे। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

डायरेक्टर बन एसबीआई प्रबंधक से ठगे 8.20 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मुख्य प्रबंधक ने विकासनगर कोतवाली में आरोपी पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार: एसबीआई बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय की मुख्य प्रबंधक ने युवक पर खाता धारक बन 8.20 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रार्थना-पत्र देकर विकासनगर कोतवाली में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इंदिरानगर के शिवाजीपुरम निवासी आकृति श्रीवास्तव अलीगंज के कपूरथला स्थित एलडीए के कांप्लेक्स में एसबीआई बैंक क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य प्रबंधक हैं। आकृति के मुताबिक विकास नगर शाखा प्रबंधक मनोज कुमार के पास 20 अप्रैल को एक कॉल आई थी। फोनकर्ता ने खुद को कुलदीप मोटर्स का डायरेक्टर सर्वजीत सिंह कालरा बताकर नया खाता

खोलने और एफडी कराने की बात कही थी। 23 अप्रैल को शाखा प्रबंधक से सर्वजीत ने दोपहर में मिलने की बात कही। लेकिन मुलाकात नहीं की। मुख्य प्रबंधक का आरोप है कि अगले दिन आरोपी सर्वजीत ने मनोज को वाट्सएप पर फर्म के नाम पर एक लेटर हेड भेजा। जिसमें लिखा कि इसी शाखा में पूर्व से संचालित एक खाते से उसे किसी को आठ लाख रुपये भेजने हैं। उसकी चेकबुक खत्म हो गई। आप बताए गए बैंक में रुपये ट्रांसफर कर दें, मैं एक घंटे में मूल अधिकार पत्र भेज दूंगा।

मनोज ने लेटर हेड पर हस्ताक्षर व मोहर का बैंक के रिकॉर्ड से मिलान कर आठ लाख रुपये बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए। जब काफी देर होने के बाद भी उन्हें मूल अधिकार पत्र नहीं मिला तो संदेह हुआ। शाखा प्रबंधक ने सर्वजीत के नंबर पर कॉल की तो स्विच ऑफ मिला। मनोज ने जब फर्म के कर्मचारी परमिंदर से संपर्क किया तो उन्हें ठगी का पता चला। इंस्पेक्टर विकास नगर ने बताया मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

कृषि फार्म में लगी आग, तीन एकड़ फसल राख

कृषि फार्म में आग लगने से जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार : बिजली लाइन के टूटने से हुये शार्ट सर्किट से कृषि फार्म में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत से आग पर काबू पाया। घटना शनिवार की है। रहीमाबाद स्थित कृषि फार्म में बिजली लाइन टूटने से हुये शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने फसल को चपेट में ले लिया। लपटें व धुआं का गुबार देख ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गयी। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मी व पुलिस ने जब तक आग पर काबू पाया। तीन एकड़ गेहूं की फसल खाक हो चुकी थी।

आग से अंडे की दुकान और पराली जली

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर, बिजनौर और बंथरा इलाके में शनिवार को आग से अंडे की दुकान और दो खेतों में पड़ी पराली जल कर राख हो गयी। सरोजनीनगर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह के मुताबिक हाइडिल पावर हाउस में जयराजपुरी कॉलोनी निवासी राजू की अंडे की दुकान है। दोपहर करीब 12 बजे संदिग्ध हालात में दुकान में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक करीब 5000 का सामान जल कर राख हो गया। उधर, बिजनौर पावर हाउस के बगल के खेतों में पराली में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इधर, बंथरा स्थित खसरवारा गांव के पास भी खेतों में खड़ी पराली में आग लग गई। लपटें उठती देख लोगों ने सरोजनीनगर फायर कंट्रोल रूम में सूचना दी। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी।

कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज थाना अन्तर्गत इन्द्रजीतखेड़ा मार्ग पर प्राथमिक विद्यालय के सामने से व्यक्ति गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। थाना मोहनलालगंज के उप निरीक्षक सुबोध कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जब व्यक्ति को रुकने को कहा गया तो उसने भागने का प्रयास किया। जिसको कुछ दूर जाकर पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम सूरज कुमार निवासी इन्द्रजीतखेड़ा बताया। उसने बताया कि गांव से कच्ची शराब लेकर वह मोहनलालगंज बेचने जा रहा था।

फिंगर प्रिंट से सुलझेगी मौत की गुत्थी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

हत्या या आत्महत्या

▸▸ आलमबाग रेलवे इंडोर हॉस्पिटल कर्मी मंशाराम की मौत का मामला

▸▸ पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर्फ एक घाव की पुष्टि, अधिक रक्तस्राव से हुई मौत

अमृत विचार : आलमबाग रेलवे इंडोर हॉस्पिटल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मंशाराम (52) की संदिग्ध मौत का मामला उलझ गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गले में एक चोट के निशान मिले हैं। अधिक रक्तस्राव के कारण मौत होने की पुष्टि हुई। मंशाराम ने आत्महत्या की थी या उसकी किसी ने हत्या कर दी। इस गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस फिंगर प्रिंट रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। वहीं, साथ ही मेडिको लीगल एक्सपर्ट की राय लेगी। शुक्रवार को मौके से बरामद चाकू को जांच के लिए भेजा गया है।

मूल रूप से उत्तराखंड चमौली ग्राम संकड निवासी मंशाराम रजनीखण्ड में परिवार के साथ रहते थे। मंशाराम शुक्रवार सुबह इंडोर हॉस्पिटल गए थे। दोपहर करीब 11.30 बजे सीएमएस कार्यालय के पास उनका शव खून से लथपथ पड़ा मिला। गला रेता गया था। पूरे फर्श पर खून फैला हुआ था। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक की जांच के आधार पर मंशाराम के आत्महत्या करने की बात स्पष्ट हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मेडिको लीगल एक्सपर्ट से राय ली जाएगी। जिससे मौत कैसे हुई यह स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस को एक चाकू भी मिला था। जिस पर मौजूद फिंगर प्रिंट का मिलान भी कराया जाएगा। जिसके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मंशाराम ने खुदकुशी की है या फिर उनकी हत्या करने के बाद शव फेंका गया था। वहीं, मंशा राम ने आत्महत्या के लिए अस्पताल ही क्यों चुना? वहीं एक बार में कोई व्यक्ति गला कैसे रेत सकते हैं? यही नहीं इसके बाद चाकू कूड़ेदान तक कैसे फेका? इन सब बातों का सवाल दूसरे दिन भी पुलिस को नहीं मिल सका है। पुलिस इन बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में कोई आता जाता नहीं दिखा।

एक नजर

बिजली मजदूर संगठन की कमेटी घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र बिजली मजदूर संगठन की बैठक शनिवार को महामंत्री आबिद सुहैल की देखरेख मे सेस प्रथम नादरगंज डिवीजन में आयोजित की गई। जिसमें सेस कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक मनीष गुप्ता, राम मनोहर जायसवाल के साथ संरक्षक रंजना अवस्थी और अध्यक्ष सुमित बाजपेयी को चुना गया। इसके अलावा कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार के साथ संतोष सिंह, दुर्गा प्रसाद, विकास वर्मा, सुहेल सिद्दीकी और मंत्री प्रेम शंकर, कोषाध्यक्ष निर्मल कुमार, राजेश कुमार रावत, सतीश चंद्र सहित कार्यकारिणी के लिए कई सदस्यों का चुनाव किया गया, जिसके बाद सभी सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

सपा को कार्यकर्ता मिल रहे न साथी : भूपेंद्र चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा की स्थिति पर दया आ रही है, न उन्हें अच्छे साथी मिले और न ही कार्यकर्ता। इसी वजह से उनकी सभाओं में लोग तक नहीं जुट रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार को अखिलेश यादव की बदायूं रैली पर करारा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, प्रदेश में कांग्रेस को अपनी बैसाखी बनाया है, जिसके दोनों पाये पहले से ही टूटे हुए हैं। जीत के लिए उन्हें आम कार्यकर्ता नहीं, बल्कि परिवार के लोगों पर भरोसा है। भूपेंद्र चौधरी ने वैक्सीन पर झूठ फैलाने को लेकर भी अखिलेश को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि तरस आता है ऐसे लोगों पर, जो वोट बैंक की राजनीति के कारण वो भोली मासूम जनता को भ्रमित करने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। देश के बड़े-बड़े डॉक्टरों ने इनके झूठ की पोल खोल दी है, लेकिन ये बेशर्मी से अब भी झूठ बोले जा रहे हैं।

जीतना है तो गेंदबाजों को करना होगा दमदार प्रदर्शन

इकाना में 7वां और अंतिम मैच खेलने उतरेगी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम, कोलकाता नाइट राइडर्स से होगी टक्कर

अभ्यास करते लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी स्टोइनिस। अमृत विचार

राजधानी पहुंची कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए।

मैदान में अभ्यास करते लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स अपने घरेलू स्टेडियम में सातवां और अंतिम मैच खेलने उतरेगी। इस मैच में लखनऊ के सामने बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की कोलकाता नाइटराइडर्स की चुनौती होगी।

रविवार को कोलकाता के खिलाफ लखनऊ के गेंदबाजों को दमदार प्रदर्शन करना ही होगा। इकाना में मुंबई इंडियंस के विरुद्ध लखनऊ के गेंदबाजों को प्रदर्शन शानदार रहा। लखनऊ को एक बार फिर से वह प्रदर्शन दोहराना होगा। मुंबई के सॉल्ट सुनील नारायण और आंद्रे रसल जैसे विस्फोटक बल्लबाजों के खिलाफ लखनऊ के गेंदबाजों को लाइन लेंथ पूरा ध्यान रखना होगा। इन पर लगाम लगा कर ही लखनऊ जीत का सेहरा पहन सकेगी।

पिछले मैच में तेज गेंदबाज मयंक यादव के चोटिल होने से लखनऊ की मुश्किलें बढ़ गई है। ऐसे में टीम में एक बार फिर यश ठाकुर को जगह मिलनी तय है। लखनऊ के बल्लेबाजों में मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन फार्म में है। कप्तान केएल राहुल भी आतिशी बल्लेबाजी कर रहे हैं। ऐसे में इन भी खिलाड़ियों से टीम प्रबंधन को एक बार फिर खासी उम्मीदें हैं।

शीर्ष पर पहुंचने को बेकरार कोलकाता नाइटराइडर्स : रविवार को कोलाकाता टीम दर्ज कर अंकतालिका में टॉप पर पहुंचने को बेकरार है। ऐसे में यह मुकाबला उसके लिए बेहद अहम होगा। श्रेयस अय्यर की टीम के कई खिलाड़ी फार्म में चल रहे हैं। हरफनमौला खिलाड़ी सुनील नारायण किसी भी मुकाबले को एक तरफा बनाने में सक्षम हैं। साथ ही विकेटकीपर बल्लेबाज फिल सॉल्ट और हरफनमौला आंद्रे रसल लखनऊ के जीत के सपने को तोड़ सकते हैं। मेंटर गौतम गंभीर लखनऊ के भी मेंटर रह चुके हैं, ऐसे में उन्हें लखनऊ की खामियां मालूम होगी, जो सुपर जायंट्स को परेशानी में डाल सकती हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स

- केएल राहुल से टीम प्रबंधन को खासी उम्मीद है। वे लंबी और आतिशी पारी खेल कर टीम के लिए अपनी उपयोगिता साबित करेंगे। उन्होंने अब तक 10 मैच में 40 .60 की औसत से 406 रन (स्ट्राइक रेट 142 .95) बनाए हैं।
- स्टोइनिस लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अब तक 10 मैच में 39 .50 की औसत से 316 रन (स्ट्राइक रेट 151 .92) बनाए हैं।
- यश ठाकुर 8 मैच में दस विकेट और मोहसिन खान 7 मैच में नौ विकेट लेकर टीम को मैच जिताने में खासा योगदान किया है। इस बार भी इन गेंदबाजों के कंधों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी।

कोलकाता नाइट राइडर्स

- फिल सॉल्ट किसी भी गेंदबाज की धुनाई करने में सक्षम हैं। वह अकेले ही कोलकाता को जीत दिलाने का दम रखते हैं। उन्होंने अब तक 10 मैच में 44 .11 की औसत से 397 रन (स्ट्राइक रेट 180 .45) बनाएं हैं।
- सुनील नारायण को टीम का सबसे सफल खिलाड़ी कहना गलत नहीं होगा। उन्होंने 10 मैच में 38 की औसत से 380 रन (स्ट्राइक रेट 179 .24) बनाए हैं। उन्होंने 10 मैच में 13 विकेट भी लिए हैं।
- वरुण चक्रवर्ती 10 मैच में 13 विकेट लेकर फार्म में चल रहे हैं।

आमने-सामने

- *14 अप्रैल 2024- कोलकाता 8 विकेट से जीता
- *20 मई 2023- लखनऊ 1 रन से जीता
- *18 मई 2022-लखनऊ 2 रन से जीता
- *7 मई 2022- लखनऊ 75 रन से जीता

नारों के बीच हुआ अतुल अंजान का अंतिम संस्कार

विद्युत शवदाह गृह में किया गया अंतिम संस्कार, बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव कामरेड अतुल अंजान का शनिवार की शाम को विद्युत शवदाह गृह में अंतिम संस्कार कर दिया गया। अपने नेता के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में किसान सभा के सदस्य उनके घर, पार्टी दफ्तर और श्मशान तक मौजूद रहे और लाल सलाम के नारे बुलंद करते रहे।

शुक्रवार को एक निजी अस्पताल में अतुल अंजान के निधन के बाद यह तय हुआ था कि सुबह नौ बजे से 10 बजे तक उनके हलवासिया स्थित आवास पर और इसके बाद डेढ़ बजे तक पार्टी दफ्तर में अंतिम दर्शन का कार्यक्रम चलेगा। दो बजे शवयात्रा श्मशान के लिए रवाना हो जायेगी लेकिन उनके घर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के अलावा बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं के आने का सिलसिला साढ़े 11 बजे तक चलता रहा। इससे आगे के कार्यक्रमों पर भी फर्क पड़ा और उनकी अंतिम यात्रा शाम चार बजे बैकुंठ धाम पहुंची।

अतुल अंजान के अंतिम दर्शन के लिए सीपीआई महासचिव डी. राजा, रानी राजा, एटक की अमरजीत कौर, सीपीआईएम के महामंत्री बीजू कृष्णन, राज्य सचिव हीरालाल, विक्रम सिंह, सीपीआई के प्रदेश मंत्री अरविन्द राय, डॉ. गिरीश, समाजवादी पार्टी से राजेन्द्र चौधरी, अरविन्द सिंह गोप, रविदास मेहरोत्रा, कांग्रेस से अमीर हैदर, रमेश श्रीवास्तव, आशीष अवस्थी, राष्ट्रवादी कांग्रेस से डॉ. रमेश दीक्षित, सिराज मेहदी, वंदना मिश्रा, शकील सिद्दीकी, वीरेन्द्र यादव, इप्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कबीर, नाइश हसन और अतुल अंजान की बहनों की मौजूदगी रही।

कामरेड अतुल अंजान के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते महासचिव डी राजा, एनी राजा व पार्टी के अन्य पदाधिकारी।

शोकसभा आज, कल शांतिपाठ का आयोजन

रविवार को शाम पांच बजे गोमतीनगर स्थित कैप्टन मनोज पाण्डेय चौक के पास अतुल अंजान की शोक सभा का आयोजन किया जायेगा। सोमवार को शाम साढ़े चार बजे से लालबाग स्थित हरिओम मंदिर में अतुल अंजान के परिवार के लोग शांतिपाठ करेंगे।

मुकाबले को एकतरफा बनाने वाले सुनील को रोकना होगा : नवीन उल हक

लखनऊ टीम के गेंदबाज ने कहा, कोलकाता के खिलाफ अहम मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: आईपीएल मुकाबले के दौरान कोलकाता नाइटराइडर्स के सुनील नारायण को रोकने की पूरी तैयारी होगी। वे ऐसे खिलाड़ी हैं, जो मुकाबले को एकतरफा बना देते हैं। कोलकाता के खिलाफ हमारे लिए यह अहम मुकाबला होगा। इसके लिए लखनऊ टीम पूरी ताकत झोंकने को तैयार है। घर में हम कोलकाता को शिकस्त देने के इरादे से उतरेंगे। लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने ये बातें प्रेस कांफ्रेंस में कहीं।

नवीन उल हक

शनिवार को एक निजी होटल में आयोजित कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि कोलकाता टीम के मेंटर के रूप गौतम गंभीर हैं, जो हमारी टीम के मेंटर रह चुके हैं। ऐसे में यह मुकाबला आसान नहीं होने वाला है।

लखनऊ के तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने कहा कि आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी लीग है। अफगानिस्तान के कई खिलाड़ी काफी समय से इससे जुड़े हुए हैं। भारत में देहरादून, नोएडा और लखनऊ अफगानिस्तान टीम का होम ग्राउंड रहा है। इन जगहों पर हमारा प्रदर्शन शानदार रहा है। इकाना में खेलने का हमारे खासा अनुभव है।

मयंक की जल्द होगी वापसी

गेंदबाज नवीन ने बताया कि तेज गेंदें डालने के चक्कर में यदि मयंक चोटिल हुए हैं, तो पहले दो मैचों में उनके साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ। उन मैचों में उनकी गेंदों की रफ्तार सबसे अधिक रही। लेकिन ऐसा नहीं है। वह शानदार गेंदबाज हैं। जल्द ही वह अपनी चोट से उबर कर मैदान में वापसी भी करेंगे। चोट को लेकर अधिक परेशान होने की जरूरत नहीं है, कभी भी कोई खिलाड़ी इसका शिकार हो सकता है।

भूल चुका हूं विराट के साथ हुआ वाकया

नवीन उल हक ने बताया कि पिछले वर्ष हुए आईपीएल में विराट साथ हुई बातों को भूल चुका हूं। उन सभी यादों को काफी पीछे छोड़ आया हूं। इसके बाद हम विश्वकप मुकाबले में मिले थे। लेकिन कुछ नहीं हुआ। आईपीएल के इस सत्र में भी उनसे मुलाकात हो चुकी है। पुरानी बातों को याद रखने का कोई फायदा नहीं है। बताते चले कि पिछले वर्ष लखनऊ में हुए मुकाबले में विराट और नवीन उल हम में नोंक-झोंक होने का मामला हुआ था।

शोकसभा में याद किए गए अतुल अंजान

अमृत विचार, लखनऊ : यूनाइटेड उद्योग व्यापार मंडल ने तहसील सरोजनी नगर में वामपंथी नेता अतुल कुमार अंजान के लिए शोकसभा की। वक्ताओं ने उन्हें सामाजिक क्रांति की धरोहर बताया। शोकसभा में एडवोकेट आरके सिंह, अमित सिंह, भानु सिंह, मनोज तिवारी, माला सोनकर, गुरमीत सिंह, विजय सोनकर, महेंद्र सोनकर, अर्जुन गौतम, बीपी रावत, सज्जन रावत और सुरजीत अवस्थी शामिल हुए।

शोकसभा में यूनाइटेड उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सोनकर ने कहा कि अतुल अंजान सामाजिक क्रांति की ऐसी धरोहर थे, जिसकी भरपाई आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी की वजह से उन्हें बचाया नहीं जा सका। हम सभी उनकी आत्मा की शान्ति की प्रार्थना करते हैं।

छठे चरण में 73 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नामांकन की अंतिम तारीख कल 25 को मतदान

अमृत विचार : प्रदेश में छठे चरण की 14 सीटों के चुनाव के लिए शनिवार को 73 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इन सीटों पर अब तक 173 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। इस चरण में छह मई नामांकन की अंतिम तारीख है। 25 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र सुल्तानपुर में पांच, प्रतापगढ़ में चार, फूलपुर में 10, इलाहाबाद में पांच, अम्बेडकरनगर में तीन, श्रावस्ती में चार, डुमरियागंज में पांच, बस्ती में दो, संतकबीरनगर में 11, लालगंज में तीन, आजमगढ़ में पांच, जौनपुर में सात, मछलीशहर (अजा) में दो व भदोही में सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुल्तानपुर लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से राम भुआल निषाद व प्रतापगढ़ सीट के लिए अपना दल (कमेरावादी) से ऋषि पटेल ने नामांकन किया।

फूलपुर सीट के लिए समाजवादी पार्टी से अमरनाथ सिंह व बहुजन समाज पार्टी से जगन्नाथ पाल ने नामांकन किया। इलाहाबाद सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से रमेश व अम्बेडकरनगर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से कमर हयात ने नामांकन किया। श्रावस्ती सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से मुईनुद्दीन अहमद खां ने नामांकन किया।

डुमरियागंज सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद नदीम, पीस पार्टी से नौशाद आजम व समाजवादी पार्टी से भीष्म शंकर ने नामांकन किया।

संतकबीरनगर सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से प्रवीण कुमार निषाद ने नामांकन किया। लालगंज (अजा) सीट के लिए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से गंगादीन ने नामांकन किया।

आजमगढ़ सीट के लिए आजाद समाज पार्टी से दिनेश सरोज ने नामांकन किया। भदोही सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से डॉ. विनोद कुमार, बहुजन समाज पार्टी से हरिशंकर व ऑल इंडिया तृणमूल काँग्रेस से ललितेश पति त्रिपाठी ने नामांकन किया।

भाजपा की आएंगी सीटें अस्सी, विपक्ष की जलेगी गुरूर की रस्सी : गौरव भाटिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : विपक्ष पहले भाजपा पर प्रहार करता था, रामलला हम आयेंगे मंदिर वहीं बनायेंगे लेकिन तारीख नहीं बतायेंगे। हमने मंदिर भी वहीं बनाया और तारीख को भी बतलाया है। लेकिन बुलाने पर भी विपक्ष नहीं आया है। उप्र. में भाजपा की आयेंगी सीटें अस्सी में अस्सी, विपक्ष की जल जाएगी गुरूर की रस्सी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष कुछ इस तरह अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

पत्रकार वार्ता में गौरव भाटिया ने कहा कांग्रेस पार्टी और घमंडिया गठबंधन हिन्दू विरोधी है। कांग्रेस का घोषणापत्र कहता है कि बहुसंख्यकवाद की कोई जगह नहीं, यानी कांग्रेसी विचार में बहुसंख्यक हिन्दू की देश में कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि पीडीए का अर्थ है प्रहार करो धर्म और आस्था पर।

प्रेसवार्ता करते भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया।

हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जमीन के विवाद को लेकर हुई हत्या के आरोपी अन्नु द्विवेदी उर्फ शिवम, सुजल सिंह व प्रेम शंकर त्रिवेदी को अपर सत्र न्यायाधीश आशीष कुमार चौरसिया ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने साक्ष्य के अभाव में आरोपी नवीन चन्द्र त्रिवेदी व अनूप त्रिवेदी को बरी कर दिया है। अदालत में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एम के सिंह ने बताया कि थाना आशियाना में वादी अशोक कुमार शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2005 से 2006 के मध्य न्यू सहयोगी सहकारी आवास समिति लखनऊ में औरंगाबाद खालसा की जमीन लगभग 12 बीघा खरीदी गई जिसमें वादी सचिव पद पर था और निशा द्विवेदी अध्यक्ष, उनके पति नवीन द्विवेदी समिति का काम करते थे, उन्होंने 11 करोड़ लेकर जमीन को यज्ञेश केसरवानी, आनन्द अग्रवाल, नवीन चन्द्र द्विवेदी ने 33 प्रतिशत हिस्सेदारी तय कर दी तथा वादी को सचिव पद से हटा दिया, नवीन को आशंका थी कि वादी इस मामले को उच्च अधिकारियों को न बता दें इसलिए उसे धमकी दी गई, 8 जुलाई 2016 को अन्नू द्विवेदी, मन्नू द्विवेदी, सुजल सिंह ने फायरिंग कर उसके पुत्र सचिन शुक्ला व अनुज द्विवेदी को घायल कर दिया था, जिसकी रिपोर्ट थाने पर दर्ज कराई थी, 17 अगस्त 2016 को वादी के घर आए और मुकदमा वापस लेने की धमकी दी, 21 अगस्त 2016 को दो मोटरसाइकिल पर मन्नू द्विवेदी व सुजल, दूसरी मोटरसाइकिल पर अन्नु द्विवेदी व अन्य आए तथा फायरिंग करते हुए भाग गए।

मतदाताओं को जगाने निकली व्यापारियों की टोली

अमृत विचार, लखनऊ : मतदाताओं को जगाने और बूथ तक पहुंचाने के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से मतदाता पदयात्रा जागरूकता रैली निकाली गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी के नेतृत्व में व्यापारियों के इस समूह ने अमीनाबाद क्षेत्र के कई बाजारों में भ्रमण किया और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर संगठन अध्यक्ष ने कहा कि पिछले दो चरणों में मत का प्रतिशत कम रहा है, ऐसे में इस बार ज्यादा सचेत होने की जरूरत है। व्यापारी समाज मत प्रतिशत बढ़ाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। शनिवार को नजीराबाद क्षेत्र में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने पहले मतदान फिर जलपान, मतदान अधिकार भी कर्तव्य भी, सबको यह समझना है वोट डालने जाना है, आदि स्लोगन लिखी तख्तियां अपने हाथों में लिए हुए थे।

कलाकारों ने बताईं अपनी कृतियों की खूबियां, लोगों ने सराहा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन दिवसीय लोक व जनजातीय कला शिविर का समापन

अमृत विचार : कालेज ऑफ आर्किटेक्चर के वास्तुकला एवं योजना संकाय में तीन दिन से चल रहा लोक व जनजातीय कला शिविर का शनिवार को समापन हो गया। शिविर के समापन के समय चार प्रदेशों के 11 कलाकारों ने जो मनभावन कृतियां तैयार कीं उनकी प्रदर्शनी लगाई गईं। प्रदर्शन में मुख्य कलाकार खगेन गोस्वामी और चित्रकार सिरामुद्दीन रहे। इन कलाकारों ने अपनी कला और भाषा को अभिनय के माध्यम से सामने रखा। इस मौके पर वरिष्ठ रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी और फिल्म अभिनेता संदीप यादव भी मौजूद रहे।

भूपेन्द्र अस्थाना ने बताया कि खगेन गोस्वामी असम के माजूली मास्क के कलाकार हैं। शनिवार की शाम को उन्होंने अपने गुरु शंकर देव द्वारा शुरू की गई मास्क की प्रथा का विवरण देते हुए रामायण से बालि संवाद और सूर्पनखा के मोहिनी स्वरूप की प्रस्तुति के साथ ही कृष्ण लीला से पूतना वध को जीवंत अंदाज में प्रस्तुत किया। कारीब 500 साल पुरानी इस प्रथा को खगेन गोस्वामी समय-समय पर प्रस्तुत करते रहते हैं।

चित्रकार सरमुद्दीन पश्चिम बंगाल से हैं। यहां उन्होंने मनसा पट और दुर्गा पट की प्रस्तुति दी। मनसा नागों की देवी हैं और असम व पश्चिम बंगाल में उनकी काफी मान्यता है। सरमुद्दीन ने उनकी पूरी कथा को गाकर सुनाया। सरमुद्दीन ने अपनी 30 फुट लम्बी पेंटिंग में सम्पूर्ण रामायण को चित्रित किया है।

असम से आये शिविर के कोआर्डीनेटर बिनाय पाल ने बताया कि इस शिविर में असम की चार प्रकार की लोककलाएं देखने को मिल रही हैं। शोर चित्र, माजुली मास्क और सोला पीठ जैसी लोककलाएं लोगों ने देखीं और उन्हें सराहा। इन कलाओं के कलाकार पीढ़ी दर पीढ़ी इन कलाओं को अपनाते चले जा रहे हैं।

कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर में लगी कलाकृतियों की प्रदर्शनी।

सराका आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी आज

लोक कला शिविर की क्यूरेटर डॉ. वंदना सहगल ने बताया कि दो मई से चार मई तक शिविर में कलाकारों ने जो कृतियां तैयार की हैं, उन्हें रविवार पांच मई को मॉल एवेन्यू स्थित साराका आर्ट गैलरी में प्रदर्शित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यहां शिविर में शामिल सभी कलाकारों को सम्मानित भी किया जायेगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन शाम 6 बजे वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह और भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह करेंगी।

एक नजर

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के लोकल ब्राण्ड एम्बेसडर बने डॉ.सत्येंद्र सिंह

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : स्वच्छता सर्वेक्षण के राज्य मिशन निदेशक के आदेश के अनुपालन में बख्शी का तालाब नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा द्वारा भौली गांव के निवासी व चंद्रभानु कृषि महाविद्यालय में सह आचार्य के पद पर नियुक्त डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के लोकल ब्राण्ड एम्बेसडर नियुक्त किया है ।अधिशासी अधिकारी ने बताया कि डॉ. सिंह द्वारा लगातार क्षेत्रीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाता है ।इसलिए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बीमारी से ग्रसित ग्राम प्रधान का निधन

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत गुलालपुर के मौजूदा ग्राम प्रधान रामनाथ रावत जो कि काफी समय से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। शनिवार की दोपहर निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मुख्य अभियंताओं के लिए आयोजित की गई कार्यशाला

अमृत विचार ,लखनऊ : मध्यांचल निदेशक वाणिज्य की अध्यक्षता में शनिवार को गन्ना संस्थान मे सभी मुख्य अभियंताओं की कार्यशाला आयोजित की गई। वितरण अधीक्षण अभियन्ता वितरण अधिशासी अभियन्ता वितरण खण्डीय लेखाकार वितरण और सीएस-3,सीएस-4 के खण्डीय कार्यकारी सहायकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में सीएस-3 सीएस-4 को भरें जानें और उनकी कमियों के साथ इनके पैरामीटर की जानकारी दी गई। इस दौरान डोमेन ईमेल आईडी इस्तेमाल करने के लिए विभागीय अधिकारियों,अधिकारिकों को प्रशिक्षण देने के साथ एएमआईएसपी के सम्बन्ध में भी बताया गया।

साजिश के तहत मुस्लिमों को पढ़ाई से दूर रखा गया

मोदी ने अल्पसंख्यकों को तरक्की से जोड़ने का काम किया, प्रधानमंत्री आवास के तहत मिला पक्का मकान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पिछली सरकारों ने षडयंत्र के तहत मुस्लिम समाज को पढ़ाई और रोजगार से दूर रखा। पिछली सरकारों ने सिर्फ वोट बैंक के लिए समाज को बांटने का काम किया। जबकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज को तरक्की से जोड़ने का काम किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्रों को पक्के मकान दिए गए।

भाजपा महानगर की ओर से खदरा चुंगी पर आयोजित अल्पसंख्यक मोर्चा सम्मेलन में उक्त बात अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि मदरसों की बेहतरी के लिए कांग्रेस सरकार ने कोई काम नहीं किया। मुस्लिम समाज सिर्फ वोट बैंक के लिए नहीं है, बल्कि समाज के लोग अब पढ़ लिखकर काबिल बन रहे हैं। प्रधानमंत्री देश के विकास के लिए ईमानदारी से काम कर रहे हैं। इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि उन्नति और तरक्की के लिए प्रधानमंत्री का सहयोग करें। 20 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान कर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को भारी मतों से जीत दिलाएं।

पूर्व मंत्री मोहम्मद मोहसिन राजा ने कहा कि देश की तरक्की में मुस्लिम समाज को आगे बढ़कर आना है। मुस्लिम समाज जितना सशक्त होगा देश की उतनी ही तरक्की होगी।

सम्मेलन में मौजूद अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, पूर्व मंत्री मोहम्मद मोहसिन रजा। अमृत विचार

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि तीसरी बार लखनऊ लोकसभा सीट से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को प्रत्याशी बनाया है। पिछली बार रक्षा मंत्री को 348000 वोटो से विजयी बनाकर भेजा था। केंद्र में मोदी और राज्य में योगी के नेतृत्व में कायाकल्प हो रहा है, जबकि रक्षामंत्री की देखरेख में पूरे देश की सीमाएं सुरक्षित है। इस बार रक्षामंत्री को पांच लाख वोटों से जीत दिलाएं। भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि आज मैं कह सकता हूं सारा लखनऊ का एक छत के नीचे है और हमारा परिवार है। सम्मेलन में विधायक डॉ. नीरज बोरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

पावर सेक्टर के लिए यह समय अमृतकालः चेयरमैन

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार : उप्र पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष कुमार गोयल ने शनिवार को बिजली उपकरणों की गुणवत्ता, मानक, अनुरक्षण और उनके रखरखाव पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यूपी बिजली के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यहां की बिजली व्यवस्था विश्वस्तरीय और विश्वसनीय हो इसके लिए उपकरणों की क्वालिटी के होने के साथ नई तकनीकी और मानक के अनुरूप होना चाहिए। कार्यशाला का आयोजन पावर कारपोरेशन और इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन की देखरेख में किया गया। चेयरमैन ने कहा कि पावर सेक्टर के लिए यह समय अमृतकाल है। इस सेक्टर में हुए व्यापक बदलाव के बाद पहले बिजली आने के बारे में पता चलता था, लेकिन अब सप्लाई के बंद होने पर पता चलता है। पहले बिजली चौबीसों में कुछ घंटे ही रहती थी लेकिन अब जाती ही नहीं है। कार्यक्रम में स्विचगेयर, केबिल और कंडक्टर के साथ डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर पर ईमा के सदस्यों ने अपने विचार रखें। इस मौके पर निदेशक वितरण जीडी द्विवेदी और ईमा के आलोक कुमार और विनम्र अग्रवाल ने भी अपने विचार साझा किए।

घर में लगी आग, नौ लोग फंसे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पड़ोसियों ने सीढ़ी लगाकर निकाला, दमकल कर्मियों ने पाया एक घंटे में आग पर काबू

अमृत विचार: ताल कटोरा के आलमनगर क्षेत्र में शनिवार सुबह को घर में आग लग गई। लपटें व धुआं से ऊपरी मंजिल पर सो रहे परिवार के 9 सदस्य फंस गये। चीख पुकार सुन पहुंचे पड़ोसियों ने सीढ़ियों की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल कर्मियों ने तीन टैंकर पानी से घंटे भर में आग पर काबू पाया।

आलमनगर निवासी असलम अली बैंड और टेंट कारोबारी हैं। शनिवार सुबह उनके मकान में लगी एमसीवी के पास शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसने पूरे घर को चपेट में ले लिया। धुआं पूरे मकान में भर गया। इस दौरान ऊपर के कमरे में सो रहे असलम अली, पत्नी , रेहान, शहनाज, अफ्सार, रूखसार, हसीब, इनाया और अयारा फंस गये। सांस लेने में दिक्कत होने से दम घुटने लगा। शहनाज के चीख-पुकार मचाने पर पड़ोसी घरों से बाहर निकले। आग पर काबू पाने के साथ सीढ़ियां लगा परिवार को सुरक्षित निकाल लिया। तब तक सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। एफएसओ आलमबाग ने बताया कि दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। असलम के छोटे भाई रेहान ने बताया दमकल कर्मी जल्द पहुंच जाते तो आग पर काबू पाया जा सकता था।

दिग्गजों के नामांकन का पहला सेट मिला ठीक, हुआ स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोहनलालगंज में 22 में 12 नामांकन और लखनऊ पूर्वी विस क्षेत्र में 4 नामांकन मिले सही
- लखनऊ संसदीय सीट के लिए हुए 41 नामांकन की समीक्षा देर रात तक जारी रही, 6 को वापस लिए जा सकेंगे पर्चे

अमृत विचार : लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय सीट और लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए हुए नामांकन की शनिवार को समीक्षा की गई। समीक्षा में मोहनलालगंज लोकसभा सीट से 12 और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिए चार नामांकन सही पाए गए। जबकि लखनऊ लोकसभा सीट के लिए कुल 21 नामांकन हुए थे, जिनकी समीक्षा देर रात तक जारी थी।

बता दें कि लखनऊ-मोहनलालगंज संसदीय सीट और लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए नामांकन 26 अप्रैल से शुरू हुए थे। 3 मई तक विभिन्न राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। शनिवार को नामांकन पत्रों की समीक्षा कलेक्ट्रेट में की गई। रिटर्निंग अधिकारी/सीडीओ अजय जैन ने बताया कि मोहनलालगंज (अज) लोकसभा सीट के लिए कुल 22 नामांकन दाखिल किए गए थे। जिनकी शनिवार को समीक्षा की गई। समीक्षा में 12 नामांकन पत्र सही पाए गए। जबकि अन्य निरस्त कर दिए गए। सूत्रों के अनुसार मोहनलालगंज संसदीय सीट के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर और उनके पुत्र विकास किशोर के नामांकन सही मिले हैं।

दूसरी ओर रिटर्निंग अधिकारी/ अपर नगर मजिस्ट्रेट सचिन वर्मा ने बताया कि पूर्वी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए कुल छह नामांकन किए गए थे। जिनकी आज स्क्रूटनी की गई और चार नामांकन सही पाए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि 6 मई को नामांकन वापस लेने की तिथि है। इसके बाद नामांकन वापस नहीं होगा।

तीन बार होगी चुनावी खर्च की समीक्षा

लखनऊ : लोकसभा और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में लड़ने वाले प्रत्याशियों के चुनावी खर्च की समीक्षा तीन बार की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने प्रत्याशियों और उनके अभिकर्ताओं को पत्र जारी किया है। चुनावी खर्च की पहली समीक्षा 10 मई को, दूसरी 14 मई को और तीसरी 17 मई को होगी। समीक्षा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक डॉ. अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में होगी।

चार दिन बंद रहेंगी शराब और बियर की दुकानें

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के चलते लखनऊ के आसपास शराब, बियर और भांग की दुकानें इस माह चार दिन बंद रहेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। लखनऊ के आसपास के जिलों में 13 तारीख को मतदान होगा। मतदान से 48 घंटे पूर्व यानी 11 तारीख की शाम 6 बजे से सीतापुर, हरदोई और उन्नाव से सटी लखनऊ की सीमा में आठ किलोमीटर तक शराब, भांग आदि की बिक्री पर रोक रहेगी। यह रोक 13 तारीख की शाम मतदान खत्म होने तक जारी रहेगी। इसके बाद 20 को लखनऊ में मतदान है। इसलिए 18 तारीख की शाम 6 बजे से 20 मई को मतदान खत्म होने तक शराब, भांग आदि की दुकानें बंद रहेंगी। जबकि मतगणना वाले दिन 4 जून को भी शराब के ठेके बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता का हर बार की तरह इस बार भी सख्ती से पालन किया जाएगा।

मारपीट में सात लोग घायल

संवाददाता, मोहनलालगंज

अमृत विचार : थाना क्षेत्र में दो पक्षों में मारपीट में छह लोग घायल हो गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिये भेजा है। क्षेत्र के मोहनलालखेड़ा में शुक्रवार शाम प्रेमचन्द्र व रामशंकर के परिवारों के बीच विवाद के बाद जमकर मारपीट व पथराव हुआ। इसमें रामचन्द्र व उसकी पत्नी सरिता, बेटी प्रियंका व दूसरे पक्ष से प्रेमचंद्र व उसकी पत्नी शांति व बेटा सुशील व बेटी ज्योति घायल हो गये। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया बलवा आदि धाराओं में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

दमकल कर्मियों ने बुझाई झाड़ियों में लगी आग

अमृत विचार, मोहनलालगंज: मोहनलालगंज सीएचसी के बाल महिला चिकित्सालय के पीछे झाड़ियों में शनिवार को आग लग गयी। लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार की सूचना पर पीजीआई फायर स्टेशन से पहुंचे दमकल कर्मियों ने आनन-फानन आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

कोतवाली के पास से बाइक चोरी

अमृत विचार, मोहनलालगंज : थाना क्षेत्र के गनियार गांव निवासी मुकेश कुमार मुकदमे की पैरोकारी के लिये तहसील आया था। गेट पर बाइक खड़ी कर अंदर वकील से मिलने गया। लौट कर आया तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। काफी तलाश के बाद भी बाइक नहीं मिली। पीड़ित ने बाइक चोरी का प्रार्थना-पत्र थाने में दिया है। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।

हिस्ट्रीशीटर को भेजा जेल

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा पुलिस ने मारपीट और लूट के आरोपी हिस्ट्रीशीटर नरेश लोधी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। तालटोरा थाने से गैंगस्टर एक्ट का आरोपित है। उसके खिलाफ चोरी समेत 24 मामले दर्ज हैं। इंस्पेक्टर तालकटोरा के मुताबिक बीते 30 अप्रैल को आलमनगर निवासी अमित कुमार बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाले हिस्ट्रीशीटर नरेश ने पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगा उनको पीटा था। इसके साथ ही उनकी चेन लूटकर भाग निकला था। पीड़ित ने मामला दर्ज कराया था। तब से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।

सुरक्षित प्रसव कराने में मिड वाइव्य की भूमिका अहम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की हुई शुरुआत
- केजीएमयू में हुए कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की कमी है। ऐसे में प्रशिक्षित मिडवाइव्य (दाइयों) की भूमिका अहम है। इससे मातृ शिशु मृत्यु दर के आंकड़ों में भी कमी आएगी। यह जानकारी केजीएमयू के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्कीनमेरी) की डॉ. सुजाता देव ने दी। वह शनिवार को नर्सिंग कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मिडवाइव्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

डॉ. सुजाता ने बताया कई बार गर्भवती समय पर अस्पताल नहीं जा पाती है। ऐसे में दाई गर्भवती की सेहत का आंकलन कर उन्हें सामान्य सुरक्षित प्रसव कराने में मदद कर सकती हैं। डॉ. सुजाता देव ने कहा क संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान उनका टीकाकरण, एंटीनेटल चेकअप आदि करा रही है। मुफ्त एम्बुलेंस सेवा भी संचालित की जा रही है। ताकि मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। इस मौके पर क्कीनमेरी की अध्यक्ष डॉ. एसपी जैसवार, डॉ. आरके दीक्षित और डॉ. रश्मि पी जॉन ने भी जानकारी साझा की।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

नाली ठीक कराई पर बंद कर दिया रास्ता

रहीमनगर पड़ियाना में घरों के सामने खुदी पड़ी नाली। अमृत विचार

संवाददाता, सरोजनीनगर

खबर का असर

अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत रहीमनगर पड़ियाना के मजरा गोड़वा में जलभराव की खबर प्रकाशित होने पर अधिकारियों ने नाली में छोटा सा पाइप डलवा दिया। इससे जलभराव की समस्या से समाप्त हो गई, लेकिन बड़े वाहनों का रास्ता बंद हो गया है। मनमाने तरीके से कराए गए कार्य से ग्रामीणों में नाराजगी है।

सरोजनीनगर ब्लॉक के रहीमनगर पड़ियाना ग्राम पंचायत के मजरा गोड़वा में नाली में पड़े पाइप 6 माह पहले टूट गए थे। इससे रूपेश के घर से बूटा के घर तक रास्ते पर जलभराव और कीचड़ हो गया था। दुर्गंध भी उठ रही थी। ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत हो रही थी। ग्रामीणों ने प्रधान और पंचायत सचिव पर अनदेखी का आरोप लगाया था। ग्रामीणों की इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद ब्लाक के अधिकारियों की नींद तो टूटी लेकिन आधा अधूरा ही काम कराया। दो टूटे पाइप की जगह पाइप ही डाला गया है। इससे जलभराव की समस्या तो समाप्त हो गई लेकिन बड़े वाहन का रास्ता बंद हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां पाइप डाला गया है, वह तिराहा है। एक छोटा पाइप डालने से चार पहिया और अन्य बड़े वाहन नहीं निकल पा रहे हैं। सरोजनीनगर खण्ड विकास अधिकारी नरेंद्र बाबू ने कहा कि पूरी ग्राम पंचायत उनके ब्लॉक से बाहर है।

हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप बअदालत न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (जू0डि0), नार्थ, लखनऊ-प्रकीर्ण वाद संख्या-188/2024 ता0पेशी-15.05.2024 Raj Bahadur, aged about 43 years, Son of Bhagwan Deen, resident of 544 Ka/523, Sardar Nagar, Balaganj, P.S. Thakurganj, old Ward & P.S. Chowk, Lucknow (nephew Son of younger brother of Late Triloki Nath -Applicant-**Versus**-1- Estate of Late Triloki Nath, aged about 40 years, Son of Late Dal Chandra, resident of House no. 544/524 Sardar Nagar near Mari Mata Mandir, Balaganj, Police Station Thakurganj, old Ward & P.S. Chowk, Lucknow.-2- Punjab National Bank, Branch Ist. Floor, Napier Plaza, Hardoi Road, Lucknow.-3- Rakesh, aged about 49 years, Son of Late Nankau, resident of House no. 544 /524 Sardar Nagar near Mari Mata Mandir, Balaganj, Police Station Thakurganj, old Ward & P.S. Chowk, Lucknow. (nephew Son of Younger brother of Late Triloki Nath)-4- Ajay Kumar, aged about 26 years, Son of Late Nankau, resident of House no. 544-Ka/522 Sardar Nagar near Mari Mata Mandir, Balaganj, Police Station Thakurganj, old Ward & P.S. Chowk, Lucknow. (nephew Son of younger brother of Late Triloki Nath.-5- Anil, aged about 27 years Son of Late Nankau, resident of House no. 544 K/2 Sardar Nagar near Mari Mata Mandir, Balaganj, Police Station Thakurganj, old Ward & P.S. Chowk, Lucknow (nephew Son of younger brother of Late Triloki).-6- Ram wati, aged about 63 years, wife of Late Nankau, resident of House no. 544 Ka /2, Sardar Nagar near Mari Mata Mandir Balaganj, P.S. Thakurganj old Ward & P.S. Chowk District Lucknow (wife of younger brother of Late Triloki Nath).-7- Shanti Devi aged about 63 years wife of Late Shiv Prasad, resident of house no. 547/396 Jalalpur Lucknow (sister of Late Triloki Nath)-8- Govind Kumar, aged about 26 years, Son of Late Shiv Prasad, resident of Jalalpur Rajajipuram Avas Vikas colony, District Lucknow. (Bhanja of Late Triloki Nath). -Opposite Parties

चूंकि उपरोक्त नामांकित-Applicant ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा-372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम हेतु। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 15.05.2024 के दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 05.03.2024 के दिवस को दिखायी गयी।

दस्तखत हाकिम-मोहर अदालत

विपिन बिहारी शरण सिंह महाविद्यालय
तरवगंज, गोण्डा (उ0प्र0) 271403
9415458212, 9648469000, 9838989000

आवश्यकता

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय के अन्तर्गत अर्थशास्त्र-1 पद, रसायन विज्ञान-1 पद, प्राणि विज्ञान-2 पद तथा वनस्पति विज्ञान-1 पद पर प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर चयन/नियुक्ति/अनुमोदन हेतु आवेदन-पत्र आमन्त्रित है :-

अर्हता :- स्नातक उपाधि न्यूनतम द्वितीय श्रेणी एवं सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55% अंक तथा यू.जी.सी. रेगुलेशन-2016 सहित पी-एच0 डी0 उपाधि अथवा यू.जी.सी0 नेट प्रमाण पत्र।

नोट:- यू.जी.सी. द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार सहायक आचार्य पद पर चयन की कार्यवाही की जावेगी।

वेतन:- डॉ0 रा0म0ल0वि0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन/यू0जी0सी0 के मानक के अनुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों/उपाधियों की स्व-प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर अपना आवेदन-पत्र महाविद्यालय कार्यालय पर जमा करें।

अध्यक्ष

स्व0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह स्मारक जनता पी0जी0 कालेज
(सम्बद्ध- डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या) | कुन्दाभैरोपुर (नेगपुर)- सुलतानपुर

आवश्यकता है

कला संकाय में स्नातक स्तर पर- विभिन्न विषयों में- हिन्दी- 12, संस्कृत- 10, समाजशास्त्र- 12, गृ0वि0- 10, शि0शा0- 8, अंग्रेजी- 5, भूगोल- 12, अर्थशास्त्र- 5, म0 इतिहास- 10, रा0वि0- 8, सैन्य विज्ञान- 4 पद। परास्नातक कला संकाय में- हिन्दी- 4, भूगोल-4, समाजशास्त्र- 4, गृ0वि0- 4 पद। विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर पर- रसायन विज्ञान-4, वनस्पति विज्ञान-4, जन्तु विज्ञान- 4, भौतिक विज्ञान- 4, गणित- 4 पद। योग्यता एवं वेतनमान- यू0जी0सी0/एन0सी0टी0ई0 एवं डॉ0 रा0म0ल0अ0वि0वि0 अयोध्या की परिनियमावली के अनुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अपने समस्त अभिलेखों एवं प्रमाणपत्रों को दो पास पोर्ट साइज फोटो के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर जमा करें।

अविजित प्रताप सिंह (प्रबन्धक)
मो0नं0- 9076964444, 9455505510

कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांक: 34 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2023-24/ दिनांक: 15/04/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती कुसुमलता पत्नी अमित गुप्ता	श्री मुहम्मद एजाज अंसारी पुत्र नूर मुहम्मद	फरसौलियाना-2	11	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर

दबदबा दोनों का, दांव बैठेगा किसका

मनोज त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को प्रदेश की जिन 10 सीटों आगरा, फतेहपुर सीकरी, मैनपुरी, फिरोजाबाद, एटा, हाथरस, संभल, बदायूं, आवंला और बरेली में मतदान होने जा रहा है, उनमें से पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा ने आठ सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि सपा की साइकिल केवल संभल और मैनपुरी में ही दौड़ सकी थी। इस बार भाजपा ने इन सभी 10 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं जबकि इंडिया गठबंधन से एक सीट पर कांग्रेस और नौ सीटों पर सपा चुनाव लड़ रही है। बसपा ने भी सभी 10 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन बरेली लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार का नामांकन रद्द हो जाने से उसके भी नौ प्रत्याशी ही मैदान में हैं।

हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, एटा, आंवला और बरेली में लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा की जीत का अंतर काफी बड़ा था, सिर्फ फिरोजाबाद और बदायूं सीटों पर उसे टक्कर मिली थी और जीत क्रमशः 28,781 और 18,454 वोटों में सिमट गई थी। यह दोनों ही सीटें समाजवादी पार्टी की गढ़ मानी जाती हैं। 2014 के चुनाव में इन 10 सीटों में सपा ने पांच सीटें जीती थीं। मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव, कन्नौज से डिंपल यादव, फिरोजाबाद से अक्षय यादव और बदायूं से धर्मेंद्र यादव जीते थे। समाजवादी पार्टी के लिए इस बार सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि पिछली बार की तरह बसपा और रालोद उसके साथ नहीं है। इस बार समाजवादी पार्टी को कांग्रेस का साथ तो मिला है, लेकिन बहुजन समाज पार्टी के अकेले चुनाव मैदान में उतरने से इन 10 में से आधा दर्जन सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय नजर आ रहा है।

2019 में जीत का आंकड़ा

08 भाजपा

2 सपा

तीसरे चरण में 10 लोकसभा सीटें, मैदान में प्रत्याशी

10	09	09
भाजपा	सपा	बसपा

60.52% मतदान हुआ था पिछली बार तीसरे चरण में

तीसरा चरण : भाजपा-सपा का रण

01	02	13	4.95
केंद्रीय मंत्री की आगरा में दांव पर लगी है प्रतिष्ठा	योगी सरकार के मंत्रियों की मैनपुरी व हाथरस में परीक्षा	महिला प्रत्याशी थीं 2019 चुनाव के तीसरे चरण में	लाख वोटों से 2019 में भाजपा जीती थी फतेहपुर सीकरी सीट

संभल : सपा के चुनावी समीकरण में सेंधमारी

- सपा ने अपने सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद उनके पौत्र व कुंदरकी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क को मैदा में उतारा है। इसके मुकाबले भाजपा ने एक बार फिर से परमेश्वर लाल सैनी पर भरोसा जताया है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी सौलत अली को टिकट दिया है। 2019 लोकसभा चुनाव में 1.74 लाख मतों से शफीकुर्रहमान बर्क ने परमेश्वर लाल सैनी को हराया था। बसपा की नजर दलित के साथ मुस्लिम मतदाताओं पर है जबकि सपा अपने मुस्लिम-यादव समीकरण के साथ दलित वोट बैंक पर निगाह जमाए है। भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी योगी-मोदी के नाम पर वोट जुटाने में लगे हैं।

- प्रदेश में तीसरे चरण की 10 में ज्यादातर सीटों पर भाजपा और सपा के बीच चुनावी संग्राम

- बसपा कुछ सीटों पर संघर्ष त्रिकोणात्मक बनाकर सपा के लिए बढ़ाती दिख रही है चुनौती



बरेली : बसपा के वोट हड़पने की मारामारी

भाजपा ने यहां से आठ बार के सांसद संतोष गंगवार की जगह पूर्व राज्य मंत्री छत्रपाल गंगवार पर भरोसा जताया है। छत्रपाल 2022 में बहेरी विधानसभा सीट से चुनाव हार गए थे। शुरू में उनकी प्रत्याशिता का स्थानीय स्तर पर विरोध हुआ पर भाजपा ने हालात संभाल लिए। यहां सपा ने कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन को टिकट दिया है। ऐसे में उन्हें सपा और कांग्रेस दोनों का वोट मिलेगा। इस सीट बसपा उम्मीदवार का पर्चा रद्द होने के बाद भाजपा और सपा के बीच सीधी टक्कर में लड़ाई अब बसपा के वोट हथियाने की तरफ मुड़ गई है। पांच लाख मुस्लिम और करीब चार लाख कुर्मी मतदाताओं के कारण दोनों दल जातीय समीकरणों में मजबूत नजर आ रहे हैं।

मैनपुरी में विरासत और बदलाव में सीधी टक्कर

- मैनपुरी लोकसभा सीट पर विरासत और बदलाव के बीच जंग छिड़ी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव का मुकाबला योगी सरकार में पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से है। वह मैनपुरी विधानसभा सीट से विधायक हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में डिंपल यादव कन्नौज से हार गई थीं लेकिन मुलायम सिंह के निधन से कारण खाली हुई मैनपुरी सीट पर उपचुनाव में उन्होंने जीत हासिल की थी। इस बार अखिलेश के कन्नौज में चुनाव लड़ने और पूरे प्रदेश में प्रचार करने तथा शिवपाल के अपने बेटे की सीट बदायूं में व्यस्त होने से डिंपल को अकेले मोर्चा संभालना पड़ रहा है। इस सीट पर 1996 से सपा का कब्जा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में दो विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को जीत मिली थी। बसपा ने यादव वोटों में सेध लगाने के लिए शिवप्रसाद यादव को खड़ा किया है, लेकिन सीधी टक्कर जयवीर सिंह और डिंपल यादव में है।

बदायूं है सपा का गढ़, क्या यहां फिर खिलेगा कमल

- सपा ने बदायूं सीट से पहले धर्मेंद्र यादव फिर शिवपाल यादव और अंत में उनके बेटे आदित्य यादव को उतारा था। भाजपा से मौजूदा सांसद संघमित्रा मौर्य के स्थान पर दुर्विजय शाक्य चुनावी मैदान में हैं। यहां दोनों ही उम्मीदवार नए हैं। भाजपा ने 2019 में इस सीट पर जीत दर्ज की थी। 2014 में मोदी लहर के बावजूद सपा के धर्मेंद्र यादव चुनाव जीते थे। यह सीट सपा का गढ़ गिनी जाती है। भाजपा सिर्फ दो बार ही जीत सकी है। सपा का मुस्लिम और यादव समीकरण है, तो भाजपा ने गैर यादव ओबीसी को गोलबंद किया है। बसपा ने पूर्व विधायक मुस्लिम खां को उतार कर सपा की मुश्किल बढ़ाई है, लेकिन सीधा मुकाबला सपा और भाजपा में ही नजर आ रहा है।

आगरा सीट पर केंद्रीय मंत्री बघेल के सामने दोहरी चुनौती

- आगरा लोकसभा सीट पिछले तीन बार से भाजपा ने जीती है। इस बार केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल को पार्टी ने फिर से मैदान में उतारा है। सपा से सुरेश चंद कर्दम और बसपा से पूजा अमरोही मैदान में हैं। दोनों ही दलित समुदाय से आते हैं और जाटव बिरादरी से तालुल्क रखते हैं। एससी-आरक्षित इस सीट पर, 20 .57 लाख मतदाताओं में लगभग 30% दलित हैं। इनमें से लगभग तीन-चौथाई जाटव हैं, जो बसपा के गिरते प्रदर्शन से तो निराश हैं, लेकिन अधिकतर अभी भी बसपा के साथ हैं। बाजपा वैश्य, ब्राह्मण, पंजाबी, गैर-यादव ओबीसी और दलितों के एक वर्ग का समर्थन पाकर आगरा में जीतती रही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा दोनों द्वारा जाटव प्रत्याशी को मैदान में उतारने से लगभग दो लाख मुस्लिम वोट महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। मुसलमान बड़े पैमाने पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के साथ नजर आ रहे हैं, लेकिन बसपा भी उन्हें लुभाने की कोशिश कर रही है।

फिरोजाबाद की तस्वीर में कमल और साइकिल के बीच कांटे का मुकाबला

- फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा में कांटे की टक्कर है। यहां एक-दूसरे के मतदाताओं में सेंध लगाने के प्रयास चल रहे हैं। भाजपा के प्रत्याशी ठाकुर विश्वदीप सिंह 2014 मे बसपा से भी चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 में भाजपा के डॉ. चंद्र सेन जादौन ने सपा के अक्षय यादव को हराया था। लेकिन भाजपा ने सांसद चंद्र सिंह जादौन का टिकट काट दिया था, जबकि सपा ने अपने राष्ट्रीय महामंत्री राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को तीसरी बार यहां से मैदान में उतारा है। अक्षय यादव ने 2014 में भाजपा के के प्रो. एसपी सिंह बघेल को शिकस्त दी थी। प्रो. रामगोपाल यादव ने फिरोजाबाद में सपा के चुनाव प्रचार और प्रबंधन की कमान संभाल रखी है। बसपा से अलग हुए मंडल प्रभारी सत्येंद्र जैन सोली को सपा में शामिल कर उन्हें राष्ट्रीय सचिव पद दिया है। बसपा ने सोली को पहले अपना प्रत्याशी घोषित किया था, बाद में प्रत्याशी बदल दिया, जिससे वह नाराज थे। बसपा आगरा के चौधरी बशीर को प्रत्याशी बनाया है। वह तीसरा कोण बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

फतेहपुर सीकरी : यहां इस बार कठिन चुनौती में फंसे भाजपा सांसद

- सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने रामनाथ सिकरवार को उतारा है। वह प्रियंका गांधी के करीबी माने जाते हैं। प्रियंका उनके लिए रोड शो करके माहौल भी बना गई हैं। 2019 में इस सीट से भाजपा के राजकुमार चाहर संसद चुने गए थे। उन्होंने कांग्रेस के राज बब्बर को हराया था। भाजपा ने चाहर पर फिर से भरोसा जताया है। लेकिन चाहर के प्रति स्थानीय जनता में नाराजगी भी नजर आ रही है। इसके साथ ही फतेहपुर सीकरी से ही भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के बेटे रामेश्वर चौधरी चाहर के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चौधरी बाबूलाल 2014 में भाजपा से यहां के सांसद रह चुके हैं। बसपा से यहां राम निवास शर्मा मैदान में हैं। समीकरण उलझने से कांग्रेस यहां से अपनी जीत की उम्मीद लगा रही है। पार्टी की कोशिश करीब आठ फीसदी मुस्लिम मत बटोरने के साथ ब्राह्मण मतों में सेंध लगाने की है।

हाथरस में किस बाहरी प्रत्याशी की चमकेगी तकदीर

- भाजपा ने हाथरस सीट से अनूप वाल्मीकि को टिकट दिया है। वह अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट से विधायक और योगी सरकार में राजस्व राज्यमंत्री हैं। अनूप से उम्मीद है कि वह वाल्मीकि वोटरों के साथ ही ओबीसी और सवर्ण वोटरों को भाजपा के पाले में रखने में कामयाब रहेंगे। इसी फॉर्मूले से भाजपा को बीते चुनाव में जीत मिली थी, तब राजवीर सिंह दिलेर जीते थे। इस बार पार्टी ने उन्हें मौका नहीं दिया है। सपा कांग्रेस गठबंधन से भी बाहरी प्रत्याशी जसबीर वाल्मीकि हैं। वह सहारनपुर के रहने वाले हैं। सपा वाल्मीकि वोटों में सेंधमारी करके मुस्लिम और यादव वोटरों के सहारे मुकाबले जीतने की रणनीति को अंजाम देने में लगी है। बसपा ने आगर के हेमबाबू धनगर पर दांव लगाया है। हाछरस में दलित वोटों की संख्या करीब चार लाख है। इसमें करीब ढाई लाख जाटव वोटर है। इनके साथ दनगर और मुस्लिम वोट मिलने से बसपा खुद को लड़ाई में मान रही है।

आंवला सीट पर भाजपा के सामने चुनौती का दोहरा मोर्चा

- आंवला लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने पुराने चेहरे धर्मेंद्र कश्यप पर जीत का दांव लगाया है। सपा ने जातिगत समीकरण देखते हुए पिछड़ा वर्ग के दो बार के विधायक रहे चुके नीरज मौर्या को उतारा है। बसपा ने आंवला के मौजूदा चेयरमैन आबिद अली पर भरोसा जताया है। यहां लड़ाई भाजपा और सपा के बीच नजर आ रही है। हालांकि बसपा का हाथी सपा का खेल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है। सपा-बसपा दोनों ने जातिगत संतुलन साधते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है। ऐसे में भाजपा के दो बार के सांसद और प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के सामने भी चुनौतियां कम नहीं है। उनकी ओर से कुछ वर्ग के लोगों को लेकर की गई कथित टिप्पणियों से उपजी नाराजगी भाजपा के बड़े नेता लगातार दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। चार दिन में मुख्यमंत्री की दो जनसभाएं और मंच से क्षत्रिय नेताओं का नाम लेकर नाराज इस वर्ग को साधने का काम किया गया है। लेकिन सपा की चुनौती कम नहीं हुई है।

एटा में सपा का शाक्य पर दांव कितना असरदार

एटा लोकसभा सीट को भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का गढ़ माना जाता रहा है। 2009 में कल्याण सिंह यहां से जीते थे। इसके बाद बीते डेढ़ दशक से यहां विपक्ष वनवास पर है। कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर तीसरी बार इस सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन समीकरण पिछली बार से बदले हैं। सपा इस बार उनके मुकाबले में देवेश शाक्य को चुनाव में लाई है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मो. इरफान को उतारा है। मुस्लिम होने के नाते वह सपा को चुनौती दे रहे हैं। यादव बाहुल्य इस सीट पर सपा के शाक्य प्रत्याशी मैदान में उतारने से कई यादव नेता अखिलेश यादव से नाराज हो गए हैं। एटा सीट पर सर्वाधिक मतदाता लोधी समाज के हैं। इसके बाद यादव और शाक्य भी बहुतायत में हैं। भाजपा सवर्ण, लोधी और शाक्य मतदाताओं के समीकरण पर यहां चुनाव जीतती है, तो सपा यादव, मुस्लिम का मेल बैठाती थी। लेकिन सपा ने इस बार शाक्य प्रत्याशी उतारकर यादव, मुस्लिम और शाक्य का समीकरण बनाया है। सपा जहां शाक्य मतदाताओं का अपने साथ होने का दावा कर रही है, वहीं भाजपा यादव वोट अपने खेमे में आने का प्रचार कर रही है। यह देखने वाली बात होगी कि सपा का शाक्य और बसपा का मुस्लिम दांव कितना असरदार होगा।

कन्नौज में आसान नहीं 'साइकिल' का सफर

इरा अवस्थी, कन्नौज

- सपा के लिए बसपा संजीवनी भाजपा का कर सकती नुकसान
- सपा दूसरे वर्गों में जितना कर लेगी सेंधमारी, उतना फायदा

अमृत विचार। कंकरीली-पथरीली राहों से होते हुए अब कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का चुनाव चरणबद्ध ढंग से आगे बढ़ रहा है। प्रशासन की तैयारियां जोरों से शुरू हैं तो प्रत्याशियों के भाग्य के फैसले की घड़ी की भी उल्टी गिनती शुरू है। इस बार भले ही सपा मुखिया मैदान में हैं और जीत को लेकर आश्वस्त हें लेकिन राह इतनी भी आसान नहीं है। भाजपा प्रत्याशी से सीधी टक्कर है तो बसपा से भी उम्मीदवार मैदान में है। ऐसे में बसपा किसी का खेल बनाने तो किसी का बिगाड़ने का काम करने वाली है।

लोकसभा क्षेत्र कन्नौज एक बार फिर से वीआईपी की श्रेणी में आ गया है। सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव यहां से मैदान में हैं तो सामने फिर से भाजपा के सुब्रत पाठक टक्कर दे रहे हैं तो तीसरी ओर बसपा से इमरान बिन जफर भी लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने की जुगत में हैं। पार्टी मुखिया के मैदान में होने से सपाई अतिउत्साहित हैं और सौ फीसदी जीत तय मानकर चल रहे हैं। हालांकि वे राह जितनी आसान समझ रहे हैं उतनी तो होने वाली नहीं लगती है। कारण यह कि भाजपा के प्रत्याशी के पास मोदी-योगी के काम के सहारे के अलावा राम मंदिर का भी तुरुप है। यह बात अलग है कि क्षेत्र में कोई काम न होने को लेकर जगह-जगह वोट मांगने जा रहे भाजपाइयों के विरोध का सामना करना पड़ा रहा है। बावजूद इसके वे मानते हैं कि एक वर्ग विशेष के पास भाजपा ही एकमात्र विकल्प है तो वोट तो हर हाल में कमल को ही मिलेगा। उधर, समाजवादी पार्टी बार-बार अपने पुराने विकास कार्य जो कन्नौज की धरती पर कराए वह गिनाने के साथ ही सरकार को घेर रही है कि उसने काम रुकवा दिए। इसके साथ ही देश स्तर के मुद्दे भी देकर जीतने की पूरी कोशिश में हे। दो दिन पहले हसेरन में हुई जनसभा में अखिलेश यादव ने वोट के लिए लगभग सभी दांव खेले। कोरोना वैक्सीन का मुद्दा उठाने के साथ ही बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कह बड़े वर्ग को वोट के लिए प्रेरित करने की कोशिश की।

फिर रसूलाबाद की हवाई पट्टी व तिर्वा के पैरामेडिकल कॉलेज को अवंतीबाई के नाम पर करने का भरोसा दिलाकर लोधी वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश की। क्षत्रियों का भी हिमायती बन वोट से फैसला करने आह्वान किया। बसपा की बात करें तो कोर वोट दलित तो किसी और को न मिलने की बात कही जा रही है जबकि विगत चुनाव में यह वोट भाजपा को गया था। इस तरह से यह बड़ा नुकसान भाजपा को झेलना पड़ सकता है। कौम का वोट बहुत अधिक काट सकेंगे इसको लेकर संदेह है।

अब सपा की जीत का गणित समझें तो यादव और मुस्लिम वर्ग के बारे में माना जाता है कि उनका वोट उसी को जो 'भाजपा को हराए।' राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यह वोट तो उनका पक्का है। बताया जा रहा है कि हितों की अनदेखी से व्यापारियों का बड़ा वर्ग भी भाजपा प्रत्याशी से नाराज है तो इसे सपा भुनाने का कोई अवसर नहीं छोड़ेगी। इसके साथ ही बसपा जितना दलित वोट काटेगी उतना भाजपा को नुकसान तो सपा का फायदा होगा। हालांकि यह तो गुणा-भाग है और जनता फिलहाल मौन है। बात करने पर नाराजगी तो जताती है लेकिन वोट के नाम पर साफ कह दिया जाता है कि मौके पर ही मन बनाएंगे कि किसको चुनें। चुनेंगे उसको ही जो काम कराएगा।

मांगा समर्थन

शिकोहाबाद में आयोजित जनसभा को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संबोधित किया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव भी रहे।

गैर यादव ओबीसी से सपा ने रचा चुनावी चक्रव्यूह

चुनाव डेस्क

- पार्टी ने सिर्फ 7 प्रतिशत यादव प्रत्याशी उतारे, भाजपा से केवल एक यादव चुनाव के मैदान में

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की कुल 80 में से 62 सीट पर चुनाव लड़ रही है, 17 सीटें उसने कांग्रेस और एक तृणमूल कांग्रेस के लिए समझौते में छोड़ी है। अब तक यादव-मुस्लिम समीकरण के सहारे चुनावी रण में उतरती आई समाजवादी पार्टी ने इस बार भाजपा को घेरने के लिए नए सिरे से चुनावी रणनीति बनाई है। इसके चलते पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश में सिर्फ इस बार पांच यादव प्रत्याशी उतारे हैं। कन्नौज सीट पर खुद अखिलेश स्वयं चुनाव लड़ रहे हैं, तो मैनपुरी से उनकी पत्नी डिंपल यादव मैदान में हैं।

आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, बदायूं से शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव और फिरोजाबाद सीट से रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा किसी भी सीट पर सपा ने कोई भी यादव प्रत्याशी नहीं दिया है,यहां तक कि पूर्वांचल में भी केवल आजमगढ़ में ही यादव प्रत्याशी उतारने का जोखिम उठाया है, जबकि इस इलाके में करीब आधा दर्जन सीटों पर यादव मतदाता प्रभावी भूमिका में है। सपा ने वर्ष 2009 में 11 तो 2014 में 13 और 2019 के लोकसभा चुनाव में 11 यादव समुदाय के प्रत्याशी प्रदेश में उतारे थे।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार चार यादव समाज के प्रत्याशी उतारे हैं। बसपा ने मैनपुरी सीट से शिव प्रसाद यादव, रायबरेली से ठाकुर प्रसाद यादव, सीतापुर में महेंद्र यादव और बलिया से ललन यादव को प्रत्याशी घोषित किया था। सपा-बसपा के मुकाबले भाजपा ने यादव बिरादरी से सिर्फ दिनेश लाल यादव निरहुआ को टिकट दिया है। प्रदेश में करीब आठ फीसदी वोटर्स यादव समुदाय के हैं, जो कि ओबीसी समुदाय की कुल आबादी का 20 फीसदी माने जाते हैं। इस तरह ओबीसी समुदाय में सबसे बड़ी आबादी यादव वोटर्स की है, यादवों को टिकट देने में कटौती करने वाली सपा ने कुर्मी समाज पर दरियादिली दिखाई है।

महाराष्ट्र से आये भक्तों ने भरतकुंड में किया पूजन

मसौधा, अयोध्या

अमृत विचार : महाराष्ट्र के बीड़ जिले के करीब से मराठी राम भक्तों का जत्था शनिवार दोपहर बाद भरतकुंड पहुंचा। जहां दक्षिण मुखी प्राचीन भरत गुफा में भरत जी की चरण पादुका पर माथा टेक कर पूजन किया। इसके बाद भरत हनुमान मिलन मंदिर की परिक्रमा कर प्रेम मूर्ति भरत जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की।

श्रद्धालुओं ने कहा कि इस पावन धरती पर आने का सौभाग्य श्रीराम जी की सेवा भाव से ही संभव हुआ है। मराठी राम भक्तों ने सरोवर में नौका विहार के दौरान सरोवर में मछलियों को आहार भी खिलाया। नेतृत्व कर रहे महाराष्ट्र के बीड़ जिले के निवासी तुकारामपुरी गंगाधर गिरी, लातूर, गणेश पाटिल, अंबाजी, सुंदर राव ने कहा कि जैसा सुनते रहे हैं आज वैसा ही प्रेम मूर्ति भरतजी का साक्षात दर्शन मिला। मंदिर के महंत परमात्मा दास जी ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

आज 12 बजे के बाद बंद रहेगा वीआईपी दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार: रविवार को 12 बजे के बाद श्रीराम मंदिर में रामलला का वीआईपी दर्शन बंद रहेगा, लेकिन सामान्य रूप से श्रद्धालुओं का दर्शन जारी रहेगा। यह कदम पीएम मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर उठाया गया है। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी शाम को अयोध्या पहुंचेंगे। वह पहले राम लला का दर्शन करने गेट नंबर 11 से जा सकते हैं। इसके मद्देनजर 12 बजे के बाद वीआईपी दर्शन के लिए जाने वाले वाहनों का जाना रोक दिया जाएगा, लेकिन सामान्य श्रद्दालु दर्शन के लिए आते जाते रहेंगे। हालांकि अफसर इस पर कुछ बोलने से परहेज कर रहे हैं। उधर, राम मंदिर में प्रवेश के बाद प्रधानमंत्री गर्भगृह में रामलला की आरती उतारेंगे।

शॉर्ट मूवी द लास्ट मील की स्क्रीनिंग आज

नई दिल्ली , अमृत विचार: श्रीगंगानगर शहीद-ए-आजम भगतसिंह को फांसी देने से पहले के अंतिम दिनों और पलों पर आधारित शॉर्ट मूवी `द लास्ट मील' की 5 मई ,रविवार को श्रीगंगानगर में स्क्रीनिंग की जाएगी। फिल्म मेकिंग और प्रोडक्शन के सदस्यों ने शुक्रवार को स्थानीय सुखाड़िया सर्किल के समीप एक होटल में मीडिया से रूबरू होते हुए इस शॉर्ट मूवी के निर्माण की पृष्ठभूमि, कथानक, निर्देशन, अभिनय और गीत- संगीत के अनुभव सांझा किये। प्रेस वार्ता में उपस्थित फिल्म के प्रोड्यूसर के शंकर इंदलिया और अक्षत पांडे, डायरेक्टर केतकी पांडे, गायिका पावनी पांडे और गायक उद्धव ओझा ने बताया कि 35 मिनट की यह शॉर्ट मूवी शहीद-ए-आजम भगतसिंह को फांसी देने से पहले के कुछ दिनों और अंतिम पलों पर आधारित है। देश को आजादी दिलाने में महात्मा गांधी ने जहां अनेक तरह से आंदोलन करते हुए अस्पृश्यता (छुआछूत) के कलंक को समाज से मिटाने के बहुतेरे प्रयास किये, वहीं इंकलाबी विचारों के धनी शहीद-ए-आज़म भगतसिंह भी अपनी अल्पायु की जिंदगी में छुआछूत को नहीं मानते थे।

भगतसिंह के इसी अनछुए पहलू को इस शॉर्ट मूवी के माध्यम से बहुत ही सशक्त और भावपूर्ण अभिव्यक्ति के साथ उभारा गया है। अमेरिका से फिल्म मेकिंग में ग्रेजुएट और युवा डायरेक्टर केतकी पांडे ने मूवी का बहुत ही कुशल तरीके से निर्देशन किया है। पिछले वर्ष जयपुर के सुप्रसिद्ध सिनेमा हॉल राज मंदिर में फिल्म की पहली बार स्क्रीनिंग की गई थी।तब से लेकर अब तक इस फिल्म को 10 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं। यह फिल्म भगतसिंह के एक अलग ही दृष्टिकोण और उनकी सोच को समाज के सामने लाती है। फिल्म में भगतसिंह का अभिनय आकाश दहिया, भोगा का इश्तियाक खान, रानो का सारिकासिंह, लॉयर प्राणनाथ मेहरा का परितोश सैंड, दोधी श्याम का जगदीश राजपुरोहित, जेल वार्डन छतर सिंह का राजेंद्र मोहन और अंग्रेज ऑफिसर का अभिनय जस्टिन नेस्ले ने किया है। स्टोरी और कॉन्सेप्ट केतकी पांडे का है जबकि स्क्रीनप्ले और डायलॉग रामकुमारसिंह,प्रांजल आचार्य तथा केतकी पांडे ने लिखे हैं।

सिद्धार्थनगर में बसपा के जिलाध्यक्ष व उपाध्यक्ष को जूतों की माला पहना पीटा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। डुमरियागंज लोक सभा सीट पर बार-बार बसपा प्रत्याशी बदलने तथा बाहरी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाए जाने से शनिवार को कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। गाड़ी रुकवारकर बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र गौतम व जिला उपाध्यक्ष मो.शमीम को जूतों की माला पहनाने के बाद उनकी जमकर पिटाई की। इस मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता इस बात को लेकर काफी आक्रोश में थे कि पार्टी नेतृत्व द्वारा स्थानीय स्तर पर किसी भी कार्यकर्ता को टिकट न देकर बाहरी व्यक्ति को प्रत्याशी बना दिया, जिसे सिद्धार्थ नगर की जनता जानती व पहचानती ही नहीं है। कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष व पार्टी के अन्य पदाधिकारियों पर पैसा लेकर पार्टी को गुमराह करके बाहरी व्यक्ति को टिकट दिलाने का आरोप लगाया। नदीम मिर्जा ने शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र गौतम, जिला उपाध्यक्ष मो.शमीम व अन्य पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर पर्चा दाखिल कर दिया।

विवाहः पवित्र सामाजिक संस्कार

आधुनिक सभ्यता के प्रभाव शुभ नहीं हैं। जीवन के सभी आयामों में आधुनिकता का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। परिवार खूबसूरत संस्था है,लेकिन आधुनिकता की चपेट में है। वस्तुतः आधुनिकता प्राचीनता का ही हिस्सा है और उसी का विकास है। भारत प्राचीन सभ्यता है। इस सभ्यता का सतत विकास हुआ है। आधुनिकता और प्राचीनता को खंडों में नहीं बांटा जा सकता। प्राचीन सभ्यता से विकसित होकर बनने वाली आधुनिकता स्वागत योग्य है,लेकिन वर्तमान भारत की आधुनिकता में विदेशी सभ्यता की वरीयता है। यह प्राचीन भारतीय सभ्यता, दर्शन और अनुभूति को पिछड़ापन मानती है। उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है।

ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत् प्रवाहमान सामाजिक विकास का परिणाम है। विवाह ही प्राचीन समाज की मजबूती का आधार रहे हैं। वे स्त्री और पुरुष के बीच नेह बंधन में बंधे हुए थे। अब उधार की आधुनिकता ने 'लिव इन' नाम का दुखद दृश्य प्रस्तुत किया है। 'लिव इन' दोनों को संताप में रखता है। भारतीय समाज परिवारों में ही विकसित हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों के सुख-दुख एक समान रहे हैं। सब साथ-साथ रहते थे। साथ-साथ उत्सव मनाते थे। वरिष्ठ नई पीढ़ी के साथ आनंदित रहते थे। वृद्ध ऐसे परिवारों के संचालक, नीति निर्माता और मुखिया रहे हैं, लेकिन उधारू सभ्यता के कारण परिवार के सदस्यों के मध्य अंतर्संवाद व अंतर्संगीत नहीं है। सब अलग-अलग रहना चाहते हैं। उधार की विदेशी आधुनिकता के कारण उपयोगितावाद मार्गदर्शी हो रहा है। जीवन की सांझ में वृद्ध उपयोगी नहीं दिखाई पड़ते। वृद्ध अकेले हैं। माता-पिता और अन्य वरिष्ठ प्राचीन भारतीय सभ्यता में आदरणीय रहे हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता के प्रभाव में परिवार के वरिष्ठ जनों का आदर घटा है। वृद्धों

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।"

की सेवा पुत्रों-पौत्रों का दायित्व है। परिवार के सदस्य वरिष्ठों को घर में छोड़कर अलग रहते हैं। वृद्ध उपयोगी नहीं हैं। वे स्वयं अपना शरीर भी नहीं संभाल पाते। शारीरिक जीर्णता के साथ मानसिक संताप भी जुड़े हैं। वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं।

संवेदनाएं कुचालक हो गई हैं। परस्पर आत्मीयता घटी है। पश्चिम की सभ्यता आधुनिकता बनकर समाज तोड़ रही है। ऐसी सभ्यता से जुड़े विद्वान भारत में स्त्री की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। ऋग्वेद में विवाह नाम के उत्सव का वर्णन बार-बार पठनीय है। ऋग्वेद (10.85) में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का रोचक वर्णन है। सूर्य प्रकृति की विराट शक्ति हैं। आराध्य हैं। यहां उनकी पुत्री के विवाह का उत्सव वर्णन है। यह वर्णन निरा काल्पनिक नहीं हो सकता। ऋग्वेद में विवाह के समय वर कहता है, "हे वधू सौभाग्य वृद्धि के लिए मैं आपका हाथ ग्रहण करता हूं। तुम मेरे साथ सदा रहना।" अग्नि देवता के चारो ओर सात चक्कर लगाने की परंपरा सप्तपदी में भी है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।" पश्चिम प्रभावित भारतीय विद्वान नोट कर सकते हैं कि वैदिक काल में नारी की स्थिति कार्यपालक अधिकारी जैसी है। ऋग्वेद में कहते हैं,''यह नारी पूरे परिवार की प्रतिष्ठा वृद्धि करने वाली हो।" देवों से स्तुति है कि, ''इसे संतति युक्त सौभाग्यशाली बनाएं।" फिर सामूहिक आशीर्वाद देते हैं, "आप सास, ससुर, ननद व देवर की साम्राज्ञी बनें। पूरे परिवार की स्वामिनी बनें।" प्राचीन काल में स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। युद्ध साधारण कर्म नहीं है। ऋग्वेद में विप्सला नाम की महिला के पैर टूटने का विवरण है। अश्विनी देवताओं ने टूटे पैर की जगह किसी धातु का कृत्रिम पैर लगाया था। इसी तरह एक महिला मुदग्लानी की भी वीरता का उल्लेख है। वैदिक काल की इसी परंपरा के दर्शन रामकथा में भी मिलते हैं। कैकई भी दशरथ के साथ युद्ध भूमि में थीं। लोपामुद्रा भी वैदिक मंत्रों की रचयिता हैं। पुरुष और स्त्री में भेदभाव की बातें व्यर्थ हैं।

आधुनिक विदेशी सभ्यता स्त्रियों को सम्माननीय दर्जा नहीं देती। इस सभ्यता ने उन्हें पुरुष से भिन्न अलग वर्ग बनाने के प्रयास किए हैं। वैदिक काल में स्त्री और पुरुष साथ-साथ काम करते हैं। वैदिक समाज का सर्वाधिक प्रिय पेय है सोम। ऋग्वेद के अनुसार पति-पत्नी दोनों मिलकर सोम पीसते हैं और साथ-साथ सोमरस का आनंद लेते हैं। साथ-साथ देव स्तुतियां भी गाते हैं। पत्नियां अपने पतियों के साथ पर्व उत्सवों में हिस्सा लेती थीं। एक मंत्र के अनुसार अग्नि देव से स्तुति है कि वे 33 देवताओं को पत्नियों सहित यज्ञ उत्सव में लाएं।

जीवन दिक्काल के भीतर है जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु भी होती है। जन्म के बाद धीरे-धीरे शैशव विकसित होता है। संभावना का घट टूटता है। जीवन ऊर्जा ऊर्द्धवगामी होती है। तब आती है तरुणाई। तरुणाई भी अल्पकालिक है। सूर्य आते हैं। उदित होते हैं। कालरथ का पहिया घूमता है। शरद आती है। हेमंत,शिशिर आते हैं। तमाम पूर्णिमा और बार-बार अमावस। जीवन का संध्याकाल आता है। शरीर जीर्ण होता है। ऊर्जा घटती है। आंखों की ज्योतिर्मयता घटती है। जन्म और मृत्यु के बीच बड़ा फासला नहीं होता। सामान्यतया 60 वर्ष की वय में वृद्धावस्था प्रकट हो जाती है। वृद्ध होना सबकी नियति है। सभ्यता और संस्कृति में वृद्धो के सम्मान को महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया गया है। महाभारत के यक्ष प्रश्नों में माता-पिता को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा, "आकाश सबसे ऊंचा है। हे धर्मराज आप बताएं कि आकाश से ऊंचा क्या है? ''युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "पिता आकाश से ऊंचा है।" यक्ष ने फिर पूछा, "पृथ्वी के गुरुत्व और भार से भारी क्या है?" युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "माता पृथ्वी से भारी है।

माता सृष्टि की आदि अनादि अनुभूति है। हम सब मां का विस्तार हैं।" हमारे भीतर माता और पिता दोनों की उपस्थिति है। लेकिन जीवन की सांझ में वे एकाकी हैं। वे चाहते हैं कि पौत्र और पौत्रियां उनका हाल-चाल लें। उनसे बातें करें। वे डांटें तो हम उनकी डांट खाकर भी प्रसन्न रहें। वृद्धों के पास जीवन अनुभव होते हैं। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में सभी वरिष्ठों को नमस्कार किया गया है, "इदं नमः ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृदभ्यः-ऋषियों को नमस्कार है। पूर्वजों को नमस्कार है। वरिष्ठों व मार्गदर्शकों को नमस्कार है।" (ऋग्वेद 10.14.15) वरिष्ठों के सम्मान का यही तत्व महाभारत में भी है। कहते हैं कि, "वह सभा सभा नहीं है जिसमें वृद्ध नहीं हैं। वह वृद्ध वृद्ध नहीं हैं। जो धर्मतत्व नहीं जानते।" उधार की विदेशी सभ्यता ने इस परम्परा को उपयोगितावाद के हवाले कर दिया है। यह शुभ नहीं है। भारत को प्राचीनता के गर्भ से जन्म लेने वाली आधुनिकता की आवश्यकता है।

गलत कार्यों से कमजोर होता है आत्मबल

नाटक हो या सिनेमा का पर्दा। नायक के आते दर्शकों की तालियां बजने लगती हैं। इसमें वह भी शामिल होता है जिसका स्वयं का जीवन सामान्य नहीं कूरतम अपराधों का रहा। वह जेल तक गया और सजा की अवधि पूर्ण कर बाहर आया। ऐसा इसलिए होता है,क्योंकि हर दर्शक के मन में नायक के प्रति लगाव होता है। लगाव का कारण स्पष्ट है,क्योंकि नाटक और फिल्म में जो खलनायक होता है,वह निकृष्ट भूमिका में होता है। हर तरह के गलत कामों को अंजाम देता है,लेकिन जब वह नायक के सामने पड़ता है तब उसका आत्मबल क्षीण होने लगता है। अपने खलनायकी स्वभाव के चलते वह नायक से मोर्चा लेता है। जब कभी नायक के पराजित होने का दृश्य दिखाई पड़ता है तब दर्शकों की सांसें ठहर-सी जाती हैं। मन ही मन नायक के लिए दर्शक दुआ करने लग जाते हैं। दृश्य बदलता है। कुछ ही पलों में नायक भारी पड़ने लगता है और खलनायक को मारने लगता है तब दर्शकों की ओर से आवाज भी आने लगती है और मारों इसको। हालांकि इस आवाज का कोई मतलब नहीं होता। नाटक और फिल्म की कहानी तो पहले ही तय हो चुकी है,लेकिन आवाज लगाने वालों को आंतरिक सुकून अवश्य मिलता है।

अब जरा पर्दे से हटकर निजी जीवन की भूमिका पर नजर डाली जाए तो क्या ऐसा होता है कि किसी भी क्षेत्र में गलत रोल अदा करते समय मन यह कहता है कि कोई नायक आए और उसे फिल्म वाले नायक की तरह प्रताड़ित करे? उत्तर शायद ही 'हां' में आए,क्योंकि 'हां' का उत्तर यदि आएगा तब खुद ही मन रुक जाएगा कि गलत कामों का परिणाम गलत ही मिलता है,लेकिन निजी जीवन में तो यही महसूस होता है कि किसी को गलत कार्य किया जाएगा। इतनी सावधानी बरती जाएगी कि किसी को इसकी जानकारी लग पाएगी। देखा जाता है कि मन द्वारा बताए जाने के बावजूद नियम विरुद्ध गलत काम करने में जो खुद को ज्ञाता और पढ़े-लिखे तथा होशियार मानते हैं,वे इसलिए कदम बढ़ा देते हैं,क्योंकि उन्हें मालूम है कि यदि किसी संकट में वे फंसेंगे तो बचाव के लिए वे मददगार खरीद लेंगे। इस तरह वे गलत कार्यों की ओर बढ़ जाते हैं और बच भी जाते हैं,लेकिन इसका परिणाम यह होता है कि एक अज्ञात भय तो मन में समा ही जाता है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

गलत कार्यों की जानकारी संभव है कि किसी अन्य को नहीं हो सके,लेकिन खुद के मन को तो मालूम है कि नियम विरुद्ध गलत कार्य किया गया है। जब कभी खुद को होशियार मानने वाले के गलत कार्यों का खुलासा होता है और वह कानून के शिकंजे में फंसता है तब उसी तरह की गलती और अपराध करने वाले अन्य लोगों का भी मन भयाक्रांत होने लगता है। इस भय से शरीर पर कितना कुप्रभाव पड़ता है, इसका आकलन किया जाए तो गलत कार्यों से जो लाभ या सुख मिला है, वह बहुत छोटा ही होता है। धीरे-धीरे मन चोर की तरह होने लगता है। इसे ही कहते हैं कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका।' मन में चोर-भाव आते ग्लानि के साथ आत्मबल गिरता है जिसका आत्मबल कमजोर होता है, उसकी स्थिति फिल्म और नाटक के खलनायक जैसी हो जाती है। इसीलिए इतने खूबसूरत जीवन में कार्य ऐसा ही करना चाहिए कि जब खुद अपने कार्यों का मूल्यांकन करने की ईमानदार-कोशिश हो तो मन 'वाह' कहे न कि धिक्कारें। ऐसे लोग नायक जैसे होते हैं। जहां जाते हैं वहां उनके आभामंडल का ऐसा प्रभाव पड़ता है कि लोगबाग मन से खुशी की तालियां बजाने लगाते हैं जबकि खलनायक प्रवृत्ति के लोगों के लिए तालियां प्रायोजित करनी पड़ती है।

वनाग्नि का हो स्थायी समाधान

बीते कई दिनों से संपूर्ण उत्तराखंड से लेकर जम्मू कश्मीर की यात्रा पर हूं। रास्ते भर सुंदर प्राकृतिक नजारे मिल रहे हैं, लेकिन उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों में जंगलों में आग लगने के दृश्य विचलित करने वाले हैं। दरअसल आग को लगातार धधकने के लिए ऑक्सीजन चाहिए और जंगलों में इसकी कोई कमी नहीं। तभी लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए जंगलों का रुख करते हैं।

उत्तराखंड के अधिकतर क्षेत्रों में चीड़ के पेड़ बहुत है और आग फैलाने में इनका बड़ा योगदान है। गर्मी का समय से पहले बढ़ जाना आग लगने का दूसरा प्रमुख कारण है। तीसरा कारण है ईंधन। जब जंगलों में पत्तियां सूखी हुई हों तो एक छोटी सी चिंगारी भी दूर-दूर तक फैलकर विकराल रूप धारण कर लेती हैं। आग लगाने से नई घास आती है इसलिए जंगलों में आग लगा दी जाती है ताकि चारे के लिए अच्छी घास मिले। जंगल के आसपास की आबादी में जब कूड़ा जलाया जाता है तो यह भी आग लगने का कारण बनता है। कैंप फायर भी वनाग्नि की बड़ी वजह है। निम्न हिमालय में पौधों की प्रजाति, आबादी और मानव गतिविधियों के कारण आग फैलना आसान हो जाता है।

एफआरआई की रिपोर्ट के अनुसार 90 प्रतिशत आग की घटनाएं मानव जनित हैं। बैसाखी के आसपास गेहूं की फसल कटाई के बाद जब अगली फसल बोने से पहले खेतों में आग लगाई जाती है तो यह आग भी जंगलों तक फैल जाती है। इस दौरान गर्मी भी शुरू हो जाती है और शुष्क हवा भी चलती है, जो आग को फैलाने में मददगार होती है। जलते जंगलों की पीड़ा नई बात नहीं है। पिछले लगभग तीस पैंतीस साल से हमारे

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे।

जंगल धधक रहे हैं। हर साल यह बात उठती है मगर नीति निर्धारित होने तक लाखों हेक्टेयर जंगल जलकर भस्म हो जाते हैं। जल, जंगल और जमीन, यही धरोहर है इस पर्वतीय राज्य की। इसी के दम पर हम ग्रीन बोनस की उम्मीद करते हैं। आरक्षित वन क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उत्तराखंड का लगभग दो तिहाई हिस्सा जंगल ही है।

राज्य में वन व्यवस्था की शुरुआत कमिश्नर ट्रेल द्वारा 1823 में की गई थी, जिन्हें कुमाऊं में ब्रिटिश शासन का संस्थापक माना जाता है। 1826 में ट्रेल ने वन उत्पादों पर भी भू राजस्व की तरह शुल्क लगाने की वकालत करते हुए वनों की संपत्ति को राज्य संपत्ति घोषित कर वनों से लकड़ी आदि लाने पर टैक्स लगा दिया। इससे पूर्व 1824 में तराई के साल के जंगलों को पूर्णतः संरक्षित कर दिया। तत्कालीन कुमाऊं कमिश्नर सर हेनरी रैम्जे द्वारा जंगलों की ठेका प्रथा को बंद करवा दिया गया था। भारत में वन अधिनियम लागू होने से पहले ही सर रैमजे ने तराई-भावर में साल के वृक्षों से छेड़छाड़ को रोकने और उन्हें संरक्षित करने के उद्देश्य से सन् 1855 में ही कुमाऊं में इसे लागू कर दिया था। 1861 में वन व्यवस्था प्रारंभ हुई। 1865 में लागू हुए भारतीय वन अधिनियम के अनुसार सभी वन सरकार के अधिकार में आ गए और अंधाधुंध कटाई पर रोक लगी।

देहरादून में एक हफ्ते पहले हुई बारिश से थोड़ा राहत उस क्षेत्र में जरूर मिली, लेकिन ये स्थायी समाधान नहीं है। ग्लोबल वार्मिंग एक ज्वलंत समस्या है। आज राहत देने वाले पहाड़ लगातार तप रहे हैं। जिन पहाड़ों में हम कुछ सालों पहले तक गर्मियों में प्राकृतिक ठंडी हवा का आनंद लेते थे, वहां आज पंखे, ए सी के बिना काम नहीं चल रहा है। मुनस्यारी जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में भी जाड़ों में बर्फबारी का न होना अच्छा संकेत नहीं है। मार्च के महीने में मुन्स्यारी यात्रा के दौरान वहां भी अपने कमरे से दूर पहाड़ी में वनाग्नि देखकर मन व्यथित हुआ था। तीन दिन तक लगातार जंगल को हुए जलते देखा। इसी तरह अल्मोड़ा में कोसी, गगास, राम गंगा, सुयाल जैसी नदियों के आसपास के जंगलों में सालों से आग लगने की घटनाएं देखी जा रही हैं। नदियों का जल स्तर तो लगातार कम हो ही रहा है,साथ में प्राकृतिक स्रोत भी सूख रहे हैं।

स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे। फायर वाचर की भूमिका महत्वपूर्ण है। आग लगने का एक बहुत बड़ा कारण यह भी है कि खेतों में होने वाले खरपतवार और घास को काटकर जलाया जाता है और अप्रैल के महीने में गर्मी के बढ़ने से जब तेज हवा चलती है तो यह चिंगारी फैलकर जंगलों में पहुंच जाती है। पहाड़ों में चीड़ के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं और इनके पत्ते यानि पिरूल बहुत ही तेजी से आग पकड़ते हैं। जंगलों में आग लगने से पेड़-पौधे वनस्पति ही नहीं धधक रहे हैं, बल्कि करोड़ों रुपए का टिंबर का कारोबार भी खत्म हो गया है। आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट ऐसा कहती है कि कई पशु-पक्षियों ने जंगल छोड़ दिया है। अपनी उत्तराखंड यात्रा के दौरान मैंने जंगलों में फलों के पेड़ में बहुत कम फल देखे। नतीजतन यहां रहने वाले बंदर और दूसरे पशु शहरों की तरफ, मंदिरों, दुकानों और घरों के आसपास अधिक दिखाई दिए। पेट की आग तो उन्हें भी बुझानी है। जंगल में कुछ नहीं मिलेगा तो स्वाभाविक तौर पर शहर की ओर आएंगे। गुलदार और तेंदुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है।

गर्मी के मौसम में सूखा पिरूल आग भड़काने का काम करता है। इसे गर्मी का मौसम शुरु होने से पहले ही हटाने की आवश्यकता है जबकि हमारी व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी यह है कि योजना जंगलों के जलने के बाद बनती है। जगह-जगह उग आए चीड़ के बेहिसाब वृक्ष कई बार घाटे का सौदा साबित होते हैं। इसलिए चीड़ के जंगलों का फैलाव कम कर बांज, ओक जैसी अन्य वनस्पतियों का रोपण किया जाना आवश्यक है, जो नमी को सोखने और रोकने में मददगार हों। सबसे बड़ी आवश्यकता इस बात की है कि समाधान हमें पूर्व में ही सोच कर रखना होगा। यह नहीं कि आग लगने पर पानी लेकर दौड़ें।

प्रथम कर्तव्य देशहित

कोहम-मैं कौन हूं-मेरा स्वकर्तव्य क्या है, यह हर व्यक्ति को गंभीरता पूर्वक आज निश्चित करने की आवश्यकता है,एक व्यक्ति एक साथ बहुत कुछ होता है। किसी का भाई,किसी का बेटा,किसी का पिता। उसका कुछ वर्ण हो सकता है,संप्रदाय हो सकता है आदि आदि पर उसकी मूल पहचान क्या है जिसमे सब कुछ समाहित हो जाए। स्वकर्तव्य निश्चित करने के लिए हम क्या करें? किसी ब्रह्मज्ञानी की तलाश करें और जब संतुष्टि हो जाए की यह ब्रह्मज्ञानी है तो उसका अनुसरण करे या उसके सुझाए राह पर चलें? इस प्रश्न के समाधान में आचार्य विनोबा भावे ने एक स्थल पर कहा है। कोहम के उत्तर पर स्वकर्तव्य निश्चित होता है।

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

लक्ष्मण ने अपने से यही प्रश्न पूछा-कोहम। उसके अंतर्मन ने उत्तर दिया-राम बंधु हम-मैं राम का भाई हूं। रामानुज। लक्ष्मण दशरथ का पुत्र था, उर्मिला का पति था और अनेक का अनेक था,लेकिन उसका अन्तस्थ उत्तर इतना ही था की मैं राम का भाई पहले हूं। दशरथनंदन, सुमित्रानंदन बाद में। सबसे मान लीजिए उसका उत्तर -मैं दशरथ का पुत्र हूं होता और वह राम के साथ वन न गया होता और दशरथ की अनन्य भाव से सेवा करता रहता अथवा राज्य कारोबार में भारत की मदद करता,तो रामायण अलग तरह से लिखी गई होती! लक्ष्मण का मूल्य कुछ दूसरा ही आंका जाता,परंतु उसका आचरण गलत ठहरता ऐसा कौन कह सकता है? लक्ष्मण की अंतरात्मा ने उसका कर्तव्य निश्चित किया। आज के संदर्भ में क्या यह आवश्यक नहीं है कि हम लक्ष्मण की भांति यह दृढ़ निश्चय करें की पहले हम क्या है-यह निश्चित करें की-मैं कौन हूं? लक्ष्मण की प्राथमिकता-राम बंधुहम-राम का भाई होना था। हमारी प्राथमिकता क्या है। अथर्ववेद में मंत्रदृष्टा ऋषि ने कोहम का उत्तर देते हुए समस्त मानव मात्र की प्राथमिक पहचान बताई-माता भूमिः पुत्रोहम पृथिव्याः -पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। सबसे पहले हम पृथ्वी के, धरती के, वसुंधरा के पुत्र हैं उसके बाद कुछ और। हमारा देश हमारी पृथ्वी है, हमारा प्रथम कर्तव्य देशहित के साथ जुड़ा हुआ है।

पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व

सैम पित्रोदा ने कहा कि किसी के मरने के बाद उसकी आधी संपत्ति सरकार की होगी और आधी बाल-बच्चों व अन्य उत्तराधिकारियों की होगी। इस पर काफी हंगामा है। मैं तो कहूंगा कि मृतक की शत-प्रतिशत चल और अचल पूंजी/संपत्ति सरकार की होनी चाहिए। उत्तराधिकारी की बात ही बेमानी है। बिल लिखने की प्रथा भी बंद होनी चाहिए। यह ट्रस्टीशिप की धारणा का समुचित अर्थ होगा। इससे राजनीति क्लीन हो जाएगी, स्कैम खत्म होंगे,लूट खत्म होगी,घूसखोरी खत्म होगी। लोग खुलकर खर्च करेंगे,बच्चों को काबिल बनाने पर खर्च करेंगे, समाज और सामाजिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में खर्च करेंगे। जब सरकार ही ले लेगी तो जीते जिंदगी स्कूल, कॉलेज, धर्मशाला, लाइब्रेरी, पार्क क्यों न बनवा दें,स्कॉलरशिप क्यों न दे दें,यतीमखाने में क्यों न दे दें,तालाब क्यों न खुदवा दें,इत्यादि। आज की राजनीति में परिवारवाद आलोचना का विषय है,लेकिन सोचिए कि उत्तराधिकार का प्रचलन और इसकी कानूनी मान्यता आर्थिक परिवारवाद की नींव है कि नहीं। आर्थिक परिवारवाद शैक्षणिक,सामाजिक और राजनीतिक परिवारवाद का आधार स्तंभ हो सकता है। मैं तो सोशिओलॉजिकल और बायोलॉजिकल परिवारवाद का भी विरोध करूंगा। बच्चे समाज के बच्चे हों। उनके पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व समाज का हो। आज एक अमीर मां-बाप का औसत बुद्धि वाला बच्चा दून स्कूल में पढ़ रहा है,वहीं एक गरीब मां-बाप का जहीन बच्चा खिचड़ी-स्कूल में बैठा फटी आस्तीन में बहती नाक पोंछ रहा है। क्या यह परिवारवाद नहीं है? बच्चों का प्रजनन भी सीमेन बैंक और आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन से हो। मां के दूध तक के लिए ह्यूमन मिल्क बूथ हो। यह आदमी और समाज को एक नया ढांचा देगा। आगे,अगर भगवान ने चाहा तो बच्चे फैक्ट्री में बनेंगे और मॉल में मिलेंगे। मनचाहा बच्चा खरीदिए,जब तक दिल चाहे रखिए और जब चाहिए सेकंड हैंड मार्केट में बेच लीजिए। या फिर स्टॉक मार्केट की तरह बच्चों का मार्केट विकसित कीजिए। अनंत संभावनाएं हैं। सोचिए।

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दुर्लभ और शक्तिशाली है मनुष्यता

मनुष्यता दुर्लभ है। मनुष्यता बहुत शक्तिशाली है। उसे किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। न जाति की सीमा में न देश की सीमा में। वह मनुष्यता ही तो थी जिसके कारण एक स्काटिश आईसीएस के मन में भारत और भारतवासियों के प्रति करुणा का भाव पैदा हो गया था,जो काम बंगाल में सुरेन्द्र नाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस इंडियन एसोसियेशन के माध्यम से करना चाहते थे,किंतु नहीं कर पा रहे थे,जो काम बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसियेशन और इंडियन लीग करना चाहती थीं,किंतु नहीं कर पा रही थीं,वही काम उस अंग्रेज ने आगे बढ़ा दिया और वह भी तत्कालीन वायसराय की सहमति से।

इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा,बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से,वह व्यवहार जो कहीं न कहीं,शिमला के इतिहास में दबा हुआ है। वह अस्पताल,जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है। यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम। एलेन आक्टेवियन ह्यूम ने पूरे देश में घूमकर कुछ

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा,बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से,वह व्यवहार जो कहीं न कहीं,शिमला के इतिहास में दबा हुआ है। वह अस्पताल,जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है। यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम।

ऐसे शिक्षित लोगों को एकत्र किया जिनके मन में देश के लिए कुछ कर पाने का जज्बा था,जैसे दादाभाई नौरोजी। उसने इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना की। जब 18 मार्च 1894 को वह यहां से विदा हुआ,तब उसने कहा था "मैं अपनी असफलता महसूस करता हूं कि मैं केवल बीज ही बो सका हूं,फसल नहीं दे सका। किंतु मैं निराश नहीं हूं,जिस धरती से मैंने प्यार किया है,एक दिन वह विजयी होगी। लोग मुझे याद करना चाहेंगे तो याद कर लेंगे कि वह आदमी भारत के लिए निरंतर श्रम करता रहा,हो सकता है कि उसने कोई गलती भी की हो,किंतु वह भारत को प्यार करता था!" मनुष्यः कुरुते तत्तु यन्न शक्यं सुरासुरैः। (मुद्रा राक्षस) मनुष्य जो कर सकता है,वह न देवता के वश की बात है और न असुर ही वह कर सकता है। मनुष्य सृजन भी करता है,किंतु विनाश भी वही करता है। देवता भी उसी में है तो दानव भी उसी में है। मनुष्य की ऐसी पहचान किसने की?

महामति चाणक्य ने! /ई.पू चौथी शती। वही प्रचंड विद्रोही। नंद के साम्राज्य को ध्वस्त करके एक नई राष्ट्रीयता का प्रतिपादक। राष्ट्र का जनक। भारत की राजनैतिक एकता का स्वप्नद्रष्टा और उस स्वप्न को धरती पर साकार करने वालाः जीवन के यथार्थ को इतने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर देने वाला चिंतक। महान मेधावी चाणक्य,वही चाणक्य जिसने सिकंदर के आक्रमण को छोटे-छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर देखा था। सिकंदर के आक्रमण को उसने किसी जनपद,किसी राज्य, किसी जाति,किसी संप्रदाय,किसी वर्ण के संकट की नजर से नहीं देखा,राष्ट्र के संकट के रूप में देखा था और मौर्यसाम्राज्य स्थापित किया था।

वही चाणक्य जिसने प्रयोजनवाद की प्रतिष्ठा करते हुए कहा था कि नप्रयोजनमन्तरा मनुष्यः स्वप्नेऽपि विचेष्टते। प्रयोजन के बिना,मनुष्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता। वही चाणक्य जिसने अपने अर्थशास्त्र ग्रंथ में लिखा था कि सर्वज्ञता लोकज्ञता। शास्त्रज्ञः अप्यलोकज्ञः भवेन्मूर्ख तुल्यः। 542-543 शास्त्र को जानता है,किंतु लोक को नहीं जानता तो मूर्ख तुल्य ही है। लोक के संबंध में इतनी बड़ी बात चाणक्य ने क्या यों ही कह दी थी? बड़े साफ-साफ शब्दों में निर्भय होकर अपनी बात कही,बोला-धर्मस्य मूलं अर्थः,अर्थस्य मूलं राज्यः। धर्म का मूल अर्थ है और अर्थ का मूल राज्य है। उसने योगसाधना और यज्ञ यागादि अनुष्ठान (धर्म के उपलक्षण) को धर्म का मूल नहीं बतलाया।

जीएसटी की वसूली

भारत देश में सामान्यता दो प्रकार से करों की वसूली की जाती है। एक प्रत्यक्ष कर लगाकर। दूसरा अप्रत्यक्ष कर लगाकर। जीएसटी एक अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है जिसमें एक जन सामान्य,एक उपभोक्ता के रूप में सुबह से शाम तक खरीदे गए प्रत्येक सामान पर कर का भुगतान करता है और उसे पता ही नहीं चलता कि कर के रूप में एक मोटी राशि सरकार द्वारा उससे वसूली जा रही है।

अप्रैल के महीने में भारत सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से भारत के नागरिकों से 1.92 लाख करोड़ रुपये की वसूली हुई है। यह जीएसटी व्यवस्था के तहत अब तक का सबसे अधिक कर संग्रह है। हमें समझना चाहिए कि करों की वसूली से समृद्धि नहीं आती,अगर करों से समृद्धि आती तो दुनिया में कोई गरीब देश नहीं होता।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

जीएसटी का सबसे ज्यादा बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर ही पड़ता है। यह स्थापित हो चुका है कि गरीब और मध्यम वर्ग द्वारा एकत्र किए गए जीएसटी का लगभग 90 प्रतिशत भुगतान किया जाता है,क्योंकि अंत में उपभोक्ता ही इसका भुगतान करता है। उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए जाने के बाद श्रृंखला में शामिल सभी व्यापारियों को एक-एक करके रिफंड मिलता है।

उदाहरण के लिए,यदि कोई उत्पाद 100 +12 प्रतिशत जीएसटी पर अपनी यात्रा शुरू करता है और 500+12 प्रतिशत जीएसटी पर समाप्त होता है तो सभी बिचौलियों को उत्पाद के ऊपर बिकने पर उनका रिफंड मिलता है। अंत में सरकार को उत्पाद पर 60 रुपये मिलते हैं,जबकि स्रोत पर इसकी शुरुआत 12 रुपये से होती है, क्योंकि समस्त जीएसटी का खर्च अंत में उपभोक्ता ही वहन करता है, इसलिए इस कर संग्रह के आंकड़े का जश्न मत मनाइए,बल्कि इस बात पर दुखी होइए कि सरकार ने आपसे इतना कुछ वसूला है।

फिलहाल जीएसटी की वसूली को लेकर बीते दिनों आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला कुछ राहत देने वाला हो सकता है जिसमें कहा गया है कि सभी कर वसूली मामलों में जेल नहीं भेजा जा सकता,क्योंकि लोगों और कारोबारियों द्वारा संबद्ध अधिकारियों पर जीएसटी की वसूली को लेकर उत्पीड़न के आरोप लगाए जा रहे थे। देश की सरकार कब तक मूक रहेगी। एक तरफ महंगाई और बेरोजगारी की मार और दूसरी ओर जीएसटी रूपी करों की मोटी वसूली की मार आखिर जनता कब तक सहेगी और कब जनता को इससे राहत मिलेगी,यह एक यक्ष प्रश्न है।

एक नजर

लखनऊ से फरार एक सोना तस्कर गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : एक माह पूर्व लखनऊ एयरपोर्ट से कस्टम अधिकारियों को चकमा देकर फरार हुए टांडा के 29 आरोपियों में से एक को लखनऊ से आए कस्टम विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार की शाम तहसील टांडा के मोहल्ला राहूपुरा में छापा मारकर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस विभाग के सूत्रों ने बताया कि टीम युवक को पकड़ कर लखनऊ ले गई है। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके घरों पर दबिश दी। लेकिन कोई आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। पुलिस की कार्रवाई से आरोपियों में हड़कंप मचा है। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने आरोपियों को छह मई तक आत्मसमर्पण करने के लिए नोटिस जारी किए हैं।

लोको पायलट ने पांच शेरों को ट्रेन की चपेट में आने से बचाया

भावनगर : पश्चिम रेलवे में गुजरात के भावनगर रेल मंडल के लोको पायलट ने पांच शेरों को ट्रेन की चपेट में आने से शनिवार को बचाया। सीनियर डीसीएम के अनुसार लोको पायलट दलपत बेनीवाल ने शनिवार को मालगाड़ी संख्या पीआरटीके-पीपीएसपी पर कार्य करते समय प्रात: लगभग 0515 बजे लिलिया मोटा – सावरकुंडला सेक्शन के बीच कि.मी. संख्या 48/7-8 पर देखा कि दो शेर व एक शेर शावक पटरी पर खड़े थे एवं पटरी के पास दो शेर शावक और खड़े थे जिसे देखते हीं लोको पायलट ने आपातकालीन ब्रेक लगाकर लगभग 50-100 मीटर पहले गाड़ी को रोककर पांच शेरों की जान बचा ली। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर गाड़ी का विलंबन 15 मिनट हुआ। मौके पर कोई फॉरेस्ट गार्ड उपस्थित नहीं था, उसके बावजूद भी लोको पायलट ने ट्रेन को खड़ा करके शेरों को बचाया। शेरों के पटरी पार करने के बाद घटनास्थल से लोको पायलट द्वारा ट्रेन को गंतव्य स्टेशन की ओर ले जाया गया।

चारधाम यात्रा चुनौती भी और परीक्षा भी

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि चारधाम यात्रा हमारे लिए चुनौती भी है और परीक्षा की घड़ी भी। ऐसी व्यवस्थाएं की जाएं कि श्रद्धालु अच्छा संदेश लेकर जाएं। उन्होंने कहा वनाग्नि भी बड़ी चुनौती है, इसमें ऊपर से नीचे तक जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन से प्रदेश में आगामी चारधाम यात्रा, वनाग्नि आदि महत्वपूर्ण विषयों पर शासन के आला अधिकारियों व जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक कर दिशा-निर्देश दिए। चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने डीजीपी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मंदिर परिसरों में तैनात सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार करें और उनकी मदद के लिए तत्काल आगे आएं। उन्होंने कहा कि यात्रा के शुरुआती 15 दिन हमारे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण हैं, इन दिनों में वीआईपी का मूवमेंट कम से कम हो। मुख्य सचिव ने उन्हें चारधाम यात्रा की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 मई को चारधाम यात्रा प्रारंभ होने से पहले समस्त सड़कें चकाचक हो जानी चाहिए। सचिव ऊर्जा मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि चारधामों में 24×7 बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

कान्फ्रेंसिंग में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार

● मुख्यमंत्री धामी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए दिशा-निर्देश

प्रदेश में वनाग्नि को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे सामने वनाग्नि भी बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है। कहा कि इस मामले में ऊपर से नीचे तक अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। मुख्यालय स्तर पर तैनात सभी अधिकारियों को प्रभागों की जिम्मेदारी बांटी जाए और इन सभी से नियमित रिपोर्ट ली जाए। वनाग्नि रोकने के कार्य में जिलाधिकारी भी वन विभाग का पूर्ण सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रहे इसकी पुख्ता तैयारी की जाए।

मसूरी में खाई में गिरी कार, पांच की मौत

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मसूरी-देहरादून मार्ग पर शनिवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। झड़ीपानी के पास बैंड पर अनियंत्रित हुई एंडेवर कार खाई में गिर गई। जिससे कार में आईएमएस और डीआईटी कॉलेज के चार छात्रों और एक छात्रा की मौत हो गई। एक छात्रा की हालत गंभीर बनी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख जताया है।

देहरादून स्थित आईएमएस व डीआईटी कॉलेज के चार छात्र व दो छात्राएं मसूरी घूमने गए थे। रविवार सुबह ये लोग एंडेवर कार से वापस लौट रहे थे। झड़ीपानी से पहले ही पानी वाले बैंड पर अनियंत्रित होकर एंडेवर करीब 60 फीट नीचे खाई की तरफ नीचे की सड़क पर जा गिरी।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

सूचना मिलते ही मसूरी से पुलिस बल, फायर ब्रिगेड के कर्मचारी तथा एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। एंडेवर में छह लोग सवार थे, चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवतियों की सांस चल रही थी, उन्हें खाई से रेस्क्यू करके 108 एंबुलेंस के माध्यम से देहरादून हायर सेंटर भेजा गया। लेकिन उनमें से एक युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरी युवती का इलाज चल रहा है। चारों युवकों के शवों को मसूरी उप जिला चिकित्सालय भेज दिया गया।

हादसे में पांच लोगों की मौत की खबर मिलते ही हड़कंप मच गया। मृतकों में आईएमएस यूनिवर्सिटी के अमन सिंह (22), दिंग्याश प्रताप भाटी (23) तनुजा रावत (22) व डीआईटी यूनिवर्सिटी के ह्रदयांश चंद्र (24) निवासी सोनभद्र के अलावा आईएमएस पास आउट अशुतोष तिवारी मुरादाबाद हैं। आईएमएस यूनिवर्सिटी की नयनश्री पुत्री संजय कुमार (24) निवासी न्यू विकास एन्कलेव, रोहटा रोड मेरठ गंभीर रूप से घायल है। जिसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

पूर्व एमएलसी के मामले में सरकार से जवाब तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मारपीट, आगजनी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल पूर्व एमएलसी कृष्ण कुमार शर्मा के मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब करते हुए मामले को जुलाई के दूसरे सप्ताह के लिए सूचीबद्ध कर दिया है।

याचिका में संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही के साथ समन आदेश और आरोप पत्र खारिज करने की मांग की गई है, जिस पर कोर्ट ने अपने अगले आदेश तक याची के खिलाफ किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्यवाही पर रोक लगा दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने पूर्व एमएलसी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मालूम हो कि शिकायतकर्ता सेफ एक्सप्रेस कंपनी के एजेंट चंद्रमणि राय ने पूर्व एमएलसी व 6-7 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस स्टेशन सिहानी गेट, गाजियाबाद में 20 दिसंबर 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले के अनुसार दुर्घटनावश पूर्व एमएलसी की गाड़ी पर एक पेड़ गिर गया था, जिसके कारण उन्होंने अपने समर्थकों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता पर जानलेवा हमला किया, जिससे उसकी नाक की हड्डी टूट गई।

मामूली अपराधों पर किसी को गुंडा नहीं ठहराया जा सकता : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने केवल एक अपराध के आधार पर किसी व्यक्ति के खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम,1970 के तहत नोटिस जारी कर कार्यवाही करने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इस न्यायालय के पूर्व आदेशों के बावजूद राज्य सरकार ने उक्त अधिनियम की प्रयोज्यता के संबंध में जिला मजिस्ट्रेटों को कोई दिशा निर्देश जारी नहीं किया है। जिसके कारण वे और उनके अधीनस्थ लगातार इस अधिनियम के तहत अवैध नोटिस जारी कर रहे हैं।

▸▸ कोर्ट ने गुंडा एक्ट के तहत जारी नोटिस को किया रद

कोर्ट ने विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को केवल एक या दो कृत्यों के आधार पर गुंडा नहीं ठहराया जा सकता है। उसे केवल तभी गुंडा माना जा सकता है, जब वह आदतन अपराधी हो। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक), हापुड़ द्वारा अधिनियम,1970 की धारा 3/4 के तहत पारित कारण बताओ नोटिस के खिलाफ दाखिल रवि की याचिका पर सुनवाई के दौरान की, साथ ही कोर्ट ने राज्य को 2 महीने के भीतर 20 हजार रुपए जुर्माना याची को देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने विवादित नोटिस रद करते हुए सचिव, गृह विभाग, यूपी सरकार, लखनऊ को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि राज्य की शक्तियों का प्रयोग करने वाले लोक सेवक कानून की सीमा में रहकर विशेष अधिनियमों का प्रयोग करें अन्यथा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही हो सकती है। बता दें कि याची को आईपीसी, गोवध निवारण अधिनियम और महामारी रोग अधिनियम,1987 की विभिन्न धाराओं के तहत मामले में फंसाया गया था।

चाकू मारकर हत्या की

मऊ : घोसी कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव में शनिवार को मुंतज़िर मेहंदी ने अलग रह रही पत्नी मीनुल जहरा की चाकू से वार कर हत्या कर दी। पिता अब्बास की तहरीर के पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

नहर में गिरा ट्रैक्टर तीन बच्चों की मौत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : सदरपुर थाना इलाके में खेतों में गन्ने की बुआई कर वापस जा रहा ट्रैक्टर नहर की पुलिया तोड़ते हुए नीचे गिरने से चीख पुकार मच गई। दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से उस पर सवार तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर के हल पर सवार पांच बच्चों समेत ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां ट्रैक्टर चालक की हालत गंभीर बनी हुई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पहाड़ापुर निवासी किसान विश्राम पुत्र जियालाल शनिवार की दोपहर अपने खेतों में ट्रैक्टर की मदद से गन्ने की बुआई के लिए गांव के बच्चों को लेकर गये थे। बताया जाता है कि गन्ने की बुआई के उपरान्त वापस आते समय खेतों में बुआई का काम करवा रहे 8 बच्चे ट्रैक्टर और उसके हल पर सवार होकर घर जाने के लिए बैठ गये। खेतों से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित नहर पुलिया को पार करते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर पुलिया की रेलिंग तोड़ते हुये 10 फीट नीचे सूखी नहर में पलट गया। दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर सवार बच्चों में अंब्रीश (10) पुत्र दुलारे, छोटू (12) पुत्र संजय, अमन (08) संकटा की मौके पर मौत हो गई। हादसे में पहाड़ापुर के ट्रैक्टर चालक विश्राम (65), नितिन (11), आशुतोष (14), अविनाश (10) प्रदीप (08) रामपुरकलां के शिवा (10) गंभीर रूप से घायल हो गए।

▸▸ हादसे में पांच बच्चों समेत ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल

गाजियाबाद में टाटा स्टील्स के कर्मचारी की चाकू मारकर की हत्या

गाजियाबाद, एजेंसी

गुरुग्राम में टाटा स्टील्स में कार्यरत एक व्यक्ति की गाजियाबाद में चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस के अनुसार टाटा स्टील्स के कर्मचारी विनय त्यागी (40) की शुक्रवार रात चाकू मारकर हत्या कर दी गई, उनका शव राजेंद्र नगर में उनके घर के पास सड़क किनारे मिला।

शनिवार सुबह पुलिस को शव के संबंध में सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस वहां पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शालीमार गार्डन के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सिद्धार्थ गौतम ने मृतक के परिवार द्वारा दी गई जानकारी के हवाले से बताया कि विनय त्यागी गुरुग्राम से अपने कार्यालय से लौट रहे थे और उन्होंने अपनी पत्नी को राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन पर मिलने को कहा। गौतम ने बताया कि उनकी पत्नी मेट्रो स्टेशन पहुंची लेकिन त्यागी वहां नहीं मिले और उन्होंने फोन का भी कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद उनकी पत्नी घर लौट आई और परिवार के सदस्यों को पूरी बात बताई, जिस पर सभी मिलकर त्यागी की तलाश करने लगे। बाद में घर से कुछ मीटर की दूरी पर त्यागी का शव मिला। एसीपी गौतम ने कहा कि पुलिस त्यागी के घर और मेट्रो स्टेशन के बीच लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जुटा रही है। मामले में छानबीन की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, विनय त्यागी हाल ही में कोलकाता से दिल्ली आए थे। कंपनी ने उनका ट्रांसफर कर दिया था। वह हर रोज दिल्ली ऑफिस से रात 10 बजे घर लौटते थे. इसी दौरान उनकी हत्या कर दी गई.

● त्यागी का हाल ही में कंपनी ने कोलकाता से दिल्ली किया था ट्रांसफर

मंगलूरु में रोज नहीं होगी पानी की आपूर्ति

मंगलूरु, एजेंसी

मंगलूरु नगर निगम ने शहर में पीने के पानी की बड़ी स्रोत नेत्रवती नदी के बड़े हिस्से के सूख जाने और थुम्बे जलाशय में जलस्तर तेजी से घटने के कारण शहर में एक दिन के अन्तर पर जलापूर्ति का फैसला किया है।

आधिकारिक प्रवक्ता ने यहां बताया कि दक्षिण कन्नड़ जिले के उपायुक्त मुल्लई मुहिलान की अध्यक्षता में शनिवार को मंगलूरु नगर निगम के अधिकारियों एवं अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारियों की बैठक में इस आशय का फैसला किया गया। फैसले के अनुसार शहर के निवासियों को अब दो दिन में एक बार ही जलापूर्ति की जायेगी। इसके अलावा प्रशासन ने लोगों को जल के दुरुपयोग के खिलाफ चेतावनी भी दी है और कहा है कि वे घरेलू उपयोग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य से पानी बर्बाद न करें। जो लोग बगीचों में पानी देने, वाहन धोने और अन्य उपयोग के लिए नल के पानी का उपयोग करते पाए जाएंगे उन्हें दंडित किया जाएगा।

▸▸ पानी की बर्बादी करने पर दंडित किए जाने की चेतावनी

वर्ग पहेली-60

बाएं से दाएं

1.1. शब्द, आवाज़, ध्वनि 2. किसी संत या महात्मा के उपदेश, किसी संत कवि की वाणी या भजन

4.1. होलिका दहन के दूसरे दिन मनाया जाने वाला हिंदुओं का एक त्योहार जिसमें लोग एक-दूसरे को रंग

6.1. शत्रु आदि द्वारा उत्पन्न किसी प्रकार के संकट से प्राण बचाने की क्रिया या भाव 2. उक्त आशय से किसी की शरण में जाने की क्रिया या भाव 3. शरण लेने का स्थान, शरण्य, आड़, आश्रय 4. रक्षा, बचाव। (मु.) -मांगना : शरण लेना, किसी से संरक्षण मांगना।

8.1. आतश, अग्नि, आग 2. अत्यधिक गरमी, ताप 3. विस्फोटक 4. गुस्सा, क्रोध।

10.1. दो व्यक्तियों का आपसी झगड़ा 2. शत्रुता, दुश्मनी।

ऊपर से नीचे

2.1. कुश्ती लड़ने और कसरत करने का स्थान; व्यायामशाला 2. किसी धार्मिक मत या संप्रदाय विशेष के साधुओं की मंडली

3. चंडी के पति अर्थात शिव, चंडीश।

5.1. वाह, ख़ूब, अच्छा

7. नाश करना, नष्ट करना।

8.1. शुरू, शुरुआत, आरंभ 2. पहल 3. लक्षण, आसार।

9. संभोग, रति-क्रिया, सहवास, स्त्री-पुरुष का समागम।



वर्ग पहेली -59 का हल

1 बं			2 अँ	
द	3 मा	लि	य	त
गी	हो		ड़ी	
4 दि	ल	रु	बा	5 अं
ठि				शु
या		6 धौं	क	ना
7 शौ	र	से	नी	भि

इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर गायब हो जाएगा डबल इंजन

संवाददाता, बबराला (संभल)

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा डबल इंजन का जो राग अलापती है, चुनाव बाद इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर डबल इंजन गायब हो जाएगा। इंडी गठबंधन सरकार भाजपा से केंद्र के दस और प्रदेश की सरकार के सात साल का हिसाब भी लेगी।

शनिवार को बबराला के बाबू राम सिंह भाय सिंह कॉलेज मैदान में बदायूं से सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। यह जो बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर डबल इंजन के फोटो दिखा रहे हैं उनमें से एक इंजन गायब हो जाएगा। उसके कुछ दिन बाद दूसरा इंजन भी गायब हो जाएगा। कोविशील्ड टीके पर कहा कि सबने वैक्सीन लगवाई, लेकिन हमारे जैसे कुछ साथी होंगे जिन्होंने नहीं लगवाई। जिन्होंने लगवाई वह भाजपा के खिलाफ वोट देने निकल पड़ेंगे। इलेक्टोरल बॉंड पर बोले कि कोई राजनीतिक दल नहीं होगा, जिसने इतने बड़े पैमाने पर वसूली की होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि अभी हुए दो चरणों के चुनाव में भाजपा को जनता ने नकार दिया है। तीसरे चरण में भी भाजपा का सफाया होगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा वाले कह रहे थे कि किसानों की आय दोगुनी कर देंगे लेकिन वह उनकी जमीन छीन लेना चाहते थे। इसीलिए तीन काले कानून लाए थे। भाजपा के लोग विकसित भारत का सपना दिखाते हैं यह तभी संभव है जबि देश का गरीब किसान खुशहाल होगा। इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर गरीब किसानों का कर्जा माफ होगा। सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के पिता सपा नेता शिवपाल यादव ने गुन्नौर के लोगों से रिश्ता जोड़ते हुए कहा कि यह हमारा घर है। जनसभा को सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, फिरोज खां, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी आदि ने भी संबोधित किया।

संभल के बबराला में जनसभा को संबोधित करते अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

● संभल के बबराला में बोले अखिलेश, भाजपा की केंद्र सरकार के 10 व प्रदेश के 7 साल का लेंगे हिसाब

सुडोकू-139

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				4		1	3	
6		3	7					
1				8				7
		2			9			
	3		6					
			1			2		
9		7		5				
			8		2	9		
2	4			6				

सुडोकू -138 का हल

5	6	2	3	4	9	1	8	7
8	7	9	5	1	6	3	2	4
4	1	3	7	8	2	9	6	5
2	5	7	1	9	4	8	3	6
6	4	1	8	3	5	7	9	2
3	9	8	6	2	7	5	4	1
1	2	5	9	6	8	4	7	3
9	3	4	2	7	1	6	5	8
7	8	6	4	5	3	2	1	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 17.42 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 19.57 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज नए अनुबंधों को लेकर सावधान रहें। अपना समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद न करें। कोई मूल्यवान वस्तु गुम हो सकती है। आपको कोई भी नया काम शुरू नहीं करना चाहिए। आपको आत्मसम्मान का हमेशा ध्यान रखना चाहिए।

वृष — आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप समस्याओं का समाधान करने में जुटे रहेंगे। इसमें आपको अच्छी खासी सफलता भी मिलेगी। व्यापार में आपके नये सहयोगी बन सकते हैं।

मिथुन — आज थोक कारोबारियों के लिए दिन शानदार है। उच्च अधिकारी आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे। विदेश में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आपके व्यक्तित्व में काफी सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं।

कर्क — आज आपके ऊपर काम का अतिरिक्त बोझ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अपने संबंध खराब न करें। नया काम करने में आपको थोड़ी असुविधा हो सकती है। आपकी योग्यता पर लोग संदेह कर सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं।

सिंह — आज सोने-चांदी के व्यापारियों को थोड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी के साथ विवाद को बढ़ावा न दें। सूनसान जगहों पर अकेले जाने से आपको बचना चाहिए। नकारात्मक लोगों की संगत के कारण आप काफी निराशा का अनुभव करेंगे।

कन्या — आज व्यापारी वर्ग को पुरानी क्रेडिट के कारण बड़ा लाभ मिल सकता है। दांपत्य जीवन में आपसी सहयोग में वृद्धि होगी। दान-पुण्य आदि में आपको धन खर्च करना पड़ेगा। आप प्रकृति के निकट रहने का प्रयास करेंगे। इससे आपके मन को शांति मिलेगी।

तुला — आज सोच-समझकर आपको शब्दों का चयन करना चाहिए। पड़ोसियों के साथ कहासुनी हो सकती है। ईर्ष्यालु लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। आप परिवार के साथ समय व्यतीत करना पसंद करेंगे।

वृश्चिक — आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी। आय में निश्चितता बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों की उन्नति से मन उल्लासित रहेगा। प्रेम प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं।

धनु — आज अनुभवी व्यक्तियों के साथ समय बिता सकते हैं। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उन्नति होगी। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाकर रखें। अनावश्यक यात्राओं के कारण थकान और सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

मकर — आज आपके ज्यादातर काम फोन के माध्यम से हो सकते हैं। आपके संवादकौशल का विशेष लाभ आपको मिलेगा। व्यापार में आप अभिनव प्रयोग कर सकते हैं। जॉब में विशेष अनुकूलता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

कुंभ — आज कारोबार के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। समाज सेवी संस्थाओं में आप जुड़ सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच-समझकर वक्तव्य देना चाहिए। तनाव लेने से आपको बचना चाहिए।

मीन — आज आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय में आपको उच्च आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा भावुक न हों। घर और व्यवसाय में आप सामंजस्य स्थापित कर पाएंगे। दांपत्य संबंधों की खटपट दूर होगी। अपना ध्यान सिर्फ अपने काम पर रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
प्रेम दीवाने — दोपहर : 12.00
परदेसी बाबू — रात : 08.55

&pictures
सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 10.53
द कश्मीर फाइल्स — रात : 08.00

SONY PIX
होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 10.48
द वॉटर हार्स — रात : 09.00

ZEE CINEMA
कार्तिक कॉलिंग कार्तिक — सुबह : 11.25
रेस — रात : 07.45

colors CINEPLEX
हेलो ब्रदर — सुबह : 07.52
टाइगर नागेश्वर राव — शाम : 06.29

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.45 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया- सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

इलेक्शन बायस्कोप

भाजपा से लखनऊ संसदीय सीट पर उम्मीदवार राजनाथ सिंह को ईसाई अल्पसंख्यक मोर्चा ने भी अपना समर्थन दिया है रक्षामंत्री के पक्ष में मतदान करने के लिए अपने समुदाय के लोगों को प्रेरित करते, मोर्चा के पदाधिकारी। -अमृत विचार

युवाओं के साथ छलावा कर रही भाजपा

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व देश के युवाओं के साथ छलावा कर रही है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, उप्र युवा कांग्रेस मध्य जोन के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मध्य जोन के अध्यक्ष अनस रहमान व प्रदेश महासचिव आर्यन मिश्रा ने संयुक्त तौर पर कहा कि कोई नया निवेश नहीं हो रहा है इसलिए नये रोजगार सृजित नहीं हो रहे हैं। पार्टी नेता शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। नेताओं ने कहा कि अभी हाल ही में इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट आई है जिसमें पता चला कि देश में जो बेरोजगार हैं उसमें से 83 प्रतिशत युवा हैं। यह उस देश की स्थिति है जहां पर 18 से 35 वर्ष के बीच की 60 प्रतिशत की आबादी युवाओं की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जुलाई 2017 में दरोगा भर्ती समेत विभिन्न भर्तियों के लिए परीक्षाएं हुईं, पर पर्चा लीक होने से युवाओं का भविष्य पर संकट आ गया।

रिश्ते-नातों के भरोसे बाहुबलियों की राजनीति

लोकसभा चुनाव में फिलहाल एक भी बाहुबली स्वयं मैदान में नहीं

बृजभूषण पुत्र को तो धनंजय पत्नी को लड़ा रहे चुनाव

हाईकोर्ट के फैसले पर टिका अफजाल अंसारी का भविष्य

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में बाहुबलियों का चुनाव लड़कर सत्ता में भागीदार बनने के सिलसिले का लगभग अंत हो चला है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बाहुबलियों की राजनीति अब रिश्ते-नातों के भरोसे रह गई है। कोई अपने पुत्र-पुत्री को लड़ा रहा है तो कोई पत्नी को। गाजियाबाद से गाजीपुर तक इसबार एक भी बाहुबली चुनाव मैदान में नहीं है। जिस प्रदेश में बाहुबलियों के भरोसे चुनाव जीते जाते थे, वहां फिलहाल एक भी बाहुबली स्वयं चुनाव नहीं।

यह पहला चुनाव है जिसमें एक भी बाहुबली सीधे तौर पर लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहा है। टिकट न मिलने की परिस्थिति जो भी हो, लेकिन यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत जरूर हैं। जब टिकट नहीं मिला तो बाहुबलियों के रिश्ते-नातों में टिकट दिया गया। संभवतः यहां पार्टियों को जीत की गारंटी दिख रही थी। कानून के लगातार शिकंजा कसने का असर यह हुआ कि धनंजय सिंह स्वयं चुनाव नहीं लड़ पा रहे हैं, लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी श्रीकला सिंह को टिकट दिलवा दिया। वहीं बृजभूषण सिंह का भारी विरोध हो रहा था, ऐसी स्थित में भाजपा द्वारा उनको टिकट देना संभव नहीं था। इसलिए उनके बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दिया गया। बृजभूषण के बड़े बेटे प्रतीक भूषण भी विधायक हैं। अभी तक प्रतीक भूषण को ही बृजभूषण सिंह का राजनैतिक उत्तराधिकारी माना जा रहा था। बृजभूषण सिंह को टिकट न मिलना इनके राजनैतिक विराम के रूप में भी देखा जा रहा है। हालांकि राजनीति में कुछ भी संभव है। वहीं अफजाल अंसारी के भविष्य का फैसला 13 मई को हाईकोर्ट में होना है। तीन मई को हाईकोर्ट में उनके भाग्य का फैसला होना था, लेकिन हाईकोर्ट ने तिथि आगे बढ़ाकर 13 मई कर दी। फिलहाल सजा का अंदेशा होने के कारण उन्होंने अपनी बेटी नुसरत अंसारी को मैदान में उतार दिया है। वह अपने पक्ष में प्रचार भी कर रही हैं। उसी तरह सक्रिय हैं जैसे एक प्रत्याशी सक्रिय होता है। बताया जा रहा है कि अगर 13 मई को अफजाल की सजा में अफजाल के अनुरूप कोई संसोधन होता है तो अफजाल ही चुनाव लड़ेंगे अथवा उन्होंने विकल्प के रूप में बेटी को उतार दिया है। अफजाल के चुनाव न लड़ने से एक और बाहुबली चुनाव लड़ने से दूर हो जाएगा। इंडी गठबंधन भी हाईकोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहा है। अगले ही दिन यानी 14 मई से गाजीपुर संसदीय सीट के लिए नामांकन शुरू हो जाएगा। ऐसी स्थित में 13 मई के फैसले पर सभी पार्टियों कीनजरहै।

● **अफजाल ने बेटी नुसरत को भी मैदान में उतारा है**

अपनी ढपली अपना राग

कांग्रेस का फ़ैसला किसी हिस्ट्री से कम नहीं है कि गांधी परिवार ने अमेठी के अपने तथाकथित गढ़ को छोड़ दिया है, यह पहली बार नहीं है। - **स्मृति इरानी**

यह चुनावी लड़ाई मंदिर बनाने और कारसेवकों पर गोली चलाने वालों के बीच है। कांग्रेस के शासन में आतंकियों को बिरयानी खिलायी जाती थी, आज मुंह तोड़ जवाब दिया जाता है। - **ब्रजेश पाठक**

राहुल भारत के मूल सिद्धांत समझना नहीं चाहते। वे जातिगत गणना कराना चाहते हैं। जबकि बहुत से लोग अपनी जाति बताना नहीं चाहते। - **जयंत चौधरी**

भाजपा के लोग विपक्ष को दबा रहे हैं। इनके मंत्री विधायक जमीनों पर कब्जा रहे हैं। सरकारी संस्थानों को प्राइवेट हाथों में बेचा जा रहा है। -**नरेशउत्तमपटेल**

मुस्लिम, यादव और ब्राह्मण के नाम पर सपा-बसपा करेंगी संग्राम

15 दिनों में माहौल बदलने की बिसात बिछा रहीं दोनों पार्टियां

पिता से राजनीतिक ककहरा सीख मैदान में उतरे करण

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: कैसरगंज लोकसभा की जमीन के जर्रे-जर्रे पर नींव खड़ी कर चुके सांसद बृजभूषण शरण सिंह ही धमक पर भाजपा की बांछें खिली हुई हैं, जबकि कैसरगंज की जमीन से दूर रहे नेताओं पर सपा व बसपा ने अपना उम्मीदवार उतार दिया है। उन्हें बृजभूषण शरण सिंह की तैयार 15 साल के मैदान पर ही बैटिंग करनी है वह भी 15 दिनों में। बृजभूषण की सजाई फील्डिंग पर ही पुत्र भी बैटिंग को उतर चुका है, जबकि सपा मुस्लिम, यादव व ब्राह्मण फैक्टर पर भगतराम को मैदान में उतारा है, और बसपा को कैडर वोट के वापस आने तथा ब्राह्मण वोटरों का सहारा है।

शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन था। भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करण भूषण शरण सिंह को पार्टी ने मैदान में उतारा है। अपने पिता से राजनीतिक ककहरा सीख कर मैदान में उतरे करन को अपने पिता की सजाई फील्ड पर ही बैटिंग करनी है और उनके 15 साल की तैयार जमीन पर ही जीत का पौध लगाना है। कैसरगंज में तरबगंज विधानसभा उनकी अपनी विधानसभा है और यहां से भाजपा के विधायक प्रेम नरायन पांडेय नामांकन के दौरान उपस्थित रहे। दूसरी विधानसभा करनैलगंज है। यहां के विधायक अजय कुमार सिंह भी बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। कटरा बाजार विधानसभा में भाजपा के विधायक बावन सिंह भी बृजभूषण व उनके बेटे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मैदान में डटे हैं। तीसरी विधानसभा कैसरगंज है। वहां भाजपा का विधायक तो नहीं है लेकिन वहां बृजभूषण सिंह की अपनी साख है। पयागपुर में भाजपा के विधायक सुभाष त्रिपाठी हैं और वह भी बृजभूषण के करीबी हैं। ऐसे में कैसरगंज के पांच विधानसभा क्षेत्रों में चार पर भाजपा के सिटिंग एमएलए हैं और पूरी शिद्दत के साथ पार्टी उम्मीदवार के साथ डटे हैं। मुख्यमंत्री ने भी भाजपा के सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र में जीत दिलाने की हामी भरवा चुके हैं। ऐसे में भाजपा के नवधा खिलाड़ी को राजनीति की डोर थमाने के लिए तेज तर्रार प्रशिक्षक की भूमिका में विधायक लगे हैं।

उधर समाजवादी पार्टी ने राजनीति के माहिर खिलाड़ी भगतराम मिश्र को मैदान में उतारा है। भगतराम मिश्र लोकसभा व विधानसभा का चुनाव पहले ही अलग-अलग सीट से लड़ चुके हैं। बहराइच लोकसभा से 2004 में चुनाव बसपा से लड़े थे। 2007 में भिनगा विधानसभा का चुनाव लड़े तथा 2017 में कांग्रेस के टिकट पर पयागपुर से चुनाव लड़ चुके हैं। जीत तो उन्हें नहीं मिली परंतु राजनीति के उतार चढ़ाव की जानकारी अवश्य है। मुस्लिम व यादव मतदाता के साथ उन्हें ब्राह्मण मतदाताओं का बैकअप तैयार करने के लिए तरबगंज से राम भजन चौबे, करनैलगंज से पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, कटरा बाजार से पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, मुस्लिम नेता मसूद आलम, पयागपुर से पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव का साथ मिला है। कैसरगंज में सपा विधायक आनंद यादव का बल भी प्राप्त है। वहीं बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र सिंह का पैतृक घर पयागपुर में है। वह बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद के करीबी हैं और पुराने कैडर मतों के साथ ब्राह्मण वोटों पर भरोसा है। कैसरगंज लोकसभा के पांचों विधानसभा में केवल एक बार करनैलगंज में बसपा का विधायक रहा। भाजपा के साथ सपा व बसपा के उम्मीदवारों को मात्र 15 दिनों में सीट फतह करनी है। इसमें किसी की फील्ड सजी है तो किसी को सजाना है।

करण भूषण सिंह

भगत राम मिश्र

नरेंद्र पाण्डे

जातीय समीकरण का आंकड़ा



भाजपा के चार विधायकों व बृजभूषण की भी परीक्षा

भाजपा करनभूषण शरण सिंह को लेकर आश्वस्त है और राम तथा विकास के नाम के साथ मोदी व योगी की छवि पर वोट मिलने की उम्मीद जता रही है लेकिन कैसरगंज की सीट उतनी आसान नहीं है जितनी समझी जा रही है। जाति के फैक्टर के साथ जातियों व धर्म रुझान भी बहुत कुछ मायने रखते हैं। कैसरगंज में पांच विधानसभा क्षेत्र है जिसमें चार पर भाजपा का ही कब्जा है। इन चारों विधायकों की भी अग्नि परीक्षा है साथ में 15 साल तक कैसरगंज की नुमाइंदगी कर चुके बृजभूषण शरण सिंह की पैठ व उनके कद की भी परीक्षा होनी है।

कैसरगंज से तीनों प्रत्याशी पहली बार मैदान में

पहली बार है जब कैसरगंज सीट से लड़ने वाले तीनों दलीय उम्मीदवार पहली बार मैदान में उतरे हैं। कैसरगंज सीट पर भाजपा से करनभूषण पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। सपा से भगत राम बहराइच सीट से एक बार चुनाव जरूर लड़ चुके हैं लेकिन कैसरगंज के लिए उनका चेहरा भी पहली बार सामने आया है। इसी तरह नरेंद्र पांडेय बसपा से मैदान में हैं लेकिन वह भी पहली बार ही चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में तीनों के पास खोने के लिए कुछ नहीं है सिर्फ पाने की जद्दोजहद करनी है। अंतर सिर्फ इतना है कि करन भूषण के पिता की प्रतिष्ठा कैसरगंज से जुड़ी है।

चुनावी चक्कर

● **डीएम साहब ! भूसा रख लो, चुनाव लड़ने दो :**

बोरी में चिल्लर पैसे भरकर बैंक में जमा करने या कार खरीदने शो-रूम पहुंचने की खबरें तो आती रहती हैं। लेकिन इस बार चुनाव के दौरान कुछ ऐसा दिलचस्प मामला सामने आया है। बलिया में एक प्रत्याशी जिलाधिकारी कार्यालय में भूसा लेकर पहुंच गया। वहां, उसने कहा कि उसके पास नामांकन के दौरान जमानत राशि जमा करने के लिए रुपए नहीं है, ऐसे में वह भूसा और अनाज बेचकर चुनाव लड़ना चाहता है। इस बीच इस शख्स को देखने के लिए तमाशबीनों की भीड़ जुट गई। जब उसने डीएम रविन्द्र कुमार को पत्र देकर भूसा और अनाज बेचकर चुनाव लड़ने की बात कही तो वह भी अपनी हंसी न रोक सके। अब यह भी जान लीजिए आखिर यह शख्स है कौन? इनका नाम है नवीन कुमार राय जो बलिया के पटखौली के रहने वाले हैं और काफी समय से सड़क पर टहलने वाले आवारा पशुओं की सेवा करते हैं। सड़क पर घायल पशु दिखाई देते हैं तो तत्काल उनका इलाज करते हैं। उनका कहना है कि इन बेजुबानों की सेवा बहुत जरूरी है क्योंकि ज्यादातर लोग पशुओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसीलिए वह सांसद बनकर पशुओं के लिए भी बनने वाली नीतियों में शामिल होना चाहते हैं। इससे पहले जब नवीन कुमार बलिया डीएम के ऑफिस जा रहे थे तो राहगीरों ने देखा कि उनके सिर पर एक बोरी रखी थी, जिसमें भूसा और अनाज रखा हुआ था। भूसा और अनाज लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचने की जब नवीन ने वजह बतायी कि तो वहां मौजूद डीएम समेत सभी हंसने लगे। नवीन कुमार ने बताया कि नामांकन करने और सिक्योरिटी मनी जमा करने के लिए उनके पास रुपए नहीं है। ऐसे में वह अपना अनाज और भूसा बेचना चाहते हैं। बेचकर जो रुपए उन्हें मिलेंगे उनसे वे चुनाव लड़ेंगे। बहरहाल, डीएम रविन्द्र कुमार ने नवीन की भावनाओं की कद्र करते हुए उसे सलाह दी कि वह भूसा गोवंश आश्रय केंद्र में दान कर दे और अनाज के सदुपयोग पर भी विचार करे।

देवरिया में भाजपा और इंडी गठबंधन आमने-सामने, बसपा ने नहीं खोले पत्ते

मौजूदा सांसद का टिकट काट कर भाजपा ने शशांक मणि को बनाया प्रत्याशी

इंडी गठबंधन के अखिलेश सिंह हैं मैदान में, बसपा ने नहीं घोषित किया प्रत्याशी

चुनाव डेस्क, लखनऊ

अमृत विचार : देवरिया जिले में भी लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बिहार राज्य से सटा यह जिला प्रदेश महत्वपूर्ण जिलों में गिना जाता है, इस सीट से राज्य के कई कद्दावर नेता चुनाव लड़ चुके हैं. देवरिया जिले को मार्च 1946 को गोरखपुर से अलग कर बनाया गया था। देवरिया संसदीय सीट को 2 जिलों की सीट को मिलाकर बनाया गया। सवर्ण बाहुल्य इस सीट पर अब तक हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा 6 बार और भाजपा 4 बार चुनाव जीत चुकी है। इस सीट से सपा और बसपा ने भी जीत हासिल की। 2019 के लोकसभा चुनाव में देवरिया संसदीय सीट से रमापति राम त्रिपाठी को जीत मिली थी। भाजपा का यहां पर पिछले 10 साल से कब्जा बना हुआ है। देवरिया से भाजपा ने रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काटकर शशांक मणि त्रिपाठी को चुनाव मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह से है। कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह कांग्रेस के प्रवक्ता और दिग्गज नेताओं में गिने जाते हैं। इस सीट पर शशांक जहां पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए आ रहे हैं। तो वहीं अखिलेश का जनाधार भी काफी मजबूत है। वहीं बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं जिससे यहां का समीकरण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। फिलहाल सवर्ण बाहुल्य सीट होने के नाते यहां गठबंधन और भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला होता दिख रहा है।

2019 के चुनाव में भाजपा ने रमापति राम त्रिपाठी को मैदान में उतारा और उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के विनोद कुमार जयसवाल को हराया। रमापति राम त्रिपाठी को 580,644 वोट मिले तो विनोद कुमार जयसवाल के खाते में 3,30,713 वोट आए। रमापति ने 2,49,931 मतों के अंतर से यह चुनाव जीत लिया। इससे पहले 2014 के चुनाव में भी भाजपा को जीत मिली थी, भाजपा के टिकट पर कलराज मिश्रा ने बसपा के नियाज अहमद को 2,65,386 मतों के अंतर से हराया था, कलराज मिश्रा को चुनाव में 4,96,500 वोट मिले थे।वर्ष 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में बसपा उम्मीदवार गोरखप्रसाद जयसवाल ने 2,19,889 वोट पाकर जीत हासिल की थी। दूसरे स्थान पर भाजपा के उम्मीदवार श्री प्रकाशमणि त्रिपाठी रहे थे, जिन्हें 1,78,110 मतदाताओं का साथ मिल सका था।



शशांक मणि त्रिपाठी।

अखिलेश सिंह।

1984 में आखिरी बार जीती थी कांग्रेस

ये सीट आजादी के बाद से 1984 तक सोशलिस्ट और कांग्रेस का गढ़ बनी रही। कांग्रेस ने यहां 1951 में जीत के साथ शुरुआत की। लेकिन 1990 में राम मंदिर आंदोलन के बाद यहां मंडल और कमंडल की राजनीति ने जोर पकड़ लिया। कांग्रेस धीरे-धीरे हाशिए पर चली गई और मुकाबाल सपा-बसपा और भाजपा के बीच सिमट गया। कांग्रेस आखिरी बार 1984 में यहां से जीती थी, उस समय दिग्गज नेता राज मंगल पांडेय यहां जीते और केंद्रीय मंत्री बने थे।

जातीय समीकरण

जातिगत समीकरण की बात करें, तो ये सीट सवर्ण बाहुल्य सीट मानी जाती है। इसमें सर्वाधिक संख्या में ब्राह्मण 27 प्रतिशत हैं, अनुसूचित जाति के लोग 14 प्रतिशत, अल्पसंख्यक 12 , यादव 8 , वैश्य 8 , सैंथवार 6 , कुर्मी 5 , क्षत्रिय 5, कायस्थ 4 , राजभर 4 , निषाद 3 प्रतिशत हैं वहींअन्य 4 प्रतिशत मतदाता हैं।

पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

देवरिया लोकसभा सीट के तहत आने वाली पांचों विधानसभा क्षेत्रों पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में पथरदेवा सीट पर सूर्य प्रताप शाही (उप्र. सरकार में कृषि मंत्री), देवरिया सदर सीट पर शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना सीट पर सुरेंद्र चौरसिया, तमुकुहीराज सीट पर आसिम कुमार और फाजिलनगर सीट पर सुरेंद्र कुशवाहा ने जीत हासिल की।

सपा नेताओं को था पूरा भरोसा

समाजवादी पार्टी ने देवरिया लोकसभा सीट पर लगभग एक साल पहले ही तीन लोगों को प्रभारी बनाया था, जिसमें पूर्व मंत्री और किसान नेता राधेश्याम सिंह, पूर्व सांसद स्व. मोहन सिंह की बेटी और पूर्व राज्यसभा सांसद कनकलता सिंह और नौकरशाह से नेता बने अशोक सिंह कुशवाहा शामिल थे। तीनों प्रभारियों ने काफी जोर-जोर से अपना प्रचार भी शुरू कर दिया था। कार्यकर्ताओं को पक्का भरोसा था कि गठबंधन चाहे किसी भी पार्टी से हो, इस बार समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार ही यहां से चुनाव लड़ेगा लेकिन कांग्रेस से गठबंधन के बाद सीट शेयरिंग के फार्मूले ने यहां के सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को मायूस कर दिया है।यह सीट कांग्रेस के खाते में आ गई।

2019 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	रमापति राम त्रिपाठी	5,80,644
बसपा	विनोद कुमार जयसवाल	3,30,713
कांग्रेस	नियाज अहमद खान	51,056



2014 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	कलराज मिश्र	4,96,500
बसपा	नियाज अहमद	2,31,114
सपा	बालेश्वर यादव	1,50,852
कांग्रेस	सभा कुँवर	37,752



2009 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
बसपा	गोरख प्रसाद जयसवाल	2,19,889
भाजपा	प्रकाश मणि त्रिपाठी	1,78,110
सपा	मोहन सिंह	1,51,389
कांग्रेस	बालेश्वर यादव	91,488



2024 - मतदाताओं की संख्या

कुल मतदाता	- 18,62,393
पुरुष	- 9,85,102
महिला	- 8,77,183
अन्य	- 108

2014 नोटा 12,405

2019 नोटा 13,421

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1951	विश्वनाथ राय/सरजू प्रसाद मिश्र	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	राम जी वर्मा	प्रजा सोशलिस्ट पार्टी
1962,67 व 71	विश्वनाथ राय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	उग्रसेन सिंह	जनता पार्टी
1980	रामायण राय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	राजमंगल पांडे	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	राजमंगल पांडे	जनता दल
1991	मोहन सिंह	जनता दल
1996	प्रकाश मणि त्रिपाठी	भारतीय जनता पार्टी
1998	मोहन सिंह	समाजवादी पार्टी
1999	प्रकाश मणि त्रिपाठी	भारतीय जनता पार्टी
2004	मोहन सिंह	समाजवादी पार्टी

बसपा के साथ गठबंधन कर सकते हैं स्वामी प्रसाद

अमृत विचार, लखनऊ: राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य प्रदेश में चुनाव के आखिरी चरण में बसपा से गठबंधन कर सकते हैं। राजनीतिक गलियारों में शनिवार को ऐसी चर्चाएं होती रहीं। सातवें चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर चुनाव होना है। इसमें महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्गंज सीटें शामिल हैं।

मौर्य अपनी पार्टी के ओर से कुशीनगर सीट से खुद को प्रत्याशी घोषित कर चुके हैं। चर्चा है कि इस सीट पर बसपा से समर्थन लेंगे। इस सीट पर भाजपा ने विजय कुमार दुबे को चुनाव मैदान में उतारा है। इंडी गठबंधन के तहत सपा ने इस सीट पर अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू को टिकट दिया है। बसपा ने अभी इस सीट पर प्रत्याशी नहीं उतारा है। मालूम हो कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी छोड़ने के बाद राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का गठन किया। पूर्व में उन्होंने इंडी गठबंधन को समर्थन दिया था, पर सीटों के बंटवारे में इंडी गठबंधन ने ध्यान नहीं दिया, तो उन्होंने कुशीनगर सीट से अपनी पार्टी की ओर से खुद को प्रत्याशी घाषित कर दिया। फिलाल स्वामी के मैदान में उतरने पर यहां का मुकाबला रोचक हो गया है।

चुनावी इश्तिहार में युवा खोज रहे रोजगार

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में इस बार 1.8 करोड़ युवा पहली बार वोट डाल रहे हैं। इसके साथ ही 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 19.47 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बूथ पर पहुंचने के लिए बेताब है। इन युवाओं के मन में सबसे बड़ा मुद्दा नौकरी और रोजगार का है, लेकिन राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच छिड़े आरोप-प्रत्यारोप में उसे नौकरी की बात कम ही सुनाई दे रही है। हालांकि चुनावी घोषणा पत्र के बाद प्रचार अभियान में इस बड़े वोट बैंक पर सभी प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की पैनी नजर है। कांग्रेस और भाजपा के साथ उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने खासतौर पर इन युवा वोटरों पर फोकस कर रखा है। युवाओं को अपने पाले में खींचने के लिए रोजगार की बात को हर कोई अपने तरीके से एड्रेस करने में लगा है।

चुनावी मुद्दा

राजनीतिक दलों के वादों में फिर से गुम न हो जाए युवाओं की नौकरी की चाहत
चुनावी अभियान में चर्चा पाने के बावजूद दूसरे मुद्दे परवान चढ़ने से चिंतित हैं युवा

परीक्षा भर्ती के लिए सख्त कानून, आरोपी पाएंगे सजा

- भाजपा सरकार को रोजगार के मुद्दे पर कांग्रेस लगातार कठघरे में खड़ी करती रही है। हाल में यूपी, बिहार समेत कई राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले सामने आए थे। इससे आक्रोशित युवाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था। पेपर लीक की वजह से यूपी पुलिस भर्ती समेत कई परीक्षाएं रद हो गई थीं। ऐसे में इस मुद्दे को दोनों दलों ने चुनाव पूर्व वादे में गंभीरता से लिया है। कांग्रेस ने पेपर लीक मामलों से निपटने के लिए फास्ट-ट्रैक्ट कोर्ट बनाने और पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा देने की बात कही है, वहीं भाजपा का कहना है कि उसने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताएं रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। इसके जरिए आरोपियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

1.8 करोड़ युवा पहली बार डाल रहे हैं वोट

19.47 करोड़ 20-29 वर्ष आयु वर्ग के वोटर



27% लोग मानते हैं बेरोजगारी को सबसे बड़ा मुद्दा

30% से ज्यादा बढ़ी बीते 24 साल में पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं की जमात

मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024

बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65.7% है।

62 % बोले, नौकरी पाना कठिन हुआ

- पिछले पखवाड़े सामने आए सीएसडीएस-लोकनीति के चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में मतदाताओं ने भी सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी को लेकर दर्ज करायी थी। सर्वे में सबसे 27 फीसदी लोगों ने बेरोजगारी को बड़ी मुद्दा बताया था। सर्वेक्षण में शामिल लगभग दो तिहाई 62% लोगों का मानना था कि नौकरियां पाना अधिक मुश्किल हो गया है। ऐसा मानने वाले शहरों में 65%, गांवों में 62% और कस्बों में 59% थे। केवल 12% ने यह राय दी थी कि नौकरी पाना आसान हो गया है। सर्वेक्षण के मुताबिक 17 फीसदी लोग राज्य सरकार, 21 फीसदी केंद्र और 57 फीसदी लोग केंद्र व राज्य दोनों सरकारों को नौकरी के अवसर कम करने का जिम्मेदार मानते हैं। मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024 भी देश में बेरोजगारी की स्थिति को बयां करती है। रिपोर्ट के अनुसार देश के बेरोजगार कार्यबल में लगभग 83% युवा हैं और कुल बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65.7% है, जबकि वर्ष 2000 में यह दर 35.2 फीसदी थी। यानी बेरोजगार युवाओं के बारे में कोई यह भी नहीं कह सकता है कि जब पढ़ोगे नहीं तो, रोजगार कहां से मिलेगा। पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है।

मैन्यूफैक्चरिंग, इंफ्रास्टक्चर और पर्यटन में रोजगार के साथ फूड प्रोसेसिंग हब बनाएगी भाजपा

- भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार, इंफ्रास्टक्चर में निवेश से रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने की बात कही है, लेकिन कितने रोजगार या कितनी नौकरियां दी जाएंगी, इसे लेकर कोई ठोस आंकड़ा नहीं दिया है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के लिए भाजपा ने देश को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की घोषणा की है। दावा किया गया है कि इससे युवाओं के साथ ही किसानों को भी फायदा होगा। खासकर श्रीअन्न का उत्पादन करने वाले छोटे किसानों को लाभ मिलेगा। पार्टी का कहना है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू करने के साथ ही मुद्रा योजना में 20 लाख रुपये लोन देकर रोजगार के साधन पैदा किए जाएंगे। नौकरियों के अवसर पैदा करने के लिए ढांचागत सुविधाओं, निर्माण क्षेत्र, स्टार्टअप, निवेश, खेल, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं पर ध्यान दिया जाएगा। आईआईटी, आईआईआईटी, आईआईएम और एम्स के साथ सभी मेडिकल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को सुदृढ़ करके उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ायी जाएगी। युवाओं के लिए डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना, शैक्षणिक और व्यावहारिक कौशल को जोड़ने के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने की भी भाजपा ने घोषणा की है।

कांग्रेस ने किया रोजगार क्रांति का वादा पेपर लीक होने पर मिलेगा मुआवजा

- कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में केंद्र सरकार में स्वीकृत पड़े लगभग 30 लाख रिक्त पद भरने का वादा किया है। भर्ती परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने के मामलों में फैसला देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा के साथ ही सभी पीड़ित अभ्यर्थियों को मुआवजा देने की भी बात कही है। पार्टी ने पक्की नौकरी की गारंटी के लिए 1961 के अप्रेंटिस शिप एक्ट की जगह प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम लाने की बात कही है। पार्टी के मुताबिक यह नया कानून 25 साल से कम उम्र के हर डिप्लोमा धारक या कॉलेज ग्रेजुएट पर लागू होगा। निजी और सरकारी कंपनियों में युवाओं को एक साल की ट्रेनिंग देने के लिए राइट टू ऑपरेटिव एक्ट की गारंटी की बात कांग्रेस के न्याय पत्र में है। पार्टी का कहना है कि स्टार्टअप के लिए फंड आफ फंड्स योजना लाई जाएगी। इससे 40 साल से कम उम्र के युवाओं को खुद का व्यापार शुरू करने में मदद मिलेगी।

भाजपा के लिए इस बार खास है तीसरा चरण

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण में 95 सीटों के लिए सात मई को मतदान होना है। प्रचार में एनडीए और इंडिया गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक रखी है। 2019 के चुनाव में इन 95 सीटों में भाजपा 72 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। कांग्रेस सिर्फ 4 सीटें ही पा सकी थी। तीसरे चरण में गुजरात की 25 सीटों पर चुनाव है। भाजपा 2014 और 2019 में राज्य की सभी सीटें जीतने में कामयाब रही थी। इस तरह एमपी की जिन नौ सीटों पर चुनाव है, वहां भी भाजपा ने पिछले चुनाव में क्लीन स्वीप किया है। भाजपा छत्तीसगढ़ की 7 में से 6 सीटें जीती थी। कर्नाटक की सभी 14 सीटों पर उसने कब्जा जमाया था। सात मई के मतदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, एमपी के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले की किस्मत का फैसला हो जाएगा।

राजनीति के चाणक्य को नहीं चुनौती: केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। गांधीनगर से दूसरी बार जीत के लिए अमित शाह का मुकाबला कांग्रेस की सोनल पटेल से हो रहा है। भाजपा इस सीट पर 1989 से अपराजित है। 2019 के चुनाव में अमित शाह ने कांग्रेस के सीजे चावड़ा पर 5.55 लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।

विदिशा में शिवराज का सिक्का: मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा ने विदिशा लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। मध्य प्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले शिवराज सिंह चौहान विदिशा निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार सांसद रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में शिवराज सिंह चौहान का मुकाबला कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा से है। प्रधानमंत्री उन्हें केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी देने की बात कह गए थे।

हार का दाग मिटाने की चुनौती

- कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए यह चुनाव बेहद खास है। गुना लोकसभा क्षेत्र से उन्होंने 2019 के चुनाव में भाजपा के कृष्ण पाल सिंह ने कांग्रेस से चुनाव लड़े ज्योतिरादित्य सिंधिया को हरा दिया था। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र से हो रहा है। पिछली बार कृष्णपाल सिंह यादव वोटों में सेंधमारी से कांग्रेस को रोकने में लगे हैं।

भाभी और ननद की रोचक लड़ाई

- एनसीपी संरक्षक शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बारामती सीट से जिताने के लिए जूझ रहे हैं। यहां मुकाबला पवार बनाम पवार है। तीन बार की मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले का मुकाबला राज्य के उप मुख्यमंत्री और एनसीपी के विभाजित गुट के अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से है। अजित पवार की पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा है।

मारेंगे मैदान पश्चिम दिल्ली से आप के उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित जुलूस में कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से नाराज भी दिखे।

हक के लिए उठे हाथ आगरा में बसपा प्रमुख मायावती की रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। बसपा प्रमुख भी भीड़ उत्साहित दिखीं।

लोहरदगा में जेएमएम के बागी ने बिगाड़ा गणित

चुनाव डेस्क। झारखंड की लोहरदगा संसदीय सीट पर भी मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है। भाजपा के कब्जे वाली इस सीट पर कांग्रेस ने सुखदेव भगत को मैदान में उतारा है जबकि भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद का टिकट काट दिया है। उनके स्थान पर समीर उरांव मैदान में आए हैं। यहां मुकाबला इसलिए भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि जेएमएम के विधायक चमरा लिंडा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गए हैं।

इसी सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला होता रहा है लेकिन 2009 के चुनाव में चमरा लिंडा ने निर्दलीय मैदान में उतरकर सारे गणित को बदल दिया था। हालांकि वे इस चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे थे। 2014 में वे टीएमसी से लड़े थे लेकिन तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्तमान में वे जेएमएम से विधायक हैं। यह सीट गठबंधन की वजह से कांग्रेस के खाते में चली गई। ऐसे में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ही समर में कूदने की घोषणा कर कांग्रेस की मुश्किल बढ़ा दी। भाजपा ने भी तीन बार के सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काट दिया है।

अर्जुन मुंडा खिला पाएंगे कमल या कांग्रेस के काली चरण मुंडा लेंगे हार का बदला

खूंटी संसदीय सीट

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। झारखंड राज्य की खूंटी लोकसभा सीट पर मुकाबला कांटे का है। यहां से मोदी सरकार में मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस से कालीचरण मुंडा है। वह दो बार के विधायक रहे हैं और 2019 में अर्जुन मुंडा के हाथों हार गए थे। 2014 में भी इसी सीट से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार जहां वे हार का बदला लेने के लिए आतुर दिख रहे हैं तो अर्जुन मुंडा फिर से इस सीट पर जीत दर्ज कर मोदी सरकार के 400 पार के लक्ष्य की पूर्ति करने को रात दिन एक किए हुए हैं।

अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित इस संसदीय सीट पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के मैदान में आने से पूरे देश की निगाह इस सीट पर है। क्योंकि जल्द ही यहां विधानसभा के चुनाव भी होने हैं और अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किया जा सकता है। ऐसे में उनकी दोबारा जीत उनकी दावेदारी को और मजबूत बनाएगी। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ रही है। पहली बार राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1989 में इस सीट पर खाता खुला था। तब पार्टी नेता करिया मुंडा यहां से सांसद बने थे और वे 1991, 1996, 1998 और 1999 में भी इस सीट पर जीते। 2004 के चुनाव में यहां से कांग्रेस को जीत मिली हालांकि यह जीत 2009 में बरकरार नहीं रह पाई। करिया मुंडा न सिर्फ 2009 में जीते बल्कि 2014 में भी उन्हें यहां से सांसद बनने का मौका मिला। 2019 में भाजपा ने इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को मौका दिया और वे भी सांसद बनने में कामयाब हुए। पिछले चुनाव में मिली हार की टीम काली चरण मुंडा के जेहन में आज भी है। वह झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कोर वोटरों के दम पर जीत दर्ज करने के लिए प्रयासरत हैं। इस सीट पर 13 मई को मतदान होना है।

अर्जुन मुंडा।

कालीचरण मुंडा।

दो बार विधायक रहे कालीचरण

- कालीचरण मुंडा की गिनती कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में होती है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री और उपाध्यक्ष के पद पर वह रह चुके हैं। 1992 में वह तमाड़ सीट से जीत दर्ज कर विधायक बने थे। 1995 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने दोबारा जीत हासिल की। 2000 के विधानसभा चुनाव में वे हार गए। 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था पर मोदी लहर में हार गए थे। तीसरे स्थान से उन्हें संतोष करना पड़ा था।

- 2014 और 2019 में हारे कालीचरण को कांग्रेस ने फिर से मैदान में उतारा है
- आठ बार इस सीट पर भाजपा के करिया मुंडा बने सांसद, पहली बार 1989 में जीते थे
- 2019 में जीते पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का सहारा

आरक्षण खत्म होने का दिखा रहे डर

कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता यहां आदिवासियों व अन्य जातियों के मतदाताओं को बताने में जुटे हैं कि भाजपा सत्ता में आई तो इस बार आरक्षण खत्म हो जाएगा और संविधान बदल जाएगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति को न बुलाए जाने को जनजाति समाज का अपमान बताया जा रहा है। जबकि भाजपा के नेता यह बताने में जुटे हैं कि मोदी की गारंटी है कि आदिवासियों के हित सदैव सुरक्षित रहेंगे। आदिवासियों के लिए अलग बने मंत्रालय द्वारा अब तक कराए गए कार्यों का भी बखान किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी साधने में भाजपा जुटी हुई है।

बीजद के गढ़ में खिलेगा कमल या फिर होगी शंख ध्वनि

पुरी की चुनावी कथा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। ओडिशा की पुरी संसदीय सीट बीजू जनता दल (बीजद) का अभेद्य किला है। इसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस और भाजपा ने खूब किया पर सफलता हाथ नहीं लगी। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा यहां से मैदान में थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भी पार्टी ने उन पर दांव लगाया है। कांग्रेस इस लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने में जुटी हुई थी पर उम्मीदवार सचरिता महांति के टिकट वापस किए जाने से पार्टी की मुश्किल में दिखी। हालांकि देर रात यहां नये चेहरा घोषित कर दिया। सुचरिता महांति 2014 में इस सीट से चुनाव लड़ चुकी हैं। 2019 में उनका टिकट कट गया था। इस संसदीय सीट पर 25 मई को मतदान होना है और पर्चा दाखिल करने की तिथि छह मई तक है। 25 मई को ही इस संसदीय क्षेत्र की सातों विधानसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। फिलहाल पांच विधानसभा सीटों पर बीजू जनता दल और दो पर भाजपा का कब्जा है।

भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी में कभी कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था। कांग्रेस ने इस सीट पर छह बार जीत दर्ज की। एक बार जनता पार्टी और एक बार संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और दो बार जनता दल के उम्मीदवारों को यहां जीत मिली। पहली बार 1998 में बीजू जनता दल को यहां जीत मिली और इसके बाद से पार्टी इस सीट को अपने पास ही रखे हुए है। इस अभेद्य किले को ढहाने के लिए कोशिशें कांग्रेस ने भी खूब की और भाजपा ने भी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। 2009 और 2014 में भाजपा को यहां तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। 2014 में जब मोदी की लहर चल रही थी तब भी पार्टी जीत नहीं पाई थी।

कांग्रेस को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। 2019 में संबित पात्रा मैदान में उतरे तो भाजपा मुख्य मुकाबले में आई। हालांकि वे बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्रा से हार गए। इस बार बीजू जनता दल ने इस बार अरूप पटनायक को मैदान में उतारा है जबकि उनके सामने भाजपा से संबित पात्र मैदान में हैं। अब कांग्रेस की सुचरिता महांति ने टिकट वापस कर दिया। इसके बाद कांग्रेस नेतृत्व ने देर रात नया चेहरा घोषित भी कर दिया।

अरूप पटनायक।

संबित पात्रा।

- लगातार छह बार से बीजू जनता दल इस सीट पर फहरा रही है परचम
- भाजपा के संबित पात्रा एक बार फिर टक्कर देने के लिए मैदान में आए
- उम्मीदवार ने टिकट वापस किया तो कांग्रेस ने नया उम्मीदवार चुना

चार बार सांसद रहे पिनाकी मिश्रा

2009, 2014 और 2019 में बीजू जनता दल के टिकट पर जीत की हैट्रिक लगाने वाले पिनाकी मिश्रा ने 1996 में कांग्रेस के टिकट पर पुरी से जीत दर्ज की थी। बाद में वे बीजू जनता दल में शामिल हुए और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खास नेताओं में शामिल हो गए। इस बार उनका टिकट कटा तो यह माना गया कि विवादों में आईं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा से नजदीकी के कारण पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया।

पुलिस कमिश्नर रहे हैं अरूप पटनायक

- अरूप पटनायक मुंबई के पुलिस कमिश्नर रहे हैं और बीजू जनता दल के मुखिया एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के भरोसेमंद नेताओं में शामिल हैं। 2019 में उन्होंने भुवनेश्वर से चुनाव लड़ा था तब उन्हें भाजपा की अपराजिता सारंगी ने हराया था। अब पार्टी ने उन्हें पुरी से संबित पात्रा के विरुद्ध उतारा है।

समझाया गणित

नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारुख अब्दुल्ला ने श्रीनगर में बैठक की और पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र बताया। मतदाताओं को बूथ तक लाने की अपील की।

एक नजर

छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में 15 लोग घायल, सात गंभीर

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर से रायपुर के बीच रतनपुर के बीएलटी कालेज के पास हुए हादसे में तेज रफ्तार बस ने खड़ी हाईवा को मारी टक्कर जिससे 15 लोग घायल हो गये जिनमें सात की हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक यह घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है। रॉयल ट्रेवर्ल्स की बस क्रमांक शुक्रवार की रात अंबिकापुर से निकली थी। बस में लभगभ 30 यात्री सवार थे। यहां रतनपुर के बीएलटी कालेज के पास हाईवे के किनारे ट्रेलर खड़ी थी। अचानक तेज रफ्तार बस के ड्राइवर ने ट्रेलर को टक्कर मार दी। घटना शुक्रवार को देर रात दो बजे के करीब की है।

कोलकाता के पास फैक्टरी में लगी आग

कोलकाता। कोलकाता के 'न्यू टाउन' इलाके में शनिवार सुबह कपड़े की फैक्टरी में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग की लपटें सुबह करीब आठ बजे पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर देखी गईं जहां अन्य वाणिज्यिक इकाइयां भी हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियों को काम पर लगाया गया। जो आग की लपटों को बुझाने की कोशिश कर रहे हैं।

पाकिस्तान के नेता 'शहजादे' को भारत का प्रधानमंत्री बनाने की कर रहे दुआ : मोदी

झारखंड की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर साधा निशाना

पलामू (झारखंड), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार के 'सर्जिकल स्ट्राइक' और 'एयर स्ट्राइक' ने पाकिस्तान को इतना हिला दिया है कि पड़ोसी देश के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। मोदी ने झारखंड के पलामू और गुलमा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और कहा कि पड़ोसी देश भले ही उन्हें (राहुल गांधी को) प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो, लेकिन भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है।

नरेंद्र मोदी झारखंड में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए। ●

उन्होंने कहा-मां भारती का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब पड़ोसी देश की स्थिति ऐसी है कि पाकिस्तान देश को बचाने के लिए दुनिया से मदद मांग रहा है।

मोदी ने विपक्ष पर लगाया तुष्टीकरण का आरोप

दरभंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्व रेल मंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर सोनिया मैडम के शासनकाल के दौरान अपनी तुष्टीकरण की नीति के तहत गोधरा कांड के जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दरभंगा संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये मोदी ने गोधरा कांड का जिक्र किया और आरोप लगाया कि विपक्षी दल हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। गुजरात में 2002 में हुये गोधरा कांड में 60 कार सेवकों की मौत हो गयी थी। इस घटना के समय मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। मोदी ने कहा-राजद का इतिहास सामाजिक न्याय का मुखौटा लगाकर लगाकर हमेशा तुष्टिकरण करने का रहा है। जब गोधरा में कार सेवकों को जिंदा जलाया गया था तब रेल मंत्री, राजद के शाहजादे के पिता थे, जो (चारा घोटाला मामले में) सजा काटकर जमानत पर घूम रहे हैं।

टिप्पणी को लेकर राहुल के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टली

ठाणे। महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सुनवाई 29 जून तक के लिए टाल दी। गांधी के वकील नारायण अय्यर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जब मामला भिवंडी में मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई के लिए आया तो इस आधार पर स्थगन की मांग की गई कि आवेदक द्वारा दाखिल एक रिट याचिका उच्च न्यायालय में लंबित है और उस पर अभी तक कोई आदेश नहीं दिया गया है। अय्यर ने कहा, दोनों पक्षों को सुनने के बाद मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई 29 जून को तय की। मानहानि का मामला स्थानीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदस्य राजेश कुंटे ने दायर किया था, जिसमें दावा किया गया था कि गांधी ने एक भाषण में संगठन को महात्मा गांधी की हत्या से जोड़ा था।

कोर्ट ने खारिज की इंदौर में कांग्रेस के डमी उम्मीदवार की अपील

इंदौर, एजेंसी

● मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को फिर लगा झटका

कांग्रेस को इंदौर लोकसभा क्षेत्र में एक बार फिर झटका लगा है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने कांग्रेस के "डमी" (वैकल्पिक) उम्मीदवार मोती सिंह की अपील खारिज कर दी है। अपील के जरिए सिंह ने उच्च न्यायालय की एकल पीठ के 30 अप्रैल के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ के पंजे के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति की गुहार वाली उनकी याचिका नामंजूर कर दी गई थी।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस.ए. धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह ने एकल पीठ के फैसले को सही ठहराया और कांग्रेस के "डमी" उम्मीदवार की दायर अपील को ''योग्यता और तथ्यों से रहित'' बताते हुए खारिज कर दिया। युगल पीठ ने सिंह की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई करके अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था जिसे शनिवार को जाहिर किया गया। सिंह का नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी द्वारा आठ दिन पहले खारिज किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने इंदौर के कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेने का हवाला देते हुए अदालत से गुहार की थी कि उन्हें पार्टी के चुनाव चिन्ह के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति दी जानी चाहिए।

केरल में पुलिस हिरासत में मौत मामले में चार पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

मलप्पुरम। केरल के कोच्चि में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तनूर थाने में अगस्त 2023 में थमीर जिफ़री की कथित तौर पर हिरासत में हुई मौत के मामले में शनिवार को चार पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया। जो जिला एंटी-नारकोटिक्स स्पेशल एक्शन फोर्स के सदस्य हैं। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों में तनूर थाना के वरिष्ठ नागरिक पुलिस अधिकारी (सीपीओ) जिनेश, परप्पनगाडी थाने के (सीपीओ) एल्बिन ऑगस्टीन, कल्पाकांचेरी थाने के (सीपीओ) अभिमन्यु और थिरुरंगडी थाने के (सीपीओ) विपिन शामिल हैं।

पुलिस ने प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप जोड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

अमित शाह फर्जी वीडियो मामला

दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के फर्जी वीडियो के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप भी जोड़े गए हैं।

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय समन्वयक को गिरफ्तार किया था। तेलंगाना के हैदराबाद के रहने वाले अरुण बीरेड्डी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'स्पिरिट ऑफ कांग्रेस' नाम के खाते को संभालते हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस की यह पहली गिरफ्तारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा-हमने प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) जोड़ी है क्योंकि जांच से एक बड़ी साजिश का संकेत मिला है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक बीरेड्डी कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं। बीरेड्डी पर उन लोगों में शामिल होने का आरोप है।

मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा कड़ी

मंगलुरु। मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवसथा कड़ी कर दी गई है। हवाई अड्डा प्रशासन को ईमेल के माध्यम से धमकी दी गई थी। शनिवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। सीआईएसएफ और पुलिस ने पूरे हवाई अड्डे पर कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। बाजपे पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी में ईमेल भेजने वाले समूह की पहचान 'टेरेराइजर्स 111' के रुप में की गई है। प्राथमिकी में ईमेल का हवाला देकर लिखा गया है कि 'हवाई अड्डे पर कुल तीन जगहों पर बम रखे गये है और हमें आशा है कि बड़े स्तर पर रक्तपात होगा।

ममता बनर्जी ने भाजपा को बताया बंगाल विरोधी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला और पार्टी को "बंगाल विरोधी" बताया और उस पर "हर संभव स्तर पर हमारे राज्य को बदनाम करने की साजिश रचने" का आरोप लगाया। सुश्री बनर्जी की टिप्पणी संदेशखाली घटना पर तृणमूल कांग्रेस द्वारा जारी एक कथित स्टिंग ऑपरेशन वीडियो की प्रतिक्रिया में आई है, जिसमें दिखाया गया है कि वहां जो कुछ भी हुआ वह कथित तौर पर पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी द्वारा "रचा" गया था। सुश्री बनर्जी ने कहा कि इससे पता चलता है कि भाजपा के भीतर 'सड़ांध' कितनी गहरी है। सुश्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा संदेशखाली स्टिंग दिखाता है कि भाजपा के भीतर कितनी गहरी सड़ांध है।

रायबरेली में बड़े अंतर से चुनाव हारेंगे राहुल

बोडेली (गुजरात), एजेंसी

● गुजरात में गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता पर किया कटाक्ष

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी के वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर शनिवार को उनपर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि कांग्रेस नेता रायबरेली में बड़े अंतर से चुनाव हारेंगे। आदिवासी बहुल छोटा उदयपुर जिले के बोडेली शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर कुछ राज्यों में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए निर्धारित आरक्षण छीनने का भी आरोप लगाया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा-कांग्रेस अपने नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है। जब वह अमेठी से चुनाव हार गए, तो वायनाड चले गए। चूंकि, उन्हें एहसास हो गया है

कि वह इस बार वायनाड से हार जाएंगे, इसलिए वह अब अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं।'' राहुल ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी और वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था। उन्होंने वायनाड से जीत हासिल की थी, जबकि अमेठी सीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से हार गए थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने छोटा उदयपुर (आरक्षित) लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जशुभाई राठवा के लिए चुनाव प्रचार करने के दौरान कहा-राहुल बाबा, मेरी सलाह मानो। दिक्कत आपमें है, सीटों में नहीं। आप रायबरेली से भी बड़े अंतर से चुनाव हारेंगे। अगर आप भाग भी जाओ, तो भी लोग आपको ढूंढ लेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा एंड कंपनी यह झूठ फैला रहे हैं कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक और कार्यकाल हासिल करेंगे, तो आरक्षण खत्म कर देंगे। शाह ने कहा-राहुल बाबा, मोदी के पास 2014 और 2019 में पूर्ण बहुमत था। लेकिन, उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए निर्धारित आरक्षण को कभी नहीं छुआ। यह मोदी की गारंटी है कि जब तक भाजपा सत्ता में है, आपके आरक्षण को कोई छू नहीं सकता।

रोहित वेमुला की मां ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की मांग

हैदराबाद। रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर परिवार को न्याय दिलाने का अनुरोध किया। इस संबंध में एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि रेड्डी ने उन्हें आश्वासन दिया कि 2016 में हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र वेमुला की आत्महत्या से जुड़े मामले की दोबारा जांच की जाएगी और न्याय दिलाया जाएगा। रोहित वेमुला के भाई राजा वेमुला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार में उनके साथ न्याय होगा। राजा वेमुला ने कहा-हमने पुलिस द्वारा सौंपी गई क्लोजर रिपोर्ट का विरोध किया है।

सीआईडी ने मृतक आरोपी अनुज थापन के परिजनों के दर्ज किए बयान

मुंबई, एजेंसी

सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी का मामला

राज्य अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की घटना के आरोपी अनुज थापन के परिवार के तीन सदस्यों का बयान दर्ज किए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अनुज थापन ने पुलिस हिरासत में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। अधिकारी ने बताया कि सीआईडी ने थापन के रिश्तेदारों विक्रम कुमार, कुलदीप कुमार और जसवंत सिंह के बयान दर्ज किए हैं। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों ने थापन का शव मांगा है, जिसे अंतिम संस्कार के लिए पंजाब ले जाया जाएगा। सलमान खान के घर बाहर गोलीबारी करने वाले हमलावरों को आग्नेयास्त्रों और गोलियों की आपूर्ति करने के आरोप में 32 वर्षीय थापन को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन मुंबई अपराध शाखा की जेल के शौचालय के अंदर बुधवार को उसका शव लटका हुआ पाया गया था। जेजे अस्पताल में बृहस्पतिवार को थापन का पोस्टमार्टम कराया गया। अभिनेता के घर के बाहर हुई गोलीबारी के मामले में दर्ज प्राथमिकी में थापन का नाम नामित छह लोगों में से एक है। इनमें से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गुजरात में जेल में बंद है जबकि उसका भाई अनमोल बिश्नोई अब भी वांछित आरोपियों में शामिल हैं।

भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान एक किसान की मौत

पटियाला। पंजाब के पटियाला में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार परनीत कौर के खिलाफ प्रदर्शन करने के दौरान एक किसान की मौत हो गई। जिसके बाद कौर ने आज और रविवार के लिए अपना चुनाव प्रचार कार्यक्रम रद्द कर दिया। सिहरा गांव में प्रदर्शन के दौरान 60 वर्षीय किसान सुरिंदर पाल सिंह जमीन पर गिर गए थे। वहीं, प्रदर्शनकारी किसानों ने आरोप लगाया कि सुरक्षाकर्मियों के धक्का देने से सिंह गिरे थे। भाजपा उम्मीदवार कौर की टीम ने एक वीडियो भी जारी की है जिसमें प्रदर्शन के दौरान किसान को जमीन पर गिरते हुए देखा जा सकता है। किसानों ने काले झंडे लेकर कौर के खिलाफ प्रदर्शन किया था और उन्होंने कौर के वाहन को रोक दिया था।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-1300
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

निर्यात प्रतिबंध हटने के बाद प्याज के दाम बढ़े

नासिक की लासलगांव मंडी में फैसले के बाद कीमतें औसतन 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ीं

नासिक, एजेंसी

केंद्र सरकार के शनिवार को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के बाद महाराष्ट्र के नासिक जिले के लासलगांव मंडी में इसकी कीमतें औसतन 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गईं। लासलगांव में कृषि उत्पादन बाजार समिति (एपीएमसी) को भारत में सबसे बड़ा थोक प्याज बाजार बताया जाता है। इससे पूर्व दिन में सरकार ने लोकसभा चुनावों के बीच प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया, लेकिन 550 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगा दिया।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार रात सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाया था। एपीएमसी के अध्यक्ष बालासाहेब

क्षीरसागर ने कहा-बाजार में कुछ बढ़ोतरी हुई है। औसत कीमतों में लगभग 200 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। इस फैसले से किसानों को फायदा होगा, लेकिन वास्तविक प्रभाव सोमवार को पता चलेगा जब बाजार फिर से खुलेगा। सूत्रों ने बताया कि दिन के दौरान लगभग 200 क्विंटल प्याज एपीएमसी में पहुंचा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के आधार पर कीमतें 801 रुपये, 2,551 रुपये और 2,100 रुपये प्रति क्विंटल के बीच थीं। बाजार में एक किसान ने एक समाचार चैनल को बताया कि निर्यात प्रतिबंध हटाना एक अच्छा निर्णय है, लेकिन इसे कम से कम एक साल तक लागू रहना चाहिए। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, निर्यात शुल्क से प्याज उत्पादकों का मुनाफा कम हो जाएगा। एक किसान ने पूछा-प्रतिबंध के कारण हमें जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई कौन करेगा। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

कागज उद्योग का सरकार से पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए बंजर भूमि आवंटित करने का आग्रह

नई दिल्ली। भारतीय कागज उद्योग ने सरकार से पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को दीर्घकालिक पट्टे पर बंजर भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। उद्योग का कहना है कि इससे कच्चे माल की कमी को दूर करने और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। पल्पवुड ऐसे वृक्षों को कहा जाता है, जिनकी लकड़ी को पीसकर रेशेदार गूदे में बदला जा सकता है। उद्योग ने कहा कि देश में भारी मात्रा में बंजर भूमि उपलब्ध है और अगर इसका एक छोटा सा हिस्सा पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को पट्टे पर आवंटित किया जाता है, तो यह उद्योग की वृद्धि और देश की हरियाली के लिए क्रांतिकारी कदम हो सकता है। इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कागज उद्योग को कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी की कमी का सामना करना पड़ रहा है और यह भारत में मिलों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

पेटीएम के सीईओ भावेश गुप्ता ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। फिनटेक फर्म पेटीएम ने वरिष्ठ प्रबंधन में फेरबदल के तहत राकेश सिंह को पेटीएम मनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।

कंपनी ने अब तक पेटीएम मनी का नेतृत्व कर रहे वरुण श्रीधर को पेटीएम सर्विसेज का सीईओ बनाया है। पेटीएम सर्विसेज म्यूचुअल फंड और अन्य धन प्रबंधन उत्पादों के वितरण कारोबार में शामिल है। बयान में कहा गया कि भुगतान और उधार कारोबार की देखरेख करने वाले अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने व्यक्तिगत कारणों से कामकाजी जीवन से अवकाश लेने का फैसला किया है।

एनसीएलटी के कर्ज समाधान मामलों में 43 प्रतिशत उछाल

कोलकाता, एजेंसी

● आईबीबीआई ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित करते हुए दी जानकारी

कई बाधाओं के बीच भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित किया है। इसमें राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा किए गए समाधान मामले 43 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 270 रहे हैं जो पिछले साल 189 मामले थे।

उम्मीद है कि आईबीबीआई दिवाला और ऋण अक्षमता संहिता (आईबीसी) में 'मध्यस्थता' को शामिल करने के लिए अगले दो-तीन महीनों में सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी। फिलहाल इसपर चर्चा और जांच चल रही है। नियामक बड़े कॉरपोरेट मामलों के लिए प्रीपैकेज्ड समाधान पर भी काम कर रहा है, जिसकी अनुमति अब तक केवल एमएसएमई मामलों में ही है। आईबीबीआई के पूर्णकालिक सदस्य सुधाकर शुक्ला ने सीआईआई द्वारा आयोजित सातवें 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए कहा कि एक साल में पहली बार नए मामलों की संख्या से समाधान हुए मामलों की संख्या बढ़ी है, जिससे पूरे भारत में लंबित मामलों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पिछले सात साल में बाधाओं के बावजूद 3.5 लाख करोड़ रुपये का समाधान हासिल किया गया और 10 लाख करोड़ रुपये के 27,000 आवेदन वापस ले लिए गए। इससे आईबीसी देश में ऋण समाधान के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बन गया।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	82,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	85,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	90,000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,200
गिन्नी (प्रति नग)	54,550-54,750
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	70,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	70,500
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	81,000
चांदी तैयार	81,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	70,600
सोना जेवरात गिन्नी	69,600
चांदी पक्की	802 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	70,750
चांदी आभूषण	81,000।

टाटा पावर रिन्यूएबल ने स्वच्छ ऊर्जा परियोजना के लिए किया समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) के सीईओ और प्रबंध निदेशक दीपेश नंदा ने शनिवार को कहा कि उसने 460 मेगावाट की दृढ़ और प्रेषण योग्य नवीकरणीय ऊर्जा (एफडीआरई) परियोजना स्थापित करने के लिए एसजेवीएन लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

एफडीआरई संयंत्र से निर्बाध रूप से लगातार बिजली आपूर्ति की जा सकती है। इससे बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को उनके नवीकरणीय खरीद दायित्वों (आरपीओ) और ऊर्जा भंडारण दायित्वों (ईएसओ) को पूरा करने में मदद मिलती है। बयान के मुताबिक 460 मेगावाट की एफडीआरई की इस तरह तैयार किया गया है, ताकि यह सौर, पवन और बैटरी भंडारण प्रौद्योगिकियों के संयोजन से बिजली की अधिकतम मांग के दौरान कुशलता के साथ बिजली आपूर्ति कर सके। टीपीआरईएल ने कहा कि इस संयंत्र से सालाना करीब 300 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होने और 220 करोड़ किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन की भरपाई होने की उम्मीद है।

आईडीबीआई बैंक का तिमाही में 44 प्रतिशत बढ़ गया शुद्ध लाभ

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 44 प्रतिशत उछलकर 1,628 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 1,133 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ने शनिवार को कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 7,887 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले साल समान तिमाही में 7,014 करोड़ रुपये थी। पिछले वित्त वर्ष के लिए बैंक का शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत बढ़कर 5,634 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है।

आरबीआई की कार्रवाई से वित्तीय प्रभाव सीमित, बैंक की प्रतिष्ठा को लेकर चिंता ज्यादा

मुंबई, एजेंसी

● प्रतिबंध लेकर कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारी ने कही बात

कोटक महिंद्रा बैंक को उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा लगाए गए व्यावसायिक प्रतिबंधों का वित्तीय प्रभाव अपेक्षाकृत कम होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि हालांकि बैंक प्रतिष्ठा को होने वाले नुकसान के बारे में अधिक चिंतित है। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक वासवानी ने संवाददाताओं से कहा कि इसका देनदारी वृद्धि पर सीमित प्रभाव पड़ेगा।

बैंक ने संकेत दिए हैं कि प्रतिबंध कुछ महीनों तक जारी रह सकता है। पिछले महीने के अंत में आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग माध्यमों के जरिए नए ग्राहकों को शामिल करने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से रोक दिया था क्योंकि बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन में कमी पाई गई थी। वासवानी ने इसी साल जनवरी में कार्यभार संभाला है। उन्होंने कहा कि बैंक तकनीकी मोर्चे पर अपने प्रयासों को दोगुना कर रहा है, और विश्वास वापस जीतना अब बैंक के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वीकार किया कि इस आदेश का असर क्रेडिट कार्ड कारोबार और इसके डिजिटल बैंकिंग केंद्रित कारोबारों पर पड़ेगा।

आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स

बनाम

चेन्नई सुपरकिंग्स

दोपहर 3:30 बजे

लखनऊ सुपरजायंट्स

बनाम

कोलकाता नाइट राइडर्स

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	11	17
टी नटराजन (हैदराबाद)	10	15
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	10	14

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	10	542
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	10	509
साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस)	10	424

एलएसजी को घर में केकेआर देगी कड़ी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीमें रविवार को जब एक-दूसरे के सामने मैदान में होंगी तो उनका इरादा जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह का दावा मजबूत करने पर होगा।

मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से मात देने के बाद केकेआर को नाम 14 अंक हो गए है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है। ऐसे में लोकेश राहुल की अगुवाई में एलएसजी पर दबाव होगा कि वह श्रेयस अय्यर की टीम के खतरे से बचने का रास्ता खोजे। एलएसजी के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक है और यह टीम केकेआर से सिर्फ एक पायदान नीचे तीसरे नंबर पर है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद (12 अंक) जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंक) और दिल्ली कैपिटल (10 अंक) भी मजबूती के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है। एलएसजी को यहां एकाना स्टेडियम में अपने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। केकेआर की टीम को इस सत्र में तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इन तीनों हार के बाद मजबूत वापसी की है। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच मे टीम ने 57 रन तक पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) ने 83 रन की अच्छी साझेदारी करके टीम को बचाया। गेंदबाजों ने लगातार विकेट चटकाते हुए मुंबई को 18.5 ओवर में आउट कर 24 रन की यादगार जीत दर्ज की।

सीएसके के खिलाफ पंजाब की निगाह लगातार दूसरी जीत पर

धर्मशाला। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को लगातार दूसरी बार आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। तीन दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। घरेलू टीम की यह पिछले तीन मैच में दूसरी हार थी जिससे टीम मुश्किल में है। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है और पांच बार की चैंपियन उम्मीद करेगी कि स्थान बदलने से उसका भाग्य भी बदल जायेगा क्योंकि नॉकआउट चरण में अपना स्थान पक्का करने क लिए महज चार मैच बचे हैं। सीएसके हरप्रीत बरार और राहुल चाहर की स्पिन जोड़ी के खिलाफ मध्य के ओवरों में तेजी नहीं दिखा सकी जिससे उसने सात विकेट पर 162 रन का स्कोर बनाया था। उनकी बल्लेबाजी भी कप्तान रूतुराज गायकवड़ और शिवम दुबे पर निर्भर होती जा रही है तथा जैसे ही इनमें से एक विफल होता है, वैसे ही टीम के अनिरंतर बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ जाता है। गायकवाड़ ने सत्र का पांचवां 50 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया जबकि अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे।

मुंबई ने दूसरी बार जीता आईएसएल का खिताब

कोलकाता। बिपिन सिंह ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करके मुंबई सिटी एफसी को मोहन बागान पर 3-1 से शानदार जीत दिलाकर दूसरी बार इंडियन सुपर लीग फुटबॉल खिताब उसकी झोली में डाला। साल्ट लेक स्टेडियम पर 62007 दर्शकों के सामने मेजबान टीम ने जैसन कमिंग्स (44वां मिनट) के गोल के दम पर बढ़त बना ली। मुंबई के लिए जार्ज पेरेरा डियाज (53वां मिनट) ने बराबरी का गोल दागा। बिपिन ने 81वें मिनट में मैदान पर उतारे जाने के बाद 90वें मिनट में गोल करके मुंबई को बढ़त दिला दी। अतिरिक्त समय में याकूब वोटुस ने एक और गोल करके बागान की हार पर मुहर लगा दी। इसके साथ ही आईएसएल कप बरकरार रखने और लीग विनर्स शील्ड तथा खिताब एक साथ जीतने का बागान का सपना टूट गया। मुंबई सिटी ने 2020-21 में आईएसएल खिताब जीता था।

खेल डायरी

ब्रिटेन दौरे पर विभिन्न टीम से भिड़ेगी तमिलनाडु की युवा टीम

चेन्नई। तमिलनाडु के युवा खिलाड़ियों की टीम ब्रिटेन दौरे के दौरान विभिन्न टीमों के खिलाफ सीमित ओवरों के मैच के अलावा कई दिन चलने वाले मुकाबले भी खेलेगी। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने शनिवार को टीम के शृंखला के लिए रवाना होने की घोषणा की। टीएनसीए ने कहा कि यह दौरा आधिकारिक रूप से सोमवार से शुरू होगा। टीम के कोच पूर्व भारतीय गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी हैं जबकि एक अन्य पूर्व भारतीय खिलाड़ी रोबिन सिंह सलाहकार और तनवीर जब्बार बल्लेबाजी कोच हैं। राज्य के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन और प्रदोष रंजन पॉल टीम के मशहूर चेहरे हैं। इस दौरे पर नाटिंघम, मैनचेस्टर और लंदन में सात वनडे और चार कई दिवसीय मैच खेले जाएंगे।

यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित

नई दिल्ली। आगामी 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा करने वाले भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषणा शनिवार को यहां कर दी गई। भारतीय जूनियर अपना पहला मैच 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे जबकि उनका अगला मुकाबला 22 मई को ब्रेडा, नीदरलैंड में बेल्जियम से ही होगा। भारतीय टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी और उसके बाद 28 मई को जर्मनी में जर्मनी के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद वे 29 मई को दौरे के अपने अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेंगे। भारतीय टीम का नेतृत्व डिफेंडर रोहित करेंगे जबकि शारदानंद तिवारी उपकप्तान होंगे।

हरिद्वार की मनीषा ने बनाई भारतीय हॉकी टीम में जगह

हरिद्वार। उत्तराखंड के हरिद्वार से वंदना कटारिया के बाद श्यामपुर की मनीषा चौहान ने भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाई है। टीम में घोषणा के बाद मनीषा चौहान के परिवार को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। मनीषा चौहान के पिता सेना से रिटायर हैं और मनीषा चौहान ने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया था जिसके बाद मनीषा चौहान को राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई। जल्द ही भारतीय महिला हॉकी टीम एफ आई एच प्रो लीग खेलने बेल्जियम और इंग्लैंड जाएगी। मनीषा का जन्म सन 1999 में हरिद्वार के श्यामपुर में हुआ।

ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए ज्योति और शैली करेंगी मशक्कत

नई दिल्ली। भारतीय बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी और लॉन्ग जंपर शैली सिंह पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए यूरोप में कई प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ज्योति मई से जून के बीच पूरे यूरोप में छह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी, जबकि लॉन्ग जंप खिलाड़ी शैली चार यूरोपीय एथलेटिक्स स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। उनके प्रस्तावों को भारतीय खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने मंजूरी दे दी।

डुप्लेसी-विराट के तूफान से गुजरात चारों खाने चित

फाफ ने 64 और कोहली ने खेली 42 रनों की तूफानी पारी, 4 विकेट से जीती बेंगलुरु

बेंगलुरु, एजेंसी

घातक गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण के बाद विराट कोहली (42) और कप्तान फ़ाफ़ डुप्लेसी (64) के बीच 92 रनों की तूफानी साझीदारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 52वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को चार विकेट से धो दिया।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस ने पहले खेलते हुये 19.3 ओवर में 144 रन बनाए जिसके जवाब में आरसीबी ने विजय लक्ष्य 13.4 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। मोहम्मद सिराज, यश दयाल और विजय कुमार वैशाख ने घातक गेंदबाजी से गुजरात को सस्ते में समेट कर अपनी टीम की जीत की उम्मीद पहले ही जगा दी थी जबकि विराट और डुप्लेसी ने रनों की बरसात कर इस उम्मीद को हकीकत में तूफानी अंदाज से बदल कर रख दिया।

दोनो बल्लेबाजों ने पहले पॉवर प्ले में बेहद आक्रामक अंदाज से रन बटोरे और देखते ही देखते स्कोरबोर्ड पर 5.5 ओवर में 92 रन चमकने लगे थे और मैदान पर बैठे बेंगलुरु के समर्थकों को लगने लगा था कि जीत दस ओवरों के भीतर ही मिल जाएगी मगर नूर मोहम्मद के हाथों डुप्लेसी का विकेट गिरने के बाद दूसरे छोर पर विकेटों का पतझड़ शुरु हो गया और अगले पांच विकेट महज 25 रन जोड़ कर पवेलियन लौट गए। दिनेश कार्तिक (21 नाबाद) और स्वप्निल सिंह (15 नाबाद) ने गुजरात के गेंदबाजों को कोई भाव नहीं दिया और बेंगलुरु को एक आसान जीत दिला दी।

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने छठे ओवर तक 19 के स्कोर पर अपने तीन शीर्ष बल्लेबाजों को गवां दिया था। इसके बाद शाहरुख खान और डेविड मिलर ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए (61) जोड़े। शाहरुख ने सर्वाधिक (37), राहुल तेवतिया ने 21 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (35) तथा डेविड मिलर ने और दो छक्कों की मदद से (30) रनों की पारी खेली। इसके बाद राशिद खान (18), विजय शंकर (10) मानव सुथर (1) और मोहित शर्मा (शून्य) पर आउट हुए। बेंगलुरु के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम को 19.3 ओवर में 147 रन पर समेट दिया।

विकेट लेने के बाद जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी। ● एजेंसी

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	10	8	2	16	+0.622
कोलकाता	10	7	3	14	+1.098
लखनऊ	10	6	4	12	+0.094
हैदराबाद	10	6	4	12	+0.072
चेन्नई	10	5	5	10	+0.627
दिल्ली	11	5	6	10	-0.442
बेंगलुरु	11	4	7	8	-0.049
पंजाब	10	4	6	8	-0.062
गुजरात	11	4	7	8	-1.320
मुंबई	11	3	8	6	-0.356

गुजरात 147/10

19.3 ओवर, अतिरिक्त : 7

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रिधिमान साहा का कार्तिक बो सिराज	1	7	0/0
शुभमन गिल का विशाक बो सिराज	2	7	0/0
साइ सुदर्शन का कोहली बो ग्रीन	6	14	0/0
एम शाहरूख खान रन आउट	37	24	5/1
डेविड मिलर का मैक्सवेल बो शर्मा	30	20	3/2
राहुल तेवतिया का विशाक बो दयाल	35	21	5/1
राशिद खान बो दयाल	18	14	2/1
विजय शंकर का सिराज बो विशाक	10	7	2/0
मानव सुतार का स्वप्निल बो विशाक	1	2	0/0
मोहित शर्मा रन आउट	0	1	0/0
नूर अहमद रन आउट	0	0	0/0

गेंदबाजी : स्वप्निल 1-0-1-0, सिराज 4-0-29-2, दयाल 4-0-21-2, ग्रीन 4-0-28-1, विशाक 3.3-0-23-2, शर्मा 3-0-42-1

बेंगलुरु 152/6

13.4 ओवर, अतिरिक्त : 2

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली कैच साहा बोल्ड नूर	42	27	2/4
डुप्लेसी कैच शाहरुख बोल्ड लिटिल	64	23	10/3
विल जैक्स कैच शाहरुख बोल्ड नूर	1	3	0/0
रजत पाटीदार कैच मिलर बोल्ड लिटिल	2	3	0/0
ग्लेन मैक्सवेल कैच मिलर बोल्ड लिटिल	4	3	1/0
कैमरन ग्रीन कैच शाहरुख बोल्ड लिटिल	1	2	0/0
दिनेश कार्तिक नाबाद	21	12	3/0
स्वप्निल सिंह नाबाद	15	9	2/1

गेंदबाजी : मोहित शर्मा 2-0-32-0, जॉश लिटिल 4-0-45-4, मानव सुथर 2-0-26-0, नूर अहमद 4-0-23-2, राशिद खान 1.4-0-25-0

इंग्लैंड की महिला टीम चयन के लिए इस्तेमाल कर रही कृत्रिम मेधा : कोच

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड महिला टीम के मुख्य कोच जॉन लुईस ने खुलासा किया कि वे अंतिम एकादश का चयन करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक मुकाबलों का संबंध है तो उन्हें इस तकनीक ने महत्वपूर्ण फीडबैक मुहैया कराया है और उन्हें एशेज शृंखला जीतने में भी मदद की।

लुईस ने कहा कि उन्हें इस तकनीक के बारे में तब पता चला था जब वह मार्च 2023 में भारत में महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती चरण में यूपी वारियर्स की कोचिंग कर रहे थे। ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार इंग्लैंड रग्बी यूनियन के कोच स्टीव बोर्थविक ने भी कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया था। इंग्लैंड के मुख्य कोच लुईस ने कहा कि एआई प्रणाली से उन्हें पिछले साल महिलाओं की एशेज में दो फॉर्म में चल रही खिलाड़ियों में से एक का चयन करने का फैसला करने में मदद मिली। हमने इस तकनीक का इस्तेमाल पिछले साल एशेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था जो काफी सफल रहा। पिछले साल एक खिलाड़ी का चयन करना था, हमने ऑस्ट्रेलियाई टीम की मजबूती देखी और फिर उसी के अनुसार अपनी टीम को मजबूती दी, अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुनी। यह कारगर रहा, हमारे लिए फायदेमंद रहा।

एथलीटों को प्रतिबंधित दवाओं पर जागरूक कर रहे हैं पूर्व मुक्केबाज अखिल

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज और झज्जर पुलिस में सहायक आयुक्त अखिल कुमार ने झज्जर के जवाहरलाल बाग स्टेडियम में बातचीत में उभरते हुए खिलाड़ियों को सलाह दी कि नशीली दवाओं के खतरे से बचें।

बीजिंग ओलंपिक 2008 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले 43 वर्षीय अखिल ने 2006 में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक था। उन्होंने 100 से ज्यादा खिलाड़ियों से बातचीत की जिसमें मुक्केबाज भी शामिल थे। अखिल ने कहा, बतौर खिलाड़ी और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के पैनल के सदस्य होने के नाते मैं इसके खतरे को समझता हूं। मैंने उन्हें सलाह दी कि इससे कैसे दूर रहें। नियमित रूप से होने वाले मेडिकल चेक-अप के दौरान भी उन्हें डॉक्टर को बताना चाहिए कि वे एथलीट हैं ताकि वे उन्हें प्रतिबंधित दवाई नहीं लिखें।

आई-लीग के चार खिलाड़ी विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में

नई दिल्ली, एजेंसी

● फीफा विश्व कप और एएफसी एशियाई कप के लिए संभावित सूची में शामिल

कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे चरण के मैचों के लिए भारतीय कोच इगोर स्टिमक द्वारा शनिवार को घोषित 26 सदस्यीय संभावित सूची में आई-लीग के चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

मिजोरम के 23 वर्षीय फॉरवर्ड डेविड लालहलानसंगा ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग की आई-लीग जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम इससे शीर्ष स्तर की आईएसएल में जगह बनाने में सफल रही। रीयल कश्मीर के डिफेंडर हम्माद और इंटर काशी के मिडफील्डर एडमंड लालरिंडिका के साथ आइजोल के फॉरवर्ड लालरिंजुआला लालबियाकनिया को भी जगह मिली है। एआईएफएफ ने कहा कि मोहन बागान और मुंबई सिटी एफसी की टीमें आईएसएल फाइनल में भिड़ेगी ऐसे में इन दोनों टीमों से राष्ट्रीय टीम के लिए चुने जाने वाले संभावितों के नाम की घोषणा दूसरी सूची में होगी। भारत 10 मई को भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगा। टीम ग्रुप ए के आखिरी दो मैचों में 6 जून को कोलकाता में कुवैत के खिलाफ खेलने के बाद 11 को दोहा में कतर का सामना करेगी।

एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी

भारतीय मुक्केबाजों ने पक्के किए रिकॉर्ड 43 पदक

अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी

आकाश गोरखा, विश्वनाथ सुरेश, निखिल और प्रीत मलिक ने शनिवार को यहां अंडर-22 पुरुष फाइनल में प्रवेश किया जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के विभिन्न वर्गों में अभूतपूर्व 43 पदक पक्के किये। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन आकाश ने 60 किग्रा वर्ग में दबदबा बनाते हुए सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के इलासोव सयात पर 5-0 से जीत हासिल की।

मौजूदा युवा विश्व चैम्पियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने रिव्यू के बाद फिलीपींस के बारिकुआत्रो ब्रायन पर 5-2 से जीत दर्ज की। निखिल (57 किग्रा) और प्रीत (67 किग्रा) ने भी क्रमशः मंगोलिया के दोर्जानयाम्बु गानबोल्ड और किर्गिस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव को 5-2 के समान अंतर से मात दी। लेकिन एम जादूमणि सिंह (51 किग्रा), अजय (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा), ध्रुव (80 किग्रा), जुगनू (86 किग्रा) और युवराज (92 किग्रा) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य प्रीति (54 किग्रा) सहित नौ महिला मुक्केबाज सेमीफाइनल खेलेंगी। अंडर-22 फाइनल मंगलवार को खेले जाएंगे।

टी-20 विश्व कप में इंपैक्ट प्लेयर नहीं होने से रणनीतिक रूप सोचना पड़ेगा : स्टार्क

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि अगले महीने अमेरिका में टी-20 विश्व कप शुरू होने पर इंडियन प्रीमियर लीग के इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं होने से कप्तानों को अधिक रणनीति के साथ सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा।

इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत टीमों के पास मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की आजादी होती है। इसे पिछले साल लागू किया गया था। जिसके बाद टीमों आसानी से 200 रन के आस-पास स्कोर कर रही हैं। इस गेंदबाज ने कहा, इम्पैक्ट प्लेयर नियम से चीजें काफी हद तक बदल जाती हैं। टीम को एक बल्लेबाज या गेंदबाज अधिक रखने की आजादी मिलती है और इससे बल्लेबाजी में अधिक गहराई आती है। इससे टीम के पास आठवें या नौवें क्रम तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी मौजूद रहते है। स्टार्क ने कहा कि टी-20 विश्व कप में ये नियम नहीं होगा ऐसे में इसका असर स्कोर पर दिखेगा। आपको किसी अतिरिक्त खिलाड़ी के बिना टीम का संतुलन बनाना होगा।

बॉलीवुड हलचल

वेट्टैयन में नजर आयेगी अमिताभ रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी फिल्म वेट्टैयन में नजर आएगी। टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म वेट्टैयन लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई जा रह है। फिल्म वेट्टैयन के मेकर्स लाइका प्रोडक्शनस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। पहली ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत साथ में पोज करते दिखाई दे रहे हैं, तो दूसरी फोटो में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन एक-दूसरे से गले मिलते दिख रहे हैं। तीसरी फोटो में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत बातें करते दिखाई दे रहे हैं, साथ ही प्रोडक्शन हाउस ने एक कैप्शन भी लिखा है, द टाइट्नस ऑफ इंडियन

सिनेमा सुपरस्टार रजनीकांत और शंहशाह अमिताभ बच्चन मुंबई में वेट्टैयन के सेट पर। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने अंतिम बार वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म हम में काम किया था। इससे पहले दोनों कलाकार फिल्म अंधा कानून (1983) और गिरफ्तार (1985) में स्क्रीन शेयर कर चुके हैं।

फरवरी में शुरू होगी डॉन 3 की शूटिंग



मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 की शूटिंग फरवरी 2025 में शुरू हो सकती है। फरहान अख्तर अपनी सुपरहिट फिल्म डॉन का तीसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म डॉन की फ्रेंचाइजी है। पहली डॉन में शाहरुख के साथ प्रियंका चोपड़ा नजर आई थीं। इसके बाद वर्ष 2011 में प्रदर्शित डॉन के सीक्वल में भी शाहरूख खान और प्रियंका चोपड़ा की जोड़ी नजर आई। अब डॉन 3 आ रही है, जिसमें रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की अहम भूमिका है। कहा जा रहा है कि डॉन 3 की शूटिंग अगले साल फरवरी महीने में शुरू होगी। रणवीर सिंह इस फिल्म की शूटिंग से पहले अपनी अपकमिंग फिल्म राक्षस की शूटिंग पूरी करेंगे। फरहान अख्तर डॉन 3 की लोकेशन के सिलसिले में लंदन में हैं।

जुलाई-अगस्त में अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे शाहरुख

मुंबई। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान जुलाई-अगस्त में अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे। शाहरुख खान ने पिछले साल पठान और जवान और डंकी जैसी कामयाब फिल्मों में काम किया था। शाहरूख खान ने बताया कि वह जुलाई या अगस्त से अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। शाहरुख खान ने कहा मुझे महसूस हुआ कि मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। तीन फिल्में पठान, जवान और डंकी कर चुका हूं, इसमें काफी मेहनत लगती है। ऐसे में मैंने सोचा कि अब मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। मैंने अपनी आइपीएल टीम से भी कहा था कि मैं सभी मैचों में आऊंगा। मेरी शूटिंग अब अगस्त में है या जुलाई में है ऐसे में मैं इन दिनों एकदम फ्री हूं और अपनी आइपीएल टीम को सपोर्ट करने के लिए हर मैच के दौरान मौजूद रह सकता हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

डिजिटल अपराधों की जद में बच्चे: सीजेआई

- चंद्रचूड़ बोले- प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें

काठमांडू, एजेंसी

शनिवार को नेपाल में किशोर न्याय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में चर्चा करते सीजेआई चंद्रचूड़।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तीन दिवसीय नेपाल की यात्रा पर हैं। नेपाली मुख्य न्यायाधीश बिश्वोम्भर प्रसाद श्रेष्ठ ने उन्हें आमंत्रित किया है। नेपाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकियों का तेजी से विकास हो रहा है। इससे नाबालिगों से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय डिजिटल अपराधों में भी तेजी आ रही है। इससे निपटने के लिए किशोर न्याय प्रणालियों को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना होगा।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, किशोर न्याय पर चर्चा करते वक्त हमें कानूनी विवादों में फंसे बच्चों की कमजोरियों और जरूरतों को समझना होगा। किशोर न्याय की प्रकृति और समाज के आयामों के संबंधों को समझना महत्वपूर्ण है।' उन्होंने आगे कहा, 'प्रौद्योगिकी का तेजी से विकास हो रहा है। किशोर हैकिंग, साइबरबुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल उत्पीड़न सहित अन्य साइबर अपराधों में शामिल हो रहे हैं।

डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुरक्षा और आसान प्रवेश प्रकृति के कारण युवा अवैध गतिविधियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। भारत और नेपाल के किशोर न्याय प्रणालियों का विश्लेषण करते हुए कहा न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, 'रोकथाम, हस्तक्षेप और पुनर्वास की रणनीतियों से हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं जो अधिक समावेशी हो। इसमें हम प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता दिखाने के लिए पूरा अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा, ' निष्पक्ष और न्यायसंगत समाज को आकार देने में किशोर न्याय महत्वपूर्ण भूमिक निभाता है।

पाकिस्तानी हिंदुओं ने हरिद्वार के शदाणी दरबार में टेका मत्था

हरिद्वार। आस्था और धर्म किसी सरहदों को नहीं बांटता और इसका उदाहरण है हरिद्वार में आए पाकिस्तानी हिंदुओं का जत्था जिनके लिए हरिद्वार आज भी विशेष महत्व रखता है।

इस लिए हर वर्ष पाकिस्तानी हिन्दुओ के कई जत्थों ने पहुंचकर शदाणी दरबार मे अपनी अरदास पूरी कर मत्था टेकते हैं। इस बार भी 223 से ज्यादा पाकिस्तानी हिन्दू पहुंचे हैं। हरिद्वार पहुंचते ही इन लोगो की खुशी देखते ही बनती है। धर्म नगरी हरिद्वार पहुंचने से पहले अयोध्या पहुंचकर भगवान श्रीराम के दर्शन किए और वहां पर दोनों देशों में अमन चैन बना रहे इसकी प्रार्थना की वहीं धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचने पर हरिद्वार के स्थानीय लोगों ने इनको माला पहनकर सभी का स्वागत भी किया।

35 हजार करोड़ का मसाला निर्यात गुणवत्ता मापने के लिए सिर्फ 9 लैब

अमेरिका, हांगकांग और सिंगापुर समेत कम से कम पांच देशों ने भारतीय मसालों की जांच कराने की घोषणा की है। शिकायत है कि मसालों में जहरीले केमिकल एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा स्वीकृत सीमा से ज्यादा है। एथिलीन ऑक्साइड को मसालों में फूड स्टेबलाइजर के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।

गुणवत्ता की चिंता जरूरी

भारत ने पिछले साल लगभग 35 हजार करोड़ रु. के मसालों का निर्यात किया। इसकी देश के कृषि निर्यात में लगभग 10% हिस्सेदारी है। कारोबार बनाए रखने के लिए गुणवत्ता बेहद जरूरी है। लेकिन, मसालों की गुणवत्ता मापने के लिए देशभर में सिर्फ 9 लैब है।

2022-23 में 32 हजार करोड़ के मसाले हुए निर्यात : वित्त वर्ष 2022-23 में भारत ने करीब 32,000 करोड़ रुपए के मसालों का एक्सपोर्ट किया। मिर्च, जीरा, हल्दी, करी पाउडर और इलायची एक्सपोर्ट किए जाने वाले प्रमुख मसाले हैं।

कीटनाशक है एथिलीन ऑक्साइड, इससे कैंसर का खतरा

स्पाइस बोर्ड एथिलीन ऑक्साइड को 10.7 सेल्सियस से ऊपर के तापमान पर ज्वलनशील, रंगहीन गैस के रूप में परिभाषित करता है। यह कीटाणुनाशक, स्टरलाइजिंग एजेंट और कीटनाशक के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल चिकित्सा उपकरणों को स्टरलाइज करने और मसालों में माइक्रोबियल कंटेमिनेशन को कम करने के लिए किया जाता है। यानी यह निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि यह मनुष्यों में कैंसर का कारण बन सकता है।

शुरू किया परीक्षण

स्पाइस बोर्ड ऑफ इंडिया ने निर्यात किए जाने वाले उत्पादों का अनिवार्य परीक्षण शुरू कर दिया है। उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड के सही इस्तेमाल के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। एथिलीन ऑक्साइड के अलावा वैकल्पिक तरीके खोजने के लिए भी मानदंड निर्धारित किए गए।

वापस करने का मुख्य कारण साल्मोनेला

अमेरिका के एफडीए की रिपोर्ट के अनुसार कम से कम 30 उत्पाद साल्मोनेला, एक जहरीले व हानिकारक पदार्थ के कारण अस्वीकार किए गए। कम से कम 11 उत्पादों को गलत ब्रांडिंग, छेड़छाड़, आर्टिफिशियल कलर या गलत लेबलिंग के कारण अस्वीकार किया गया।

भारत से कौन खरीदता है सबसे ज्यादा मसाले

(आंकड़ा करोड़ रुपये में)

चीन	6,391.64
अमेरिका	4,467.39
बांग्लादेश	2,076.64
यूएई	1,945.98
थाईलैंड	1,498.08
मलेशिया	1,205.60
इंडोनेशिया	1,199.12
ब्रिटेन	932.65
श्रीलंका	868.50
सऊदी अरब	747.89

एक नजर

मध्य प्रदेश के दतिया में बस पलटने से 28 पुलिसकर्मी घायल

दतिया। मध्य प्रदेश के दतिया जिले में शनिवार को पुलिसकर्मियों को ले जा रही एक बस के पलट गई, जिसमें सवार 28 पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस की 29वीं बटालियन के जवान भांडेर में मुख्यमंत्री मोहन यादव की चुनावी रैली से लौट रहे थे, रास्ते एक टैक्सी को बचान के चक्कर में बस पलट गई। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि घायल जवानों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

करीना कपूर खान को यूनिसेफ का राष्ट्रीय दूत नियुक्त किया

नई दिल्ली। यूनिसेफ (भारत) ने शनिवार को बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान को अपना नया राष्ट्रीय दूत नियुक्ति किया है। वह वर्ष 2014 से संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की भारत इकाई से जुड़ीं हुई थीं। करीना प्रत्येक बच्चे के विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और लैंगिक समानता के अधिकार को आगे बढ़ाने में गैर-लाभकारी संगठन का समर्थन करेंगी। करीना ने कहा, इस दुनिया की भावी पीढ़ी के अधिकारों जितनी महत्वपूर्ण कोई अन्य चीज नहीं है। अब भारत के राष्ट्रीय दूत के रूप में यूनिसेफ के साथ अपना जुड़ाव जारी रखना मेरे लिए सम्मान की बात है।

पंजाब में सीमा के पास ड्रोन और हेरोइन के दो पैकेट बरामद

चंडीगढ़। पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास तीन अलग-अलग घटनाओं में एक ड्रोन और हेरोइन के दो पैकेट बरामद किए गए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने कहा कि शुक्रवार को तरनतारन जिले के कालिया गांव में एक खेत से टूटी हालत में ड्रोन बरामद किया गया। ड्रोन चीन निर्मित डीजेआई मविक-3 क्लासिक है। वहीं, एक अन्य घटना में बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर के हरदो रतन गांव के पास एक खेत से 460 ग्राम हेरोइन का पैकेट बरामद किया है। प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को तरनतारन जिले के गांव सांकतरा के पास भी एक खेत में एक पैकेट मिला जिसमें 406 ग्राम हेरोइन थी।

म्यांमार में स्कूल परिसर पर हमला, 2 की मौत, 15 घायल

यांगून। पश्चिमी म्यांमार के रखाइन राज्य में शनिवार को हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। परिषद की सूचना टीम के अनुसार, अराकान सेना (एए) ने बुथिदौंग टाउनशिप के हाई स्कूल परिसर में भीषण हमला किया। रिपोर्ट के अनुसार, हताहतों में आंतरिक रूप से विस्थापित लोग शामिल हैं, जिन्होंने स्कूल परिसर में शरण ली थी, स्थानीय निवासी भी शामिल हैं। घायलों में एक से पांच साल की उम्र के चार बच्चे शामिल हैं। बचाव संगठनों ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी सैन्य अस्पताल भर्ती कराया है। रिपोर्ट के अनुसार, हताहतों की संख्या में वृद्धि हो सकती है।

भारत की पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा : कंबोज

यूएन में स्थायी प्रतिनिधि बोलीं-31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख महिलाएं

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ा है। कंबोज ने कहा कि भारत में ग्रामीण इलाकों में प्रशासन के लिए बनी पंचायती राज व्यवस्था पर भारत गर्व कर सकता है और इससे जमीनी स्तर पर सत्ता का विकेंद्रीकरण हुआ है। साथ ही उन्होंने भारत में लैंगिक समानता की दिशा में किए जा रहे कामों बारे में बताया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन, जनसंख्या आयोग के 57वें सत्र में बोलते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत में जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। कंबोज ने कहा कि पंचायती राज सीधे लोकतंत्र का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें एक ग्राम सभा की पंचायत में सभी निवासियों की भागीदारी होती है। इससे सत्ता का विकेंद्रीकरण होता है।

कार्यक्रम में राजस्थान से पंचायत महिला नेता नीरू यादव, आंध्र प्रदेश से कुनुकु हेमा कुमारी और त्रिपुरा से सुप्रिया दास दत्ता ने महिला सशक्तीकरण, शिक्षा और जलवायु परिवर्तन की दिशा में अपने प्रयासों पर प्रकाश डाला और अपने अनुभव साझा किए। कंबोज ने कहा, दुनिया में पाए जाने वाले पारंपरिक नगरपालिका प्रशासन मॉडल से अलग है और पंचायती राज व्यवस्था से समावेशी निर्णय लेने की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है। भारत की लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता को बताते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि 1992 में संविधान संशोधन के साथ एक अहम मील का पत्थर हासिल किया गया, जिसके तहत स्थानीय शासन में कम से कम एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गईं। जमीनी स्तर पर फैसले लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम था। कंबोज ने बताया कि आज भारत में निर्वाचित कुल 31 लाख जनप्रतिनिधियों में से 14 लाख से अधिक महिलाएं हैं। यह व्यापक सामाजिक बदलाव को दर्शाता है। कंबोज ने स्वीकार किया कि नेतृत्व में महिलाओं के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं, मजबूत क्षमता निर्माण और सहयोग देने की जरूरत है।

जनसंख्या आयोग के 57वें सत्र के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज, राजस्थान की नीरू यादव, आंध्र प्रदेश से कुनुकु हेमा कुमारी और त्रिपुरा की सुप्रिया दास दत्ता मौजूद रहीं।

चुनाव देखने भारत आए 23 देशों के पर्यवेक्षक

नई दिल्ली, एजेंसी

देशभर में चल रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आएंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि दुनियाभर के 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से जुड़े 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं। यह लोग चुनाव प्रणाली की बारीकियों को जानेंगे। आयोग का कहना है कि ये प्रतिनिधि एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसमें अन्य देशों से आए लोगों को भारत की चुनाव प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराया जाता है।

आयोग ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) आयोजित करके अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना जारी रख रहा है। ईसीआई ने कहा कि यह कार्यक्रम 4 मई से शुरू हो रहा है, जिसका उद्देश्य विदेशी ईएमबी को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा उपयोग की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराया जाता है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू 5 मई को प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे।

इन देशों से आए प्रतिनिधि

चुनाव आयोग ने बताया कि भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया जैसे 23 देशों के विभिन्न ईएमबी और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं।

अच्छे-बुरे आतंकवाद में नहीं हो सकता अंतर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई निदेशक बोले वैश्विक सुरक्षा के लिए ऑनलाइन कट्टरपंथ बड़ी चुनौती

भारत ने कहा है कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती है। साथ ही इस बात पर जोर दिया है कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद में अंतर नहीं किया जा सकता है।

फ्रांस के ल्योन में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो के प्रमुखों के हाल ही में संपन्न 19वें इंटरपोल सम्मेलन में सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने सम्मेलन में संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच साठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों का जिक्र किया। सूद ने कहा, ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की और कहा कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता। सीबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, इंटरपोल सम्मेलन में 136 देशों के नेशनल सेंट्रल ब्यूरो ने भाग लिया। प्रत्येक देश में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (एनसीबी) इंटरपोल के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है।

शांति की मांग

नई दिल्ली : कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हुई जातीय हिंसा को लेकर मणिपुर की यूएनएयू आदिवासी महिलाओं व लोगों ने नई दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि, राज्य में शांति बहाल की जाए। उल्लेखनीय है कि मैतेई समुदाय की मांग है कि उन्हें भी जनजाति का दर्जा दिया जाए। ● एजेंसी

कनाडा की राजनीति को प्रभावित कर रहा भारत

- कनाडा की सरकारी जांच रिपोर्ट को भारत ने आधारहीन बताकर किया खारिज

ओटावा, एजेंसी

कनाडा में मौजूद विदेशी एजेंट सहित भारतीय अधिकारी ऐसी कई गतिविधियों में शामिल हैं जिनका मकसद देश में खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर चिंताओं पर नई दिल्ली के हितों की पूर्ति के लिए कनाडाई समुदाय और राजनीतिक नेताओं को प्रभावित करना है।

यह निष्कर्ष कनाडा की एक सरकारी जांच में सामने आया है। भारत ने इस रिपोर्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसे आधारहीन बताकर खारिज कर दिया है। कमिश्नर मैरी-जोसी हग के नेतृत्व में हुई जांच की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार ऐसे साक्ष्य मिले हैं जिनसे पता चलता है कि 2019 और 2021 में हुए संघीय चुनावों को प्रभावित करने की भारत ने कोशिश की, लेकिन चुनाव परिणाम बताते हैं कि मतदाताओं पर उन कोशिशों का विशेष असर नहीं हुआ। भारत ने हस्तक्षेप को लेकर आरोप का खंडन किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि कनाडा इस तरह के आधारहीन आरोप लगाकर भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप वाली अपनी हरकतों पर पर्दा डालना चाहता है। किसी अन्य देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में किसी तरह का हस्तक्षेप न करने की भारत की नीति सुस्पष्ट है। शुक्रवार को सार्वजनिक हुई जांच रिपोर्ट में भारत के बारे में कहा गया है कि भारतीय अधिकारी, खासतौर पर प्रवासी भारतीय ऐसी गतिविधियों में लगातार संलग्न रहते हैं जिनसे कनाडा के मूल निवासी और राजनीतिक लोग उनसे प्रभावित हों।

कनाडा में घटनाओं की वजह आंतरिक राजनीतिः जयशंकर

भुवनेश्वर। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर कनाडा में जो कुछ भी हो रहा है वह ज्यादातर वहां की आंतरिक राजनीति के कारण है और इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है। जयशंकर ने बोले- वैश्विक स्तर पर भारत की छवि पहले की तुलना में बेहतर है और कनाडा एक अपवाद है। उन्होंने कहा कि खालिस्तान समर्थकों का एक वर्ग कनाडा के लोकतंत्र का इस्तेमाल कर रहा है। विदेश मंत्री ने कहा हमने उनसे कई बार कहा कि ऐसे लोगों को वीजा न नहीं दें जिससे दोनों देशों के संबंधों में तनाव आए, लेकिन कनाडा ने कुछ नहीं किया।

अमेरिकाः फिलिस्तीन समर्थित प्रदर्शन में दिखे कश्मीरी झंडे

वाशिंगटन। फिलिस्तीन के समर्थन में इन दिनों अमेरिका के विभिन्न विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे ही प्रदर्शन के दौरान न्यूजर्सी स्थित रटगर्स विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों ने फिलिस्तीन और कुर्द झंडों के साथ ही कश्मीर के अलगाववादी झंडे भी लहराए।

इस पर भारतीय अमेरिकी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की है। भारतीय अमेरिकी समूहों ने रटगर्स विश्वविद्यालय के चांसलर द्वारा कश्मीरी झंडे लहराने की अनुमति देने की आलोचना की और कहा कि इससे गलत संदेश जाएगा। विवि में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे समूह ने बताया कि रटगर्स विवि प्रशासन ने उनकी 10 में से आठ मांगें मान ली हैं।

सत्ता से बातचीत के लिए तैयार लेकिन सौदे के लिए नहीं : इमरान

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पूर्व पीएम की जनादेश चुराने वाले लोगों को दो टूक

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान लंबे समय से जेल में बंद हैं। इस बीच, उन्होंने कहा कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन उनका जनादेश चुराने वाले लोगों के साथ वे सौदा नहीं करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अदियाला जेल में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बातचीत केवल विरोधियों के साथ ही की जाती है। इसलिए बात उनके साथ ही होनी चाहिए, जो पीटीआई के सबसे बड़े विरोधी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इमरान ने कहा कि वे 18 महीने से कह रहे हैं कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन समझौता करने के लिए नहीं। खान ने साफ किया कि उनकी पार्टी तीन पक्षों को छोड़कर सभी के साथ बातचीत करेगी। पूर्व पीएम नवाज शरीफ का नाम लिए बिना उन्होंने कहा,'सौदा वे करते हैं, जो देश छोड़ना चाहते हैं या जेल से बचना चाहते हैं।' खान ने कहा कि मैंने तीन लोगों को बातचीत के लिए नामित किया है। नामित लोगों में खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर, नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब और सीनेट में विपक्ष के नेता शिबली फराज हैं। बता दें, खान तोशाखाना मामले में अदियाला जेल में बंद हैं।

ताइवान की सीमा में घुसे चीनी सैन्य विमान, बढ़ाई सुरक्षा

ताइपे। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने शनिवार को कहा कि नौ चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसैनिक जहाजों को देश के चारों ओर घूमते हुए पाया गया।

ताइवान के एमएनडी बयान के अनुसार, चीनी कार्रवाई के जवाब में ताइवान ने स्थिति की निगरानी की और लड़ाकू गश्ती विमान, नौसैनिक जहाजों और तटीय मिसाइल प्रणालियों को तैनात किया।

एक्स पर किए गए पोस्ट में ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा, ताइवान के आसपास सक्रिय 9-पीएलए विमान और 5 जहाजों का पता चला। ताइवान की सेना ने स्थिति की निगरानी की है और आवश्यकता के अनुसार प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले गुरुवार और शुक्रवार को देश के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसैनिक जहाजों को देखा गया था।

अविष्कार आईसीआरएनेट द्वारा आयोजित कार्यशाला में हुआ खुलासा, नवीन तकनीक से बरसों की खोज महीनों में होगी पूरी

अब होगी खगोल विज्ञान के नए युग की शुरुआत

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : खोज की दुनिया में अत्याधुनिक उपकरणों के जरिए खगोल विज्ञान नए युग की शुरुआत करने जा रहा है। नवीन तकनीक से खगोलविद सालों की खोज महीनों में पूरी कर सकेंगे।

अध्ययन इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स नेटवर्क (आईसीआरएनेट) द्वारा आयोजित खगोल वैज्ञानिको की कार्यशाला में यह तथ्य उभरकर सामने आया। ब्रह्मांड को समझ पाना कतई आसान नही है। आधुनिक खगोल विज्ञान की शुरुआत करीब 4 सौ साल पहले हुई। तब से अभी तक दर्जनों प्रकार की दूरबीनें ईजाद की जा चुकी हैं, जो जमीन से लेकर आसमान तक लाखों किमी दूर स्थापित की गई हैं। इन दूरबीनों से वैज्ञानिक सुदूर अंतरिक्ष में देख पाने की क्षमता हासिल कर चुके हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि डेटा प्रोसेसिंग के उपकरणों को ईजाद करने में पिछले कुछ वर्षों में बड़ी कामयाबी हासिल की है। खोज की दिशा में डेटा प्रोसेसिंग महत्वपूर्ण कार्य है। नवीन तकनीक में मशीन लर्निंग अत्याधुनिक तकनीक है। इसके जरिए जमीन-आधारित और अंतरिक्ष-आधारित दूरबीनों के निर्माण और नियंत्रण से लेकर संपूर्ण खगोलीय अनुसंधान प्रक्रिया की एकीकृत किया गया है। जिसमें प्रकाशिकी प्रणालियों के प्रदर्शन को अनुकूलित करना, उपग्रहों की विशिष्ट क्रियाओं (ट्रिगर) की शुरुआत में सुधार करना, डेटा विश्लेषण, शोर में कमी, डेटा प्रतिरूपण, वर्गीकरण, सिमुलेशन, सैद्धांतिक मॉडल की स्थापना और सत्यापन शामिल है।

नई तकनीक गुरुत्वाकर्षण का परीक्षण, न्यूट्रॉन की स्थिति व तारों की सटीक जानकारी हासिल की जा सकती है। इसी क्रम मे जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर (जीपीटी) मॉडल का प्रयोग बेहद उपयोगी साबित हुआ है, जो बाहरी ग्रहों की खोज व उनकी विस्तृत जानकारी देता है। इस कॉन्फ्रेंस में दुनियाभर के अनेक वैज्ञानिक संगठन शामिल हुए। जिसमें ये बात निकलकर सामने आई कि नई तकनीकों से खोज की दिशा बेहद आसान होगी और एक नए युग की शुरुआत होगी।

नई तकनीक के जरिये क्वेज़ार की तस्वीर।

दुनिया के अनेक देशों के वैज्ञानिक हुए शामिल

कॉन्फ्रेंस में अध्ययन इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स नेटवर्क (आईसीआरएनेट) के अलावा इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिलेटिविस्टिक एस्ट्रोफिजिक्स (आईसीआरए), नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स (आईएनएएफ), विज्ञान विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय संघ, चीनी विज्ञान अकादमी उच्च ऊर्जा भौतिकी संस्थान (सीएएस-आईएचईपी), पडोवा विश्वविद्यालय, इस्फ़हान प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और फेरेरा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक शामिल हुए। इस मौके पर नई तकनीक पर आधारित शोधपत्र क्या एआई हमारे ब्रह्मांड को समझ सकता है? एस्ट्रोफिजिकल डेटा द्वारा फाइन-ट्यूनिंग जीपीटी का परीक्षण प्रस्तुत किया गया।